राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार, 16 जनवरी 2026
वर्ष 07, अंक 107, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप, विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी....03

ग्राम पंचायत करकटी में भ्रष्टाचार जम कर....12

# कच्चे काजू आयात मामले में ED का एक्शन, अनीश बाबू गिरफ्तार, जानें कारोबारियों से कैसे ठगे 24.76 करोड़

**● प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने काजू कारोबारियों से करोड़ों रुपये की ठगी के मामले में मुख्य आरोपी अनीश बाबू को गिरफ्तार किया है. आरोप है कि अनीश बाबू ने तंजानिया और अफ्रीकी देशों से कच्चे काजू के आयात का झांसा देकर कई कारोबारियों से बड़ी रकम वसूली थी**




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने काजू कारोबारियों से करोड़ों रुपये की ठगी के मामले में बड़ा एक्शन लिया है. ईडी ने इस मामले के मुख्य आरोपी अनीश बाबू को गिरफ्तार किया है. ईडी के कोच्चि जोनल ऑफिस ने 35 वर्षीय अनीश बाबू, निवासी कोल्लम, को 14 जनवरी को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में पीएमएलए कानून के तहत गिरफ्तार किया है।

ईडी ने यह जांच केरल पुलिस और क्राइम ब्रांच, कोल्लम में दर्ज कई FIR के आधार पर शुरू की थी. आरोप है कि अनीश बाबू ने तंजानिया और अफ्रीकी देशों से कच्चे काजू के आयात का झांसा देकर कई काजू कारोबारियों से बड़ी रकम वसूली थी. इसके लिए उसने अपनी कंपनियों M/s बाय साउदर्न ट्रेड लिमिटेड (तंजानिया), मेसर्स प्रेज़ एक्सपोर्ट्स एफजेडई (शारजाह) और M/s वाझविला काजू (कोल्लम) का इस्तेमाल किया. जांच में सामने आया है कि अनीश बाबू ने अलग-अलग कारोबारियों से करीब 24.76 करोड़ रुपये एडवांस के रूप में लिए, लेकिन न तो काजू की आपूर्ति की गई और न ही पैसे लौटाए गए।

**सेशंस कोर्ट, HC और SC से जमानत याचिकाएं हो चुकी खारिज**

आरोप है कि पीड़ितों को गुमराह करने के लिए फर्जी बिल ऑफ लेडिंग, नकली SWIFT मैसेज और चेक तक दिए गए. ईडी अधिकारियों का कहना है कि ठगी से हासिल रकम को इधर-उधर घुमाकर छिपाया गया और उसका एक हिस्सा विदेश में रखा गया, जो मनी लॉन्ड्रिंग की श्रेणी में आता है. वर्ष 2021 से अनीश बाबू को कई बार समन जारी किए गए, लेकिन वह लगातार जांच से बचता रहा. केवल 3 जनवरी 2025 को वह एक बार पेश हुआ था. जरूरी दस्तावेज भी उसने उपलब्ध नहीं कराए. उसकी अग्रिम जमानत याचिकाएं सेशंस कोर्ट, केरल हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो चुकी हैं।

**ईडी ने क्यों किया गिरफ्तार?**

14 जनवरी ईडी कार्यालय में पूछताछ के दौरान भी उसने टालमटोल वाले जवाब दिए और पैसों के इस्तेमाल व विदेश भेजी गई रकम की स्पष्ट जानकारी नहीं दी. सबूतों से छेड़छाड़ और गवाहों को प्रभावित करने की आशंका को देखते हुए ईडी ने उसे गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी के बाद 15 जनवरी यानी गुरुवार को अनीश बाबू को पीएमएलए की विशेष अदालत, एर्नाकुलम में पेश किया गया, जहां अदालत ने उसे 19 जनवरी 2026 तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**अन्य लोगों की भूमिका की भी हो रही जांच**

इससे पहले केरल हाईकोर्ट ने भी कहा था कि पैसों की पूरी कड़ी, खासकर विदेश में भेजी गई रकम का पता लगाने के लिए उसकी कस्टोडियल पूछताछ जरूरी है. इस पूरे केस को लेकर ED का कहना है कि मामले में अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े पूरे नेटवर्क का खुलासा करने के लिए आगे की जांच जारी है।

# चीनी वीजा स्कैम: CBI के फैसले को कार्ति चिदंबरम ने दी चुनौती, दिल्ली HC में सुनवाई न होने पर क्या कहा?

**● कांग्रेस सांसद कार्ति पी. चिंदबरम ने चीनी वीजा स्कैम केस में अपने खिलाफ आरोप तय होने के बाद दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. कार्ति चिंदबरम ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री और दस्तावेजों को एक तरह से दरकिनार किया गया है**




कांग्रेस सांसद कार्ति पी. चिंदबरम ने चीनी वीजा स्कैम केस में अपने खिलाफ आरोप तय होने के बाद दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. मामला पर जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की कोर्ट में सुनवाई होनी थी लेकिन सुनवाई 19 जनवरी तक के लिए टाल दी गई। दरअसल कार्ति चिदंबरम ने 23 दिसंबर, 2025 के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है. स्पेशल छ्व्ब्ढ्ढ जज ने इस मामले में कांग्रेस नेता और 7 अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए थे. जबकि मामले में चेतन श्रीवास्तव नाम के एक आरोपी को बरी कर दिया गया था. कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की, जिसमें उन्होंने चीनी वीजा घोटाले के मामले में भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप तय करने के फैसले को चुनौती दी है।

**कार्ति चिदंबरम ने क्या-क्या कहा?**

दिल्ली हाई कोर्ट में दायर अपनी याचिका में शिवगंगा से लोकसभा सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री और दस्तावेजों को एक तरह से दरकिनार किया गया है. जो सबूत और गवाह पेश किए गए, उन्हें भी ठीक से नहीं सुना गया. उन्होंने कहा कि अगर इन सभी को ठीक से सुना जाता तो उन पर कोई आरोप तय नहीं होते. सीबीआई द्वारा रिश्वत और साजिश के जो आरोप लगाए गए हैं उसका भी कोई आधा नहीं है।

**काम के बदले 50 लाख रुपये मांगने का आरोप गलत**

कार्ति ने आगे कहा कि आरोपी द्वारा रुपये या किसी और चीज की मांग, उसका भुगतान और आरोपी द्वारा स्वीकृति का सबूत होना चाहिए. ट्रायल कोर्ट ने गलत तरीके से यह टिप्पणी की है कि उन्होंने काम के बदले 50 लाख रुपये की मांग की थी। सांसद कार्ति चिदंबरम का दावा है कि कोई मांग किए जाने का न तो आरोप है और न ही कोई सबूत अभी तक सामने लाए गए हैं।

**क्या है पूरा मामला?**

अक्टूबर 2024 में सीबीआई ने कार्ति चिदंबरम और अन्य लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी, जो 2011 में उनके पिता पी. चिदंबरम के केंद्रीय गृह मंत्री रहते हुए एक पावर कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के लिए चीनी नागरिकों के वीजा में कथित रिश्वत के मामले से जुड़ी थी. 23 दिसंबर 2025 को एक ट्रायल कोर्ट ने कार्ति चिदंबरम और छह अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार के आरोप तय करने का आदेश दिया था।

**सहयोगियों के जरिए रिश्वत लेने का आरोप**

सीबीआई की एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि टीएसपीएल के एक कार्यकारी ने कार्ति चिदंबरम से उनके नजदीकी सहयोगी एस. भास्कररमण के माध्यम से संपर्क किया था. चार्जशीट में कार्ति चिदंबरम के अलावा उनके कथित नजदीकी सहयोगी और चार्टर्ड अकाउंटेंट एस. भास्कररमण, वेदांता की सहायक कंपनी टीएसपीएल और मुंबई स्थित बेल टूल्स को नामित किया गया है, जिसके माध्यम से कथित तौर पर रिश्वत दी गई थी

## संक्षिप्त ख़बरें

### बलिया में पॉक्सो एक्ट का दोषी करार, नाबालिग से अप्राकृतिक दुष्कर्म मामले में 25 साल की सजा




**बलिया।** जनपद की पॉक्सो अदालत ने नाबालिग से अप्राकृतिक दुष्कर्म के एक मामले में कड़ा फैसला सुनाया है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या-8 ने अभियुक्त अजय पासवान उर्फ गुड़मुड़िया को दोषी करार देते हुए 25 वर्ष के सश्रम कारावास और कुल 29 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अदालत ने अभियुक्त अजय पासवान उर्फ गुड़मुड़िया, निवासी वार्ड संख्या-12, कस्बा सहतवार, थाना सहतवार, जनपद बलिया को धारा 6 पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी पाया। इस धारा में उसे 25 वर्ष का सश्रम कारावास और 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को 6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।

इसके अलावा, धारा 323 भादवि में 1 वर्ष का सश्रम कारावास और 1 हजार रुपये का अर्थदंड, धारा 504 भादवि में 1 वर्ष का सश्रम कारावास और 1 हजार रुपये का अर्थदंड तथा धारा 506 भादवि में 2 वर्ष का सश्रम कारावास और 2 हजार रुपये का अर्थदंड भी सुनाया गया है। सभी अर्थदंड न चुकाने की स्थिति में अलग-अलग अवधि का अतिरिक्त कारावास निर्धारित किया गया है। यह मामला 12 अक्टूबर 2023 का है, जब अभियुक्त द्वारा वादी के नाबालिग पुत्र के साथ मारपीट कर अप्राकृतिक दुष्कर्म किया गया और जान से मारने की धमकी दी गई थी। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर थाना सहतवार में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू की गई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। यह सजा उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कनविक्शन' के तहत प्रभावी मॉनिटरिंग और अभियोजन विभाग की सशक्त पैरवी का परिणाम मानी जा रही है। मामले में बलिया पुलिस के मॉनिटरिंग सेल और अभियोजन विभाग की भूमिका सराहनीय रही। अदालत के इस फैसले को नाबालिगों के विरुद्ध अपराधों पर सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

# अमेरिका में 'पनीर विवाद' बना नस्लीय विवाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
सचिन बाजपेई




अमेरिका की प्रतिष्ठित कोलोराडो यूनिवर्सिटी में भारतीय भोजन पनीर को लेकर उठा विवाद अब अंतरराष्ट्रीय चर्चा का विषय बन गया है। यह मामला एक साधारण से खाने को गर्म करने की घटना से शुरू हुआ, जो बाद में नस्लीय और सांस्कृतिक भेदभाव के गंभीर आरोपों तक पहुंच गया। घटना वर्ष 2023 की है, जब यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे दो भारतीय पीएचडी छात्र विभागीय माइक्रोवेव में पालक पनीर गर्म कर रहे थे। आरोप है कि यूनिवर्सिटी के एक कर्मचारी ने खाने की 'तेज गंध' को लेकर आपत्ति जताई और माइक्रोवेव के उपयोग से रोक दिया। छात्रों का कहना है कि यह टिप्पणी सिर्फ भोजन तक सीमित नहीं थी, बल्कि भारतीय संस्कृति और खानपान को लेकर अपमानजनक थी।

छात्रों का आरोप है कि इस घटना के बाद उनके साथ लगातार भेदभाव किया गया। उन्हें अकादमिक दबाव, मानसिक प्रताड़ना और प्रशासनिक कार्रवाई का सामना करना पड़ा। एक छात्र की टीचिंग असिस्टेंटशिप समाप्त कर दी गई, जबकि दूसरे की डिग्री प्रक्रिया को रोक दिया गया। इससे आहत होकर दोनों छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ नागरिक अधिकारों के उल्लंघन का मुकदमा दायर किया। मामला अमेरिकी अदालत तक पहुंचा, जहां लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद वर्ष 2025 में समझौता हुआ। समझौते के तहत कोलोराडो यूनिवर्सिटी ने दोनों छात्रों को कुल 2 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 1.8 करोड़ रुपये) का मुआवजा देने पर सहमति जताई। साथ ही, उनकी लंबित डिग्रियां भी प्रदान की गईं। हालांकि, यूनिवर्सिटी ने किसी भी प्रकार के भेदभाव के आरोपों को औपचारिक रूप से स्वीकार नहीं किया। इस पूरे प्रकरण ने अमेरिका में पढ़ रहे अंतरराष्ट्रीय छात्रों, विशेषकर भारतीय छात्रों, के बीच चिंता बढ़ा दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह विवाद केवल पनीर या भोजन का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक स्वीकार्यता और विविधता के सम्मान का सवाल है। भारतीय समुदाय और मानवाधिकार संगठनों ने इस मामले को चेतावनी के रूप में देखा है और विदेशी विश्वविद्यालयों से अंतरराष्ट्रीय छात्रों के प्रति अधिक संवेदनशील और समावेशी रवैया अपनाने की मांग की है। यह 'पनीर विवाद' अब एक उदाहरण बन गया है कि कैसे छोटी-सी घटना भी, यदि उसमें सम्मान और समानता का अभाव हो, तो वैश्विक बहस का कारण बन सकती है।

# सिंगाही पुलिस पर किसान से अवैध वसूली का आरोप




**● गन्ने की पत्ती जलाने के नाम पर रुपये लेने का मामला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** थाना क्षेत्र सिंगाही में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर सवाल उठे हैं। गन्ने की पत्ती जलाने के आरोप में एक किसान से कथित रूप से अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस कर्मियों ने संबंधित किसान पर गन्ने की पत्ती जलाने का आरोप लगाया और उसे थाने पर बुलाकर पांच सौ रुपये लेने का लगाया आरोप। पीड़ित किसान का कहना है कि पुलिस के दबाव में आकर उसे पैसे देने पड़े। घटना के बाद क्षेत्र के किसानों में असंतोष देखा जा रहा है। किसानों का कहना है कि प्रशासन को नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए न कि दंड के नाम पर मौके पर वसूली पर।

मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना होगा कि उच्च अधिकारी इस प्रकरण का संज्ञान लेते हैं या नहीं। अगर किसान पत्ती जलाए न तो उस पत्ती का क्या करे। हमेशा किसानों के साथ शौषण होता आ रहा है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले का संज्ञान नहीं है देख करके बताते हैं!

# सड़क जर्जर से राहगीरों को आवागमन में हो रही परेशनी

**सिद्धार्थनगर।** बर्डपुर ब्लाक क्षेत्र के बर्डपुर से रामनगर गांव तक जाने वाली तीन किमी सड़क जर्जर हो गई है। इस पर आवागमन में राहगीरों को परेशानी हो रही है। विभागीय अधिकारियों से शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अंजान बने हुए है। इससे क्षेत्रीय लोगों में रोष है। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना कि बर्डपुर से रामनगर गांव को जोड़ने वाली लगभग तीन किमी सड़क खराब हो गई है। वर्तमान में हालत यह है कि सड़क की गिट्टियां उखड़ गई हैं और उसमें जगह-जगह बने छोटे बड़े गड्ढे हो जाने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। इस सड़क से गोसाईगंज सहित कई गावों के लोग आवागमन करते है, आवागमन के समय गड्ढों का अंदाजा न लगा पाने के कारण कभी कभार उसमें फंसकर गिर जाते हैं और चोटहिल भी होते है, ग्रामीणों उच्चाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से सड़क बनवाने की मांग की है। लेकिन इसके बावजूद निर्माण को लेकर कोई सुधि नही ली गई।

# नहर के पानी में मौजूद मिली सरकारी दवाएं





**● चिकित्सा मंत्री से की गई शिकायत, एसीएमओ पहुंचे जांच करने**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कदौरा(जालौन)-** भारी मात्रा में सरकारी दवाएं नहर के पानी में मौजूद मिलीं हैं। इन दवाओं के रैपर पर साफ तौर पर 'नॉट फॉर सेल' अंकित है, जिससे इनके सरकारी दवा होने की पुष्टि हो रही है। घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग में अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह स्थानीय लोग जब टहलने के लिए नहर किनारे पहुंचे तो कदौरा माइनर पर गौशाला के पास बड़ी मात्रा में दवाएं पानी में बहती हुई देखी गई। इन दवाओं पर ' नॉट फॉर सेल' लिखा हुआ था और कोई भी दवा एक्सपायर नहीं हुई थी जिससे स्पष्ट हो रहा है कि ये दवाएं सरकारी हैं और किसी न किसी स्वास्थ्य केंद्र से संबंधित हैं।

जानकारी पाकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं सूचना मिलते ही आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एक चिकित्सक स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और नहर से दवाएं हटाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान मौजूद लोगों ने चिकित्सक सहित पहुंचे स्वास्थ्य कर्मियों को दवाएं उठाने से रोक दिया और साफ कहा कि जब तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं आता, तब तक दवाओं को हटाने नहीं दिया जाएगा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह सीधे तौर पर सरकारी धन की बर्बादी और विभागीय लापरवाही को दर्शाता है। लोगों ने मामले की जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दी। उधर, कुछ समय बाद मौके पर जांच करने पहुंचे एसीएमओ अरविंद भूषण का कहना है कि नहर में काफी मात्रा में दवाइयां मिली हैं जिनको इकठ्ठा कर जांच के लिए भेजा जा रहा है, जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उधर, नहर में बड़े पैमाने पर मिली सरकारी दवाओं के मामले की शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक से की गई है। चेयरमैन प्रतिनिधि रविकांत शिवहरे सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आने तक मौके पर डटे रहे और नहर में से किसी को दवाएं नहीं उठाने दी।

# खेल मैदान की आरक्षित भूमि पर बन गए मकान, एस. डी. एम. को. भनक नहीं

**● एस डी एम से डी एम तक और डी एम से सी एम तक शिकायतों के बावजूद कार्रवाई सिफर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** जनपद की तहसील गोला के चंद जिम्मेदार अधिकारियो की धनलोलुपता के चलते ईमानदार जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल सहित सरकार की छवि धूमिल हो रही है। जिसका कारण तहसील प्रशासन की खामोशी, और बेलगाम दबंग भूमाफियाओं का सरकारी जमीनों, खेल मैदान, प्राइमरी पाठशाला की आरक्षित भूमि गाटा संख्या 159/0.100,474/0.0600 हे 0तथा खेल मैदान की गाटा संख्या 1192/0.1500हे पर अवैध कब्जा करके पक्का निर्माण कार्य करके मुख्यमंत्री के आदेशों की हवा निकाली जा रही हैं। जिसकी वर्ष 2022से मुख्यमंत्री पोर्टल पर लगातार शिकायतों मे तत्कालीन लेखपाल भूपेंद्र कुमार और कानून गो, तहसीलदार द्वारा फर्जी जांच, वगैर पैमाईश किए ही झूठी रिपोर्ट कि यह पर कोई खेल मैदान है ही नहीं, और न ही कोई अवैध कब्जा है की रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह किया जाता रहा है। अभी हाल ही में गत दिनों पूर्व मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत के क्रम मे की गई पैमाईश में लगभग आधा दर्जन लोगों के आलीशान पक्के मकान और दुकान बनी पाई गई। जो तत्कालीन लेखपाल भूपेंद्र कुमार और तहसीदार, कानूनगो की काली करतूतों की पोल खोलती नजर आरही है। मामला परगना कुकुरा के ग्राम पंचायत जटपुरा का है। जहापर ग्राम प्रधान की सह और तहसील प्रशासन की मिलीभगत से खेल मैदान और प्राइमरी पाठशाला की आरक्षित भूमि पर दबंगों का अनाधिकृत कब्जा देखा जा सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि तहसील प्रशासन गोला द्वारा विपक्षी गणों से भारी सुविधा शुल्क लेकर मकान बनवा दिए गए। और अब उनको खाली कैसे करवा दे। इस खेल में प्रधान से लेकर तहसीलदार तक के शामिल होने के आरोप लगाए जा रहे है। मजेदार बात तो यह है कि पैमाईश करने गई टीम ने खेलमेदान की पैमाईश कर अपनी रिपोर्ट तहसीलदार को सौप दी। प्राइमरी पाठशाला की जमीन के उपरोक्त गाटो की पैमाईश ही नहीं की। जबकि उक्त जमीन पर भी दबंग अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों का अवैध कब्जा है और आलीशान मकान बने खड़े हैं। रिपोर्ट मिले एक हफ्ता होना को है तहसीलदार साहब सेटिंग गेटिंग के खेल में लगे हैं और शिकायत कर्ता पर ग्राम प्रधान से दबाव बना कर शिकायत पर दस्तखत बनाए जाने का तमाशा चल रहा है। इसके एवज में लाखों का खेल हो सकता है ऐसा लोगों का आरोप है। यदि तहसील प्रशासन जरा सा भी सजग होता तो बच्चों के अधिकारों और खेल शिक्षा पर प्रतिकूल असर न पड़ता और अवैध निर्माण न हो पाता।




**अवैध कब्जा की पुष्टि, फिर भी नहीं नहीं हटवाया जा रहा अनाधिकृत कब्जा**

आज पैमाईश के एक हफ्ता बाद भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई न होने पर तहसीलदार से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि क्या इससे पहले कोई तहसीलदार नहीं आए थे उनसे क्यों नहीं हटवाया अवैध कब्जा । मेरे पीछे क्यों पड़े हो। आप हाईकोर्ट चले जाओ आदेश ले आओ मैं कब्जा हटवादूंगा। मै कब्जा हटवाने नहीं जाऊंगा। मुख्यमंत्री के ऐसे आदेश आया जाया करते है। सबसे बड़ी बात तो यह है जिनको सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटवाए जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वही अवैध कब्जाधारकों की तरफदारी करते हुए मामले को मैनेज करने में लगे हैं।

**आखिर क्यों नहीं लिखवाया जा रहा अवैध कब्जा धारकों के विरुद्ध मुकदमा**

शासन का स्पष्ट आदेश है कि किसी भी कीमत पर सरकारी जमीनों पर अनाधिकृत कब्जा करने वालों को बख्शा न जाए। इनके द्वारा किए गए अवैध कब्जे को तुरन्त हटवाया जाय और अवैध कब्जाधारकों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया जाय। इसके बाद भी ध्वस्तीकरण की बात तो दूर मुकदमा तक दोषियों के खिलाफ नहीं लिखवाया जा रहा है। जो शासन के आदेशों की खुली अवमानना है।

**मामला उच्च न्यायालय के समक्ष ले जाने की तैयारी में समाजसेवी**

सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार तहसील प्रशासन द्वारा अवैध कब्जाधारकों को दिए जा रहे संरक्षण से आहत लोगों ने मुख्यमंत्री के समक्ष उपस्थित होकर शिकायत करने के साथ जनहित याचिका योजित करने की तैयारी शुरू कर दी है। शीघ्र ही उच्च न्यायालय में मामले से संबंधित समस्त साक्ष्यों सहित याचिका योजित कर अवैध कब्जा हटवाए जाने तथा उच्च न्यायालय के द्वारा पूर्व में पारित आदेश के विपरीत अवैध कब्जाधारकों को संरक्षण देने वाले जिम्मेदार अधिकारी राजस्व कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री 1008 श्री बालाजी मंदिर में मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद वितरण



**बांसी (ललितपुर)।** कस्बा बांसी मे श्री श्री 1008 श्री लालजी मन्दिर प्रांगण में मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम राजा सरकार के दर्शनों के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान को तिल और गुड़ के लडडू का प्रसाद चढ़ाया। भगवान से आशीर्वाद प्राप्त किया श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद वितरण किया। इस दौरान पाल बाबा महाराज, अखिलेश खरे, डा.एस.के. सिकदार, गजानंद सुमन, सुरेश गुप्ता, टिंकू गुप्ता, अभिषेक शुक्ला, अज्जू गुप्ता, राज सुमन, भरत साहू, शैलू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### खेत से बिजली का तार ले जाने से मना करने पर मारपीट

**ललितपुर।** महरौनी थानान्तर्गत ग्राम दिगवार निवासी चन्द्रभान पुत्र संतोष सिंह लोधी ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 13 जनवरी को अपराह्न करीब 3.15 बजे वह अपने खेत चैकडेम वाले रास्ते पर था, उसी समय गांव के हीरालाल पुत्र बारेलाल उर्फ बल्ले अहिरवार व उसका लड़का रामसेवक अहिरवार, बाबूलाल अहिरवार, हरिश्चंद्र अहिरवार एकराय होकर आये और उसके खेत से बिजली का तार ले जाने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे गालियां देते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। शोरगुल सुनकर वहां गांव के कप्तान पुत्र सुमिरन लोधी ने आकर उसे बचाया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**पॉक्सो एक्ट में दर्ज मुकदमे के आरोपी को भेजा जेल**

**तालबेहट।** कोतवाली पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो. मुश्ताक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना तालबेहट पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 441/2025, धारा 87/137(2)/64(1) बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त दीपचन्द्र कुशवाहा पुत्र लक्ष्मन कुशवाहा , निवासी ग्राम बरौदा डांग, थाना बार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक दयाशंकर सिंह, उपनिरीक्षक दिग्विजय सिंह एवं महिला कांस्टेबल ज्योति शामिल रहीं। पुलिस का कहना है कि नाबालिगों के खिलाफ अपराध करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### पावागिरि पंचकल्याणक महोत्सव में उमड़ी श्रद्धा

**आदिकुमार के राज्याभिषेक व दीक्षा संस्कार में शामिल हुए हजारों भक्त**

**तालबेहट ।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में आयोजित श्रीमज्जिजिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक महा महोत्सव के चौथे दिन आस्था और वैराग्य का भावपूर्ण दृश्य देखने को मिला। वात्सल्य मूर्ति मुनि सुव्रतसागर महाराज के सान्निध्य में आदिकुमार के राज्याभिषेक, राजतिलक एवं दीक्षा कल्याणक के संस्कार संपन्न हुए, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि सुव्रतसागर महाराज ने कहा कि पाप केवल कर्मों से ही नहीं, बल्कि अनुचित क्रियाओं से भी पाप का आश्रव होता है। उन्होंने माता-पिता की सेवा, संयमित जीवन और सदाचार का संदेश दिया। कार्यक्रम में असि-मसि-कृषि सहित षटकर्म का उपदेश, नीलांजना नृत्य से वैराग्य उत्पत्ति तथा 400 तीर्थंकर भगवंतों के वैराग्य व दीक्षा संस्कार विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। आयोजन समिति के अनुसार 16 जनवरी को ज्ञान कल्याणक के संस्कारों के साथ 400 से अधिक मुनिराजों की आहारचर्या संपन्न होगी।

## पुलिस और खुफिया एजेंसियां के रडार पर 'कैली' मेडिकल कॉलेज 'रामपुर', धर्मांतरण को लेकर संदिग्ध गतिविधियों की चल रही जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में महर्षि वशिष्ठ मेडिकल कॉलेज से कथित तौर पर धर्मांतरण से जुड़े तार सामने आने की सूचना के बाद जिले में हड़कंप है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल कॉलेज प्रशासन सतर्क हो गया है और पूरे परिसर को हाई अलर्ट पर रखा गया है। कॉलेज परिसर में होने वाली प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी बढ़ा दी गई है। सूत्रों के अनुसार,उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बुधवार को पुलिस की जांच टीम ने महर्षि वशिष्ठ मेडिकल कॉलेज, रामपुर तथा ओपेक अस्पताल, कैली का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने संदिग्ध गतिविधियों से जुड़े साक्ष्य जुटाए। वहीं कॉलेज प्रशासन ने भी एहतियातन कुछ एमबीबीएस छात्र-छात्राओं से पूछताछ की है। मेडिकल कॉलेज परिसर के मुख्य गेट सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच शुरू किया गया है। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ महीनों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की पहचान की जा सके। साथ ही सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि परिसर में प्रवेश करने वाले प्रत्येक बाहरी व्यक्ति का पूरा विवरण दर्ज किया जाए। खुफिया एजेंसियां और स्थानीय पुलिस इस बात की जांच कर रही हैं कि क्या किसी संगठित गिरोह द्वारा कॉलेज परिसर में अवैध गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश की गई है। मामले से जुड़े इनपुट सामने आने के बाद छात्राओं और उनके अभिभावकों में भी चिंता देखी जा रही है। कई छात्राओं के परिजनों ने उनसे सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत जानकारी देने को कहा है।मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए लोकल इंटेलिजेंस यूनिट सहित अन्य जांच एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं और सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। इस संबंध में मेडिकल कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ. अनिल यादव ने बताया कि मेडिकल कॉलेज का नाम सामने आने के बाद प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने कहा कि मुख्य गेट से लेकर पूरे परिसर तक सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है और संदिग्ध गतिविधियों तथा बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## बीएसए द्वारा किए गए नियम विरुद्ध समायोजन पर शिक्षकों में आक्रोश

**● नियमो को ताख पर रख समायोजन करने पर शिक्षकों में काफी आक्रोस्थानांतरित शिक्षक बीएसए द्वारा किये गये समायोजन आदेश को निरस्त करने की कर रहे माँग मनमाने समायोजन के खिलाफ शिक्षकों ने उच्च न्यायालय की ओर किया रुख**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी व जिले के कुछ खण्ड विकास अधिकारियों पर शिक्षकों के समायोजन को लेकर गंभीर आरोप लग रहा है और शिक्षकों में काफी आक्रोश है । नियम विरुद्ध समायोजन को निरस्त कराने के लिए शिक्षक संगठन व पीड़ित शिक्षक हर तरह से प्रयास कर रहा है । जानकारी के अनुसार परिषदीय विद्यालयों में मनमानी तरीके से बीएसए द्वारा किये गये समायोजन के खिलाफ शिक्षकों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है । विभिन्न जिलों के शिक्षकों की ओर से प्रयागराज और लखनऊ बेंच में दाखिल याचिकाओं में तीसरे चरण के समायोजन में नियमों की अनदेखी को आधार बनाया गया है। कुछ जिलों में शिक्षामित्रों को भी शिक्षक मानते हुए समायोजन कर दिया गया है जिसके खिलाफ शिक्षकों में नाराजगी देखने को मिल रही है। पिछले साल जून में पहले चरण के समायोजन में विभिन्न जिलों के तमाम स्कूल एकल हो गए थे उसके बाद अगस्त में दूसरे चरण का समायोजन तो हुआ लेकिन विसंगतियां दूर नहीं हो सकी। दिसंबर अंत में तीसरे चरण के समायोजन में भी शिक्षकों से विकल्प नहीं लिया गया और मनमाने तरीके से कुछ जिलों में वरिष्ठ तो कुछ में कनिष्ठ शिक्षकों को दूसरे स्कूलों में भेज दिया गया। कुछ जिलों में समायोजन शासनादेश इस कदर तार - तार हुआ है जिससे प्रक्रिया में भ्रष्टाचार स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है ।सचिव बेसिक शिक्षा परिषद सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने मंडलीय सहायक बेसिक शिक्षा निदेशकों से समायोजन की रिपोर्ट तलब की है। यू-डायस पोर्टल पर उपलब्ध छात्र संख्या के आधार पर मानक से अधिक अध्यापक संख्या वाले विद्यालय चिह्नित कर शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में शिक्षकों की व्यवस्था करने के निर्देश द्व विगत 14 नवंबर कोआदेश दिए गए थे। 26 दिसंबर को समीक्षा में अपर मुख्य सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा ने समायोजन की प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की थी। एक गलती सुधारने में और बड़ी भूल कर बैठे अफसर पहले चरण के समायोजन में की गई गलती सुधारने में बेसिक शिक्षा विभाग के अफसरों ने और बड़ी गलती कर दी है। जून 2025 में समायोजन के दौरान बड़ी संख्या में स्कूल एकल हो गए थे। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिकाएं हुईं तो अफसरों ने समायोजन रद्द करते हुए शिक्षकों को वापस मूल विद्यालयों में भेजना शुरू कर दिया। समायोजन 3.0 के खिलाफ भी शिक्षकों ने याचिकाएं कर दी अब मामला न्यायालय की शरण में है । सारे नियमों को दरकिनार कर प्रधानाध्यापकों को उच्च प्राथमिक स्कूल में सहायक अध्यापक बना दिया गया जबकि एक से दूसरे स्तर के विद्यालय में भेजने पर टीईटी को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में दाखिल याचिका में पिछली सुनवाई के बाद सरकार से जवाब दाखिल करने को कहा गया है । मामला कोर्ट में विचाराधीन है अब देखना यह है कि समायोजन निरस्त हो होता है या फिर विभागीय मनमानी यूँ ही शिशकों पर अखरती रहेगी ?

## मुख्य विकास अधिकारी ने एकीकृत बागवानी मिशन के माइक्रो इरीगेशन योजना का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**अम्बेडकरनगर।** मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने उद्यान विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना (एम.आई.डी.एच.) एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पी.डी.एम.सी.) माइक्रो इरीगेशन योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कृषक चन्द्रेश वर्मा ग्राम-इब्राहिमपुर, विकास खण्ड- टाण्डा के प्रक्षेत्र पर रोपित स्ट्रावेरी व शिमला मिर्च, की खेती का निरीक्षण किया गया। मुख्य विकास द्वारा कृषक से एक हेक्टेयर में स्ट्रावेरी की खेती के संबंध में जानकारी ली गई तो कृषक द्वारा बताया गया कि स्ट्रावेरी की खेती में लागत लगभग रूपया 4 लाख आती है। फसल से लगभग छः माह में 20 से 25 लाख रूपये की आमदनी होने की सम्भावना है, जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में एम.आई.डी.एच. योजना के अन्तर्गत प्रथम बार जनपद में स्ट्रावेरी एवं ड्रैगन फूट की खेती की जा रही है जिस पर महोदय द्वारा जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया गया कि इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कर जनपद में स्ट्रावेरी के क्षेत्रफल को बढ़ाया जाय। इसको जनपद के कृषकों को श्री वर्क्स के प्रक्षेत्र का भ्रमण कराते हुए। कार्यशाला का आयोजन कराया जाय, इसके साथ-साथ श्री वर्मा द्वारा विभाग से प्रोत्साहित होकर शिमला मिर्च की खेती एक एकड़ में किया गया है जिसमें लागत लगभग रूपया 50000 आती है लगभग छः माह में फसल से कुल रूपये लगभग 3 से 3.5 लाख की आमदनी होती है, कृषक द्वारा उक्त फसलों में विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 'पर ड्राप मोर काप' माइक्रो इरीगेशन के अर्न्तगत ड्रिप सिंचाई संयंत्र द्वारा फसल की सिंचाई की जाती है जिससे लगभग 80 प्रतिशत मानी एवं लेबर की बचत होती है एवं उत्पादन में वृद्धि होती है। इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा कृषक श्री अमरजीत वर्मा के प्रक्षेत्र में 0.5 हे0 क्षेत्रफल पर लगे टिशू कल्चर केला का भी निरीक्षण किया गया, कृषक द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा डी.बी.टी के माध्यम से खाते में अनुदान रूपया 21000 प्राप्त हुआ। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा स्ट्रावेरी, शिमला मिर्च एवं केला की फसल को देखकर एवं कृषकों से वार्ता कर प्रसन्नता जाहिर करते हुए बताया गया कि जनपद में प्रथम बार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित एम.आई.डी.एच. योजना कृषकों के लिए वरदान एवं आय दोगुनी अथवा तिगुनी करने में सहायक सिद्ध होगी तथा वन ट्रिलियन इकोनामी में जनपद से सहयोग होगा। कृषक के प्रक्षेत्र पर स्थलीय निरीक्षण के समय धर्मेन्द्र चौधरी, जिला उद्यान अधिकारी, राकेश कुमार गोंड योजना प्रभारी एवं सुनील कुमार वर्मा, सहायक उद्यान निरीक्षक उपस्थित रहे।

## बलरामपुर यूरिया की कालाबाजारी पर कार्रवाई

**●बलरामपुर में मनमानी कीमत वसूलने वाले खाद विक्रेता का लाइसेंस निलंबित ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर-** जिला प्रशासन यूरिया की निर्धारित दर पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सख्त है। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन के निर्देशों के बाद उर्वरक की कालाबाजारी और मनमानी कीमत वसूली पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जा रही है।इसी क्रम में, बलरामपुर जनपद में यूरिया उर्वरक की निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री की शिकायत सामने आने पर प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया। दोषी विक्रेता के खिलाफ कठोर कार्रवाई की गई है।जिला कृषि अधिकारी द्वारा की गई जांच में पुष्टि हुई कि मै0 किसान सेवा केन्द्र, प्रो0 रमेश यादव पुत्र श्री तिलकराम यादव, ग्राम गुलरिहा अहरौली, विकास खण्ड गैसड़ी, यूरिया की बिक्री तय सरकारी दर से अधिक मूल्य पर कर रहे थे। शिकायत सही पाए जाने पर, उर्वरक (नियंत्रण) आदेश-1985 के अंतर्गत संबंधित विक्रेता का उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।गया।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि विक्रेता का लाइसेंस संख्या DAO/BLP/1650 निलंबित किया गया है। साथ ही, दुकान पर उपलब्ध शेष उर्वरक स्टॉक को सुरक्षित रखने और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि विक्रेता के पास कोई अन्य स्टॉक उपलब्ध है, तो उसे उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 के अंतर्गत अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि संबंधित विक्रेता को 30 दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समयावधि में संतोषजनक उत्तर न मिलने पर आगे और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के सभी उर्वरक विक्रेताओं को चेतावनी दी है कि किसी भी स्थिति में निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक बिक्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध बिना किसी पूर्व चेतावनी के कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

## पुण्यतिथि पर समाजसेविका रामपती को किया नमन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के प्रधान कार्यालय पर गुरूवार को समाजसेविका रामपती की तीसरी पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनायी गयी। समाजसेविका रामपती संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के अध्यक्ष व बार काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश के प्रत्याशी अनिल कुमार तिवारी महेश की मां थी। संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में अधिवक्ताओं, समाजसेवियों व क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने स्व0 रामपती के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीया रामपती के द्वारा किये गये सामाजिक कार्य सदैव प्रेरणास्पद रहेंगे। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप पाण्डेय ने किया। इस मौके पर अर्पित शुक्ल, आदित्य त्रिपाठी, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, दीपक त्रिपाठी, श्यामू पटेल, दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज में उमड़ा जनसमर्थन

**●भाजपा नेताओं ने साझा की सामाजिक समरसता की भावना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया के जिला संयोजक प्रशांत शुक्ला द्वारा मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आयोजित खिचड़ी भोज कार्यक्रम में जनसमूह का उत्साह देखते ही बन रहा था। यह आयोजन न केवल पर्व की परंपरा को सहेजने वाला रहा, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द का भी सशक्त संदेश देता नजर आया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार एवं भाजपा मीडिया विभाग के जिला संयोजक सुशील कुमार मिश्रा, पत्रकार सफीक अहमद, पप्पी तिवारी, मंडल अध्यक्ष शंकर बक्श सिंह, मंडल महामंत्री उदय नारायण मिश्रा, शक्ति केंद्र संयोजक विनय चौरसिया सहित क्षेत्र के सैकड़ों संभ्रांत नागरिकों ने सहभागिता की।इस अवसर पर वक्ताओं ने मकर संक्रांति के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। खिचड़ी भोज के माध्यम से आपसी भाईचारे, समानता और सेवा भावना को मजबूती मिलती है।आयोजक प्रशांत शुक्ला ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा परिवार हमेशा से भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता को सशक्त करने का कार्य करता रहा है। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

## स्वर्गीय ओमप्रकाश सिंह स्मारक वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया भव्य शुभारंभ

**●खेल से युवाओं को मिलती है दिशा - सुधांशु शुक्ला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित स्वर्गीय ओमप्रकाश सिंह स्मारक वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने फीता काटकर किया। यह आयोजन वरिष्ठ भाजपा नेता हिंदेश सिंह के तत्वावधान में भव्य रूप से संपन्न हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और हजारों वॉलीबॉल प्रेमियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया।शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हलियापुर विधायक चंद्रभानु पासवान, गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह, तिलोई युवराज मृगांकेश्वर शरण सिंह,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भाजपा अमेठी गिरीश चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला, मीडिया जिला सहसंयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि 'खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। इस तरह के आयोजन ग्रामीण अंचल के युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं।' उन्होंने स्वर्गीय ओमप्रकाश सिंह के सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके नाम से आयोजित यह प्रतियोगिता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।विधायकों ने अपने संबोधन में आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार और संगठन दोनों ही खेलों के प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने युवाओं से खेल को करियर के रूप में अपनाने और नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन जीने का आह्वान किया।आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों और दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अंत में आयोजक हिंदेश सिंह ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाने की अपील की।यह स्मारक वॉलीबॉल प्रतियोगिता क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक सराहनीय पहल मानी जा रही है।

## भीषण ठंडी के मौसम में हर्रैया तहसील प्रशासन की मनमानी, गरीब परिवार खुले आसमान तले रहने को मजबूर

**●- न्यायालय में वाद लंबित होने के बावजूद मकान गिरवाने का आरोप मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी से किया शिकायत**

**-पीड़ित ने मुख्यमंत्री, मण्डल आयुक्त व जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच,कर कार्रवाई और राहत की मांग की**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र के भरुकहवा गांव निवासी धर्मेन्द्र पुत्र उत्तम ने मुख्यमंत्री, मण्डलायुक्त और जिलाधिकारी को पत्र भेजकर ग्राम प्रधान साधू पुत्र बाबूलाल तथा तहसील स्तर के अधिकारियों पर, न्यायालय में वाद लंबित होने के बावजूद, उनके छप्परपोश मकान को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कराए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच, कार्रवाई और राहत की मांग किया है। मुख्यमंत्री, मण्डल आयुक्त और जिलाधिकारी को भेजें पत्र में कहा है कि उनका मकान गाटा संख्या-57, रकबा 0.9230 हेक्टेयर में स्थित था, जो राजस्व अभिलेखों में सामान्य आबादी के रूप में दर्ज है इसी भूमि के एक हिस्से पर उनका छप्परपोश मकान वर्षों से उनके परिवार का पीढ़ियों का पुराना निवास स्थान रहा है। धर्मेन्द्र ने कहा है कि पंचायत चुनाव के बाद ग्राम प्रधान साधू पुत्र बाबूलाल से उनके मतभेद उत्पन्न हुए कि मत न देने की रंजिश में प्रधान ने नायब तहसीलदार कप्तानगंज व हल्का लेखपाल ऊषा वर्मा और हल्का कानूनगो अरविन्द कुमार के साथ मिलकर उनका मकान गिरवाने की योजना बनाई। इस आशंका के मद्देनजर धर्मेन्द्र ने सिविल जज (जू0डि0), बस्ती के न्यायालय में सिविल वाद संख्या 1092/2025 दाखिल किया। न्यायालय ने प्रथम दृष्टया मामला स्वीकार कर विपक्षियों को नोटिस जारी किया इसके बावजूद, 7 जनवरी 2026 को दोपहर लगभग 12:30 बजे ग्राम प्रधान और तहसील कर्मी मौके पर पहुंचे और जेसीबी मशीन से मकान ध्वस्त करा दिया। इस दौरान पीड़ित परिवार ने न्यायालय के कागजात दिखाकर कार्रवाई रोकने की कोशिश की, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई। मकान गिराए जाने के बाद परिवार कड़ाके की ठंड में पॉलिथीन के सहारे रहने को मजबूर है। धर्मेन्द्र ने बताया कि उनका परिवार भूमिहीन अनुसूचित जाति (खटिक) से संबंधित है और उनके पास रहने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान अब उक्त भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण कराना चाहते हैं। समाचार लिखे जाने तक तहसील प्रशासन या ग्राम प्रधान की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी।

## बलरामपुर में दबंगों के अवैध कब्जे पर चलेगा बुलडोजर, अतिक्रमण पर हाईकोर्ट सख्त, प्रशासन को तुरंत कार्रवाई के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर-** बलरामपुर जिले में एक बार फिर बड़े अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर गरजने वाला है. हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिला प्रशासन को अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश दिए हैं.। बलरामपुर जिले में एक बार फिर बड़े अतिक्रमण के खिलाफ बाबा का बुलडोजर गरजने वाला है. अवैध आक्रमण के खिलाफ जल्द ही बुलडोजर की कार्रवाई होने वाली है. बलरामपुर जनपद के एक अहम मामले में हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिला प्रशासन को अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश दिए हैं. यह मामला विकासखंड सदर क्षेत्र के ग्राम सिरसिया का है, जहां बीते कई वर्षों से सरकारी तालाब की भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया था.कार्रवाई न होने पर हाईकोर्ट पहुंचे शिकायतकर्ताग्रामीणों के अनुसार, तालाब पर किए गए इस अतिक्रमण को लेकर शिकायतकर्ता ने कई बार जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की थी. प्रार्थना पत्र देने के बावजूद न तो मौके पर कोई ठोस कार्रवाई की गई और न ही अतिक्रमण हटाने की दिशा में प्रशासन ने गंभीरता दिखाई. प्रशासनिक उदासीनता से नाराज होकर शिकायतकर्ता ने आखिरकार हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया.कोर्ट ने दिए अवैध कब्जा हटाने के निर्देशमामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कड़ा रुख अपनाया. कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक उपयोग की भूमि, विशेषकर तालाब जैसी जल संरचनाओं पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता. हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि वह जल्द से जल्द तालाब की भूमि से अवैध कब्जा हटाकर उसे मुक्त कराए और इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करे.जल्द हो सकती है बुलडोजर कार्रवाईहाईकोर्ट के आदेश के बाद प्रशासनिक हलकों में भी हलचल तेज हो गई है. सूत्रों की मानें तो आदेश के अनुपालन में जल्द ही सिरसिया गांव में तालाब की भूमि पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई हो सकती है. संभावित कार्रवाई की खबर से अतिक्रमण करने वालों में खलबली मची हुई है और वे अपने-अपने स्तर पर बचाव के रास्ते तलाशते नजर आ रहे हैं.क्या बोले स्थानीय ग्रामीण?स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि तालाब गांव के लिए जीवनरेखा की तरह है, लेकिन अतिक्रमण के चलते उसका अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया था. बरसात के मौसम में पानी भरने की जगह खत्म हो जाने से गांव में जलभराव और अन्य समस्याएं भी बढ़ रही थीं. अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद ग्रामीणों को उम्मीद जगी है कि तालाब को उसका पुराना स्वरूप वापस मिलेगा. फिलहाल जिला प्रशासन की ओर से आधिकारिक तौर पर कार्रवाई की तारीख को लेकर कोई बयान नहीं आया है, लेकिन हाईकोर्ट के सख्त निर्देशों के बाद यह तय माना जा रहा है कि जल्द ही सिरसिया गांव के तालाब से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

# संक्षिप्त खबरें

### श्रीभूमि जिले के दक्षिण छनटिला में महामाया दुर्गा क्लब द्वारा आयोजित टी-10 नाइट टूर्नामेंट 7 A साइड कार्यक्रम



**श्रीभूमि:** ज़िले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के दुल्लभछड़ा के पासवर्ती दक्षिण छनटिला में महामाया दुर्गा क्लब के आयोजन में 16 जनवरी को दक्षिण छनटिला में 7 A साइड क्रिकेट का टी-10 मैच आयोजित किया गया है। इसमें खेल मैदान के उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहेंगे दुल्लभछड़ा के समाजसेवी दीपन सिन्हा, संपादक रणधीर यादव। क्लब की ओर से बताया गया कि इच्छुक खिलाड़ी खेल संचालन समिति के अध्यक्ष और संपादक से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, प्रथम स्थान पाने वालों को 7,000 (सात हजार रुपये) और दूसरे स्थान के लिए 4,000 (चार हजार रुपये) पुरस्कार राशि दी जाएगी। इसके साथ ही खेल में भाग लेने वालों को 1,000 (एक हजार रुपये) भी दिया जाएगा। नव पीढ़ी को प्रोत्साहित करने हेतु क्षेत्रवासियों से खेल संचालन समिति की ओर से विनम्र अनुरोध किया गया है कि वह सभा में उपस्थित रहें।

### आनंद डेयरी प्लांट पर इनकम टैक्स का छापा, कर्मचारियों में मचा हड़कंप

**इनकमटैक्स टीम ने कंप्यूटर-दस्तावेज किए जब्त**

**लालगंज (रायबरेली)।** नगर के फतेहपुर रोड पर कोतवाली गेट के सामने स्थित आनंद डेयरी प्लांट में गुरुवार सुबह इनकम टैक्स विभाग की टीम ने छापा मारा। अचानक हुई कार्रवाई से प्लांट परिसर में हड़कंप मच गया। सुबह करीब छह बजे हरियाणा और दिल्ली नंबर की कई गाड़ियों से पहुंचे इनकम टैक्स अधिकारियों ने प्लांट का मुख्य गेट बंद कर दिया और कर्मचारियों की आवाजाही रोक दी। जांच के दौरान प्लांट में मौजूद सभी कर्मचारियों के मोबाइल फोन जमा कराए गए। सुबह की शिफ्ट में पहुंचे कर्मचारियों को भी मोबाइल जमा करने के बाद ही अंदर प्रवेश दिया गया, जिससे कर्मचारियों में दहशत और असमंजस का माहौल रहा। सूत्रों के अनुसार टीम ने प्लांट कार्यालय में रखे कंप्यूटर, लैपटॉप और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज अपने कब्जे में लिए हैं। आय-व्यय से जुड़े रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की जा रही है। छापे की सूचना मिलते ही आसपास के इलाके में चर्चा तेज हो गई और बड़ी संख्या में लोग प्लांट के बाहर जमा हो गए। सुरक्षा के मद्देनजर किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। देर शाम तक कार्रवाई जारी रहने की संभावना जताई जा रही।

### अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से भट्ठा मुंशी की मौत




**डलमऊ रायबरेली।** चाचा के साथ मोटरसाइकिल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ उपचार कराने जा रहे भट्ठा मुंशी की बाइक में ट्रक की जोरदार टक्कर लगने से चाचा भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को क्षेत्रीय लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने घायल भतीजे भट्ठा मुंशी को मृत घोषित कर दिया।

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के सरिस्ता पुर मजरे तेरूखा ग्राम निवसी अजय कुमार बीते दो दिनों से अस्वस्थ थे और उपचार के लिए गुरुवार को अपने चाचा राम बहादुर के साथ मोटरसाइकिल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराने जा रहा थे तभी रायबरेली डलमऊ मार्ग पर घुरवारा गांव के पास त्रिपुला नाले के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से दोनों चाचा भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें क्षेत्रीय लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सक द्वारा घायल अजय कुमार 36 वर्ष को मृत घोषित कर दिया।मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक की पत्नी रेनू व इकलौता पुत्र प्रतीक का रो रो कर बुरा हाल है।सूचना पर पहुंची डलमऊ पुलिस द्वारा पंचनामा की कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी राघवन सिंह ने बताया की दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप, विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद (लखनऊ):** राजधानी के थाना मलिहाबाद अंतर्गत ग्राम मऊ रमगढ़ा में दबंगई का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ के निवासी आशीष कुमार बाजपेयी ने गाँव के ही दबंग अश्वनी मिश्रा और रूपेश मिश्रा पर सरकारी जमीन कब्जाने और विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। आशीष का कहना है कि इन लोगों ने उनके घर के सामने गंदगी फैलाकर पूरे परिवार का जीना मुश्किल कर दिया है।

**मुख्य द्वार पर कूड़े का ढेर, बीमारी का खतरा**

पीड़ित आशीष कुमार का कहना है कि उनके घर के ठीक सामने स्थित सरकारी जमीन (ग्राम समाज) पर गाँव के ही अश्वनी मिश्रा और रूपेश मिश्रा अवैध कब्जा करने की नीयत से जबरन गोबर और कूड़े का ढेर लगा रहे हैं। घर के मुख्य दरवाजे के पास गंदगी होने के कारण परिवार का सांस लेना दूभर हो गया है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है।

**विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला और धमकी**

शिकायत के अनुसार, जब पीड़ित आशीष कुमार के परिवार ने इस गंदगी और अवैध कब्जे का विरोध किया, तो विपक्षी गण (अश्वनी और रूपेश) अपने पूरे परिवार के साथ लाठी-डंडे लेकर एकजुट होकर आए। आरोप है कि दबंगों ने गाली-गलौज करते हुए आशीष कुमार और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि ये लोग दबंगई के बल पर सरकारी जमीन को घेरना चाहते हैं।

**प्रशासन से न्याय की गुहार**

पीड़ित आशीष कुमार ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर मांग की है कि:

» घर के सामने से तत्काल गंदगी और गोबर हटवाया जाए।



» सरकारी जमीन को इन दबंगों के अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए।

» विपक्षियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि पीड़ित परिवार की जान-माल की सुरक्षा हो सके।

अब देखना यह है कि पुलिस प्रशासन इन दबंगों पर क्या कार्रवाई करता है या पीड़ित परिवार इसी तरह खौफ के साये में जीने को मजबूर रहेगा।

## धूमधाम से मनाया गया सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की पत्नी सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां (सीतापुर)।** समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय नेता एवं मैनपुरी सांसद श्रीमती डिंपल यादव के जन्मदिन के अवसर पर बिसवां विधानसभा क्षेत्र के पूर्व सपा प्रत्याशी अफजाल कौसर द्वारा अपने कार्यालय परिसर में सादगी, सेवा और सामाजिक समर्पण के साथ जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केक काटकर डिंपल यादव का जन्मदिन मनाया गया और उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के साथ-साथ समाजसेवा की भावना को साकार करते हुए जरूरतमंद महिलाओं को ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से गर्म शॉल एवं कंबलों का वितरण किया गया, जिससे महिलाओं के चेहरे पर खुशी और संतोष साफ नजर आया। इस अवसर पर अफजाल कौसर ने कहा कि डिंपल यादव का सार्वजनिक जीवन सादगी, संवेदनशीलता और जनसेवा का प्रतीक है। उन्होंने हमेशा समाज के वंचित, गरीब और कमजोर वर्गों की आवाज़ को मजबूती से उठाया है। उनके जन्मदिन पर सेवा कार्य करना ही सच्चे अर्थों में उन्हें शुभकामनाएं देने का सर्वोत्तम माध्यम है। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान वातावरण सौहार्दपूर्ण, अनुशासित एवं उत्साह से भरा रहा। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष सुनील यादव, युवजन सभा प्रदेश प्रमुख महासचिव रोबिन सिंह,



नगर अध्यक्ष लुकमान अली, व्यापार सभा के जिला उपाध्यक्ष संजय वर्मा, मुर्तजा अली अंसारी, डॉक्टर शाहिद, राममिलन यादव, कमलेश भार्गव, अनुज कनौजिया, अनिल यादव, रिंकल जोशी, हसीब अंसारी, इरफान अंसारी, आमिर खान, सलमान अली, करुणेश मिश्रा, रिजवान अहमद, राजू, मुजक्किर खान, अनिल मिश्रा, मुन्नीलाल, मुफीद अंसारी, मुफिज खान के अलावा सैकड़ो की तादाद में महिलाएं मौजूद रही।

# चोरी की शिकायत पर भैंस व्यापारी को थर्ड डिग्री, प्रशासन मौन!

**● एसपी तक की गई शिकायत दिख रही बेअसर**

**चौकी में इंसाफ नहीं,जुल्म का राज, थर्ड डिग्री पर प्रशासन की चुप्पी**

**भोजपुर चौकी की स्याह रात पुलिस चौकी में कानून की हत्या,गरीब व्यापारी पर पुलिसिया कहर**

**पुलिस की पिटाई,प्रशासन की खामोशी– किसके भरोसे आम आदमी?**

**... तो क्या रायबरेली में कानून सिर्फ कागजों में है?**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली** जनपद में कानून-व्यवस्था पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।सरेनी थाना क्षेत्र की भोजपुर पुलिस चौकी में भैंस व्यापारी के साथ हुई कथित बर्बरता और थर्ड डिग्री यातनाओं का मामला अब प्रशासनिक चुप्पी के चलते और भी संदिग्ध होता जा रहा है।हैरानी की बात यह है कि पीड़ित द्वारा पुलिस अधीक्षक से शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक न तो किसी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई हुई और न ही कोई आधिकारिक बयान सामने आया।पीड़ित पितम्बर पुत्र जमुना प्रसाद निवासी ग्राम सरैला,थाना हुसैनगंज,जनपद फतेहपुर ने आरोप लगाया है कि उसके घर से करीब 3 लाख 65 हजार रुपये की चोरी हुई थीजब वह न्याय की उम्मीद लेकर पुलिस चौकी पहुंचा,तो वही पुलिस उसके लिए काल बन गई।आरोप है कि 13 जनवरी की रात भोजपुर चौकी में उसे अवैध रूप से हिरासत में लेकर थर्ड डिग्री यातनाएं दी गई,बेरहमी से पीटा गया और खुले मैदान में छोड़कर फर्जी एनकाउंटर की धमकी दी गई।पीड़ित के शरीर पर पुलिसिया बर्बरता के स्पष्ट निशान मौजूद हैं।हालत इतनी खराब है कि वह ठीक से चल भी नहीं पा रहा।सवाल यह है कि यदि आरोप झूठे हैं तो प्रशासन ने अब तक मेडिकल जांच,जांच समिति या निलंबन जैसी कोई कार्रवाई क्यों नहीं की ? क्षेत्रीय नागरिकों का आरोप है कि पुलिस के संरक्षण में अत्याचार हो रहे हैं और जिला प्रशासन आंख मूंदे बैठा है।बुधवार को पीड़ित जब डरा-सहमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और लिखित शिकायत दी,तब भी



प्रशासन की ओर से कोई त्वरित संज्ञान नहीं लिया गया।इससे यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या गरीब और मेहनतकश लोगों के लिए न्याय सिर्फ कागजों तक सीमित रह गया है? बताया जा रहा है कि पीड़ित को विजय शंकर नामक व्यक्ति को सौंपे जाने से पहले भोजपुर चौकी के पुलिसकर्मियों ने उस पर जमकर कहर बरपाया। यदि यह आरोप सही हैं,तो यह न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र पर एक काला धब्बा है।अब देखना यह है कि रायबरेली प्रशासन इस गंभीर मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा। जनता की निगाहें टिकी हैं कि क्या कानून का राज बचेगा या वर्दी का आतंक यूं ही चलता रहेगा?

### सेवाभरती अवध प्रांत के तत्वाधान में खिचड़ी भोज व कम्बल वितरण का किया गया आयोजन



**बिसवां/ सीतापुर** सेवा भारती अवध प्रान्त के तत्वाधान मे मगरहिया बाजार श्री अभूषणम प्रतिष्ठान पर खिचड़ी भोज एवं कम्बल वितरण का आयोजन किया गया। आयोजक मोहित जायसवाल ने बताया कि गत वर्ष की भाति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी भोज एवं जरूरत मंद लोगो को ठंड से बचाने के लिए कम्बल का वितरण किया गया।

दो सौ परिवार के एक एक सदस्य को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बिसवां जिला प्रचारक सुरेंद्र, भास्कर जी, एवं के के सिंह जिला अध्यक्ष सेवा भरती के हाथो कम्बल वितरण हुआ। इस अवसर पर जय सिंह, विभाग संगठन मंत्री सेवा भारती, वरिंदर सिंह, लकी श्रीवास्तव, आशीष गुप्ता, शिवम् शीतांशु, अमित जायसवाल, पंकज भारती, संजीव मिश्रा, आशुतोष तिवारी आदि प्रमुख रहे।

## जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रिजवान अहमद के द्वारा किया गया जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रेउसा (सीतापुर)** सेवता विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सेल्हवा में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रिज़वान अहमद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद राकेश राठौर उपस्थित रहे। श्री राठौर ने केंद्र व प्रदेश की सरकार पर हमला बोलते हुए उपस्थित जनसमूह को सत्ता परिवर्तन का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश के विकास के लिए जातिगत जनगणना अति आवश्यक है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे डॉक्टर बृज बिहारी जी ने कहा कि जब तक युवाओं के हाथ में रोजगार नहीं होगा तब तक विकास की बात बेमानी है।

चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर आर. पी. वर्मा ने सरकार की विफलताओं को बताया। अनुप्रिया वर्मा ने महिलाओं से राजनीति में सक्रिय होने की बात कही। कार्यक्रम आयोजक सांसद प्रतिनिधि रिज़वान अहमद ने कहा कि आज व्यापारी, छात्र, नौजवान, किसान सभी परेशान हैं। सरकार के पास ऐसी कोई ठोस नीति नहीं है जो नौजवानों, किसानों, महिलाओं के सुनहरे भविष्य की उम्मीद जगाती हो।

इस जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश कठेरिया, उमेश यादव, स्वालेह खान, शिवा शुक्ला, राजेंद्र गौतम, तमशील खान, कुद्दूस ख़ान, रामचंद्र यादव, विकास यादव, सुरेश रावत, आसिफ़ मंसूरी, शहाबुद्दीन, मुशीर सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### मकर संक्रांति पर हनुमानगढ़ी मंदिर पर खिचड़ी सहभोज का आयोजन



**सिद्धार्थनगर,** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी सहभोज हनुमान गढ़ी मन्दिर तेतरी बाजार, नौगढ़ में प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन द्वारा मन्दिर में पूजा किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं में खिचड़ी का वितरण किया गया तथा सभी को शुभकामनाएं दिया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सिद्धार्थनगर अजय सिंह व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## मकर संक्रांति पर गौपूजन के साथ शिशु मंदिर को पुनः प्रारंभ करने पर विचार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** विद्या भारती अवध प्रांत के तत्वावधान में गुरुवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रान्त निरीक्षक रामजी ने गौशाला पहुँचकर गौपूजन किया और क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की।प्रान्त निरीक्षक रामजी के साथ सीतापुर संभाग के निरीक्षक और साकेत संभाग के निरीक्षक अनिल ने गौशाला में गौमाता का पूजन किया। इसके पश्चात सभी पदाधिकारियों ने चिन्ताहरण हनुमानजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदु यहाँ पूर्व में स्थापित शिशु मंदिर को पुनः आरंभ करना रहा। पदाधिकारियों ने विद्यालय के संचालन और इसकी रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा की



ताकि स्थानीय बच्चों को पुनः संस्कारयुक्त शिक्षा मिल सके।इस अवसर पर कस्बे के अनेक गणमान्य नागरिक और समाज सेवी उपस्थित रहे जिन्होंने विद्यालय को दोबारा शुरू करने के प्रस्ताव का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।विद्या भारती का लक्ष्य समाज के हर वर्ग तक संस्कारित शिक्षा पहुँचाना है। मलिहाबाद में शिशु मंदिर का पुनः संचालन इसी दिशा में एक सार्थक कदम होगा।

## मकर संक्रांति पर सावी वेलफेयर सोसायटी ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

**● ........असुरन स्थित विष्णु मंदिर परिसर में सैकड़ों जरूरतमंदों को वितरित की गई खिचड़ी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए सावी वेलफेयर सोसायटी द्वारा असुरन स्थित विष्णु मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, गरीबों और जरूरतमंदों को खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तक सहायता पहुंचाना और






सेवा भाव को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान सावी वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष गौरव सिंह, उपाध्यक्ष अमन चौधरी सहित संस्था के सक्रिय सदस्य अमृता चौधरी, अजितेश चौधरी एवं अनिक चौधरी मौजूद रहे। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि सावी वेलफेयर सोसायटी निरंतर समाज के जरूरतमंद वर्ग की सहायता के लिए कार्य कर रही है और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं सेवा कार्यों के माध्यम से मानवता की सेवा करती रहेगी। आयोजन में स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग मिला और पूरे कार्यक्रम का माहौल भक्तिमय एवं सेवा भाव से ओतप्रोत रहा।

## सोशल मीडिया ठगी की शिकार युवती को नहीं मिला न्याय, मामला पहुंचा उच्चाधिकारियों तक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** सोशल मीडिया के जरिए ठगी का शिकार हुई युवती को न्याय न मिलने पर अब मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंच गया है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम चंदी खेड़ा निवासी सुभाषिनी रावत ने सहायक पुलिस आयुक्त मलिहाबाद को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता के अनुसार बीते 12 दिसंबर 2025 को उनके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात इंस्टाग्राम अकाउंट से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक कर्मचारी बताते हुए झांसे में लिया और अलग-अलग नंबरों से संपर्क कर ओटीपी हासिल कर लिया। इसके बाद आरोपियों ने उनके बैंक खाते से तीन बार में कुल 43 हजार रुपये निकाल लिए।

ठगी की जानकारी होने पर पीड़िता ने



मलिहाबाद थाने में शिकायत की। आरोप है कि पुलिस ने मदद करने के बजाय मामले को टालते हुए थाने से भगा दिया और कहा कि पैसे भूल जाओ। पीड़िता का यह भी आरोप है कि पुलिस द्वारा न तो मुकदमा दर्ज किया गया और न ही किसी प्रकार की जांच की गई।

पीड़िता ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि ठगी के बाद वह लगातार न्याय के लिए भटक रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। थक हारकर उसने गुरुवार को सहायक पुलिस आयुक्त से प्रार्थना की है कि उसके प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कराई जाए। मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना होगा कि उच्चाधिकारी इस प्रकरण में क्या कदम उठाते हैं। इस संबंध में एसीपी मलिहाबाद सुजीत कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## कस्बा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित भव्य खिचड़ी भोज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज रायबरेली।** नगर के वार्ड नंबर चार स्थित शांतिनगर में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित भव्य खिचड़ी भोज ने पूरे नगर का ध्यान आकर्षित किया। इस विशाल धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिर परिसर में भक्तों का सैलाब उमड़ा रहा और पूरा इलाका जय बजरंगबली के जयघोष से गूंजता रहा।

मकर संक्रांति के शुभ मुहूर्त पर विधिवत पूजा-अर्चना के बाद खिचड़ी भोज का शुभारंभ किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान से सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन हर वर्ष परंपरागत रूप से किया जाता है, जिसमें बिना किसी भेदभाव के सभी धर्मों और वर्गों के लोग



बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। व्यवस्थाएं इतनी सुदृढ़ रहीं कि हजारों लोगों के आने के बावजूद कहीं भी अव्यवस्था नहीं देखने को मिली। इस भव्य आयोजन में नगर के कई प्रमुख एवं गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनमें निवर्तमान सभासद विजय धीमान, सभासद नूर उल हसन, धर्मेंद्र वर्मा सभासद सरदार जगजीत सिंह, राहुल कुमार, अमर बहादुर, प्रेमू धीमान, नीरज, तज्जमूल हसन, शत्रुहन धीमान, चौधरी, अमित सिंह, नाजिम अली, रिजवान डाक्टर तिवारी अंकुर जायसवाल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी शामिल रहे। अतिथियों ने आयोजन की खुले दिल से सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता और भाईचारे की मिसाल बताया।

### सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला उजागर, शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**मिल्कीपुर,अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील के बवा गांव में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला गुरुवार को सामने आया। गांव निवासी देवनाथ ने इस संबंध में जिलाधिकारी से शिकायत की थी, लेकिन आरोप है कि आदेश के बाद भी अब तक अवैध कब्जा नहीं हटाया गया है। देवनाथ के अनुसार गांव की गाटा संख्या 1555, जो नवीन परती की भूमि के रूप में दर्ज है, पर एक ग्रामीण ने अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण करा लिया है। इस अवैध निर्माण के चलते शिकायतकर्ता का अपने चक तक जाने का रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया है, जिससे उसे आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। देवनाथ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अवैध कब्जा नहीं हटाया गया तो वह मुख्यमंत्री दरबार में इसकी शिकायत करेंगे। मामले को लेकर ग्रामीणों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस पर कब तक कार्रवाई करता है।

## प्रधान प्रतिनिधि व हल्का लेखपाल की मिलीभगत से पैतृक जमीन पर जबरन रास्ता बनवाने का आरोप

**● प्रशासनिक उदासीनता का खामियाजा भुगत रहा किसान।**

क्षेत्र के पूरे गयाबक्स का पुरवा मजरे पोखरनी गांव में चल रहे रास्ते के विवाद में तहसील के चर्चित हल्का लेखपाल अमित शुक्ला प्रधान प्रतिनिधि बब्लू शुक्ला के साथ मौके पर पैमाइश करने पहुंचे और जैसे ही गलत पैमाइश करने लगे वैसे ही शिकायतकर्ता सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने विरोध करना शुरू कर दिया अंततः हल्का लेखपाल को बैरंग वापस लौटना पड़ा। काफी दिनों से क्षेत्र में इस गांव का जमीनी विवाद चर्चा का विषय बना हुआ है। जबकि पीड़ित किसान द्वारा कई बार शिकायत के बावजूद तहसील के मुखिया उप जिलाधिकारी गौतम सिंह व तहसीलदार मंजुला मिश्रा द्वारा कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया और ना ही राजस्व टीम गठित की गई। जिससे किसान दर दर की ठोकरे खा रहा है। प्रधान प्रतिनिधि व हल्का लेखपाल का गठजोड़ सरकारी तंत्र पर हावी है । यदि राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से न लिया तो दूरगामी परिणाम भुगतने पड़ सकते है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज रायबरेली-** क्षेत्र के पूरे गयाबक्स मजरे, पोखरनी गांव में चकरोड बनाने के लिए पैमाइश करने पहुंचे हल्का लेखपाल अमित शुक्ला को पीड़ित किसान के पक्ष में दर्जनों ग्रामीण खड़े हो गए। पीड़ित किसान कमल किशोर मौर्या की पुश्तैनी जमीन पर रास्ता बनवाये जाने से दर्जनों ग्रामीणों ने पैमाइश का विरोध शुरू किया तो लेखपाल अमित शुक्ला को बैरंग वापस लौटना पड़ा। रास्ते का निर्माण करवाए जाने वाली भूमि किसान कमल किशोर मौर्या की पुश्तैनी व निजी मिल्कियत है। किसान का आरोप है कि उसकी भूमि की सीमा नक्शे पर सौ मीटर है उसके बाद चकरोड का रास्ता है। लेखपाल व प्रधान प्रतिनिधि बब्लू शुक्ला ने सांठगांठ कर उसकी भूमि की 98 मीटर छोड़कर रास्ते का निर्माण करना चाहते हैं। इस लिए वह रास्ता बनवाये जाने के विरोध में हैं। आरोप यह भी है कि उसके विरोध करने से लेखपाल अमित शुक्ला व बब्लू शुक्ला द्वारा उसे आए दिन प्रताड़ित किया जाने लगा और स्थानीय स्तर पर दबाव बनाकर उसकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। किसान कमल किशोर मौर्य ने बताया कि इस मामले की शिकायत वह कई बार तहसील प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से कर चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

पीड़ित किसान का यह भी कहना है कि उच्चाधिकारियों की उदासीनता के कारण उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है। जिससे उसे मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। किसान कमल किशोर का कहना है कि शासन द्वारा इस मामले का निष्पक्ष निस्तारण नहीं किया गया, तो वह मुख्यमंत्री की चौखट पर न्याय की गुहार लगाएगा। मामले में हल्का लेखपाल अमित शुक्ला का कहना है कि किसान के गाटे का क्षेत्रफल पूरा है उसके रकबे को छोड़कर रास्ता निर्माण की पैमाइश की गई है। लेकिन वह मानने को तैयार नहीं। उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। राजस्व टीम गठित करके प्रकरण की वास्तविक पैमाइश कराकर रास्ते का निर्माण कराया जाएगा।

# बदलती वैश्विक राजनीति और इस्लामिक नाटो की आहट, भारत के लिए संभावनाएँ और चुनौतियाँ

दुनिया की राजनीति इस समय एक गहरे बदलाव के दौर से गुजर रही है। शीत युद्ध के बाद जो वैश्विक व्यवस्था बनी थी, वह अब धीरे-धीरे ढीली पड़ती दिख रही है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं क्षेत्रीय शक्तियाँ अपने-अपने स्तर पर नए सुरक्षा विकल्प तलाश रही हैं। इसी पृष्ठभूमि में हाल के महीनों में जिस अवधारणा ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है, वह है तथाकथित इस्लामिक नाटो। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुई रक्षा समझौता, उसमें तुर्किये की संभावित भागीदारी और अरब-इस्लामिक मंचों पर सामूहिक सुरक्षा की चर्चा ने इस विचार को नई हवा दी है। यह महज तीन देशों की आपसी नजदीकी का मामला नहीं है, बल्कि मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया और वैश्विक शक्ति संतुलन पर दूरगामी असर डालने वाली प्रक्रिया का संकेत भी है। भारत के संदर्भ में यह विषय इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि भारत के अधिकतर इस्लामिक देशों के साथ लंबे समय से कूटनीतिक और आर्थिक रिश्ते रहे हैं। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात भारत के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में शामिल हैं। खाड़ी देशों में करोड़ों भारतीय काम करते हैं और वहां से आने वाला धन भारतीय अर्थव्यवस्था की एक मजबूत रीढ़ है। अब तक भारत ने इन देशों के साथ राजनीतिक मतभेदों के बावजूद व्यावहारिक और संतुलित संबंध बनाए रखे हैं। लेकिन अगर इस्लामिक देशों का कोई औपचारिक सैन्य संगठन अस्तित्व में आता है, तो इस संतुलन पर असर पड़ना स्वाभाविक है। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच सितंबर 2025 में हुआ रक्षा समझौता इस पूरी चर्चा की बुनियाद है। इस समझौते में यह प्रावधान रखा गया कि अगर दोनों में से किसी एक देश पर हमला होता है, तो उसे दूसरे देश पर हमला माना जाएगा। यह विचार पश्चिमी सैन्य गठबंधन की तर्ज पर है, जिसमें सामूहिक रक्षा की अवधारणा शामिल होती है। पाकिस्तान की खासियत यह है कि वह इकलौता इस्लामिक देश है जिसके पास परमाणु हथियार हैं। यही कारण है कि सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के लिए पाकिस्तान का साथ रणनीतिक रूप से आकर्षक बन जाता है। तुर्किये की संभावित भागीदारी इस गठजोड़ को और मजबूत रूप दे सकती है, क्योंकि तुर्किये के पास आधुनिक सैन्य तकनीक, प्रशिक्षित सेना और यूरोप तथा एशिया को जोड़ने वाली भौगोलिक स्थिति है।

हालांकि यह भी सच है कि इस्लामिक देशों के बीच एक मजबूत और एकजुट सैन्य संगठन बनाना आसान नहीं है। इतिहास इस बात का गवाह रहा है कि मुस्लिम देशों ने पहले भी इस तरह की कोशिशें की हैं, लेकिन वे अक्सर कागजों से आगे नहीं बढ़ पाईं। सऊदी अरब की पहल पर बना आतंकवाद विरोधी इस्लामिक सैन्य गठबंधन हो या इस्लामिक सहयोग संगठन के भीतर संयुक्त सुरक्षा बल का प्रस्ताव, ये सभी योजनाएँ आपसी मतभेदों और राजनीतिक असहमति के चलते ठंडे बस्ते में चली गईं। शिया और सुन्नी विभाजन, क्षेत्रीय नेतृत्व की प्रतिस्पर्धा और बाहरी शक्तियों से जुड़े हित इन प्रयासों की सबसे बड़ी बाधा रहे हैं। मध्य पूर्व की मौजूदा स्थिति इस बहस को और जटिल बना देती है। इजराइल की हालिया सैन्य कार्रवाइयों ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है। कई इस्लामिक देशों पर हुए हमलों के बाद अरब दुनिया में यह भावना गहरी हुई है कि उनकी सुरक्षा केवल बाहरी शक्तियों के भरोसे नहीं छोड़ी जा सकती। तेल संपन्न खाड़ी देशों के पास धन की कमी नहीं है, लेकिन परमाणु या अत्याधुनिक रणनीतिक हथियारों के मामले में वे कमजोर हैं। ऐसे में पाकिस्तान जैसे देश के साथ खड़ा होना उन्हें एक तरह की सुरक्षा ढाल का एहसास देता है। भारत के लिए यह परिदृश्य चिंता का विषय इसलिए भी है क्योंकि पाकिस्तान लंबे समय से इस्लामिक मंचों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ माहौल बनाने के लिए करता रहा है। कश्मीर मुद्दे को इस्लामिक सहयोग संगठन की बैठकों में उठाया जाना और आतंकी घटनाओं को अंतरराष्ट्रीय रंग देने की कोशिशें इसका उदाहरण हैं। विदेश मामलों के जानकार डॉ. राजन कुमार का मानना है कि भारत कभी नहीं चाहेगा कि इस्लामिक देशों के बीच कोई औपचारिक सैन्य संगठन बने, खासकर तब जब उसमें पाकिस्तान जैसी भूमिका हो। पाकिस्तान का परमाणु दर्जा उसे इस्लामिक दुनिया में एक अलग तरह की हैसियत देता है, जिसका इस्तेमाल वह अपने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए कर सकता है।

अगर भविष्य में इस्लामिक नाटो जैसा कोई संगठन बनता है और उसमें सामूहिक रक्षा का सिद्धांत लागू होता है, तो भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी संभावित संघर्ष का दायरा बढ़ सकता है। ऐसी स्थिति में संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित न रहकर बहुपक्षीय रूप ले सकता है। तुर्किये पहले ही कई मौकों पर पाकिस्तान के समर्थन में खुलकर सामने आ चुका है। रिटायर्ड वायुसेना अधिकारियों और रणनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसा संगठन केवल भारत ही नहीं, बल्कि इजराइल, आर्मेनिया और साइप्रस जैसे देशों के लिए भी नई चुनौतियाँ खड़ी कर सकता है। इसी कारण भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी कूटनीतिक रणनीति को और व्यापक बनाया है। ग्रीस और साइप्रस जैसे देशों के साथ रक्षा और रणनीतिक सहयोग बढ़ाना, इजराइल के साथ रिश्तों को और मजबूत करना, और पश्चिम एशिया में संतुलित नीति अपनाना इसी दिशा के कदम हैं। भारत की कोशिश रही है कि वह किसी एक खेमे में बंधने के बजाय सभी के साथ व्यावहारिक संबंध बनाए रखे। लेकिन बदलते हालात में यह संतुलन बनाए रखना आसान नहीं होगा। दूसरी ओर यह भी समझना जरूरी है कि इस्लामिक नाटो की अवधारणा फिलहाल विचार और चर्चा के स्तर पर ही है। दोहा जैसी बैठकों में इसे सिद्धांत रूप में स्वीकार जरूर किया गया है, लेकिन कोई ठोस समयसीमा या स्पष्ट ढांचा सामने नहीं आया है। इस्लामिक देशों के आपसी मतभेद इतने गहरे हैं कि उन्हें एक मंच पर लाना ही बड़ी चुनौती है, एक प्रभावी सैन्य संगठन बनाना तो उससे भी कठिन काम है। मिस्र, जॉर्डन और कतर जैसे देश अभी भी अमेरिका के बड़े सहयोगी हैं। इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे देशों की राजनीति और प्राथमिकताएँ मध्य पूर्व से काफी अलग हैं। ऐसे में सभी का एकजुट होना आसान नहीं दिखता।

फिर भी सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के बीच बढ़ती सैन्य और रणनीतिक नजदीकी को हल्के में नहीं लिया जा सकता। यह बदलते वैश्विक शक्ति संतुलन का संकेत है, जिसमें क्षेत्रीय शक्तियाँ अपने हितों की रक्षा के लिए नए रास्ते तलाश रही हैं। भारत के लिए यह एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि भविष्य की चुनौतियों के लिए अभी से तैयार रहना होगा, और अवसर इसलिए कि सक्रिय कूटनीति, मजबूत आर्थिक संबंधों और बहुपक्षीय संवाद के जरिए इन बदलावों को संतुलित किया जा सकता है। अंततः यह कहा जा सकता है कि 'इस्लामिक नाटो' फिलहाल एक उभरती हुई परिकल्पना है, न कि एक ठोस हकीकत। इसके रास्ते में कई राजनीतिक, वैचारिक और व्यावहारिक अड़चनें हैं। लेकिन जिस तरह से दुनिया का शक्ति संतुलन बदल रहा है, उसमें इस तरह की अवधारणाओं का उभरना स्वाभाविक है। भारत के लिए जरूरी है कि वह इन संकेतों को गंभीरता से समझे, अपनी रणनीति को समय के साथ ढाले और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर सजग रहे।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## गैस गीजर और अंगीठी से हर साल हजारों निर्दोष मौत

इन दिनों देश के अनेक भागों में कड़ाके की ठंड पड़ने से तापमान शून्य से भी नीचे चला गया है। ऐसे में ताप के लिए चंद लोग कमरों में अंगीठी जला कर सोने के कारण जहरीला धुआं चढ़ने से मृत्यु के शिकार हो रहे हैं।वहीं सैकड़ों लोग बिना वेंटिलेटर वाले बाथरूम में गैस गीजर का इस्तेमाल करने से आक्सीजन कम होने पर जान गंवा देते हैं। भारत के अलग-अलग हिस्सों से हर कुछ महीनों में एक जैसी खबरें सामने आती हैं। बाथरूम में नहाते समय गैस गीजर से निकली जहरीली गैस, दम घुटना और फिर अचानक बाथरूम में नहाने वाले की मौत हो जाना। ये खबरें चौंकाती जरूर हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद भुला दी जाती हैं। यही भूल सबसे खतरनाक है। क्योंकि गैस गीजर कोई अचानक खराब होने वाली मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा खामोश खतरा है, जो ज़रा-सी लापरवाही पर जान ले सकता है।

आपको पता हो कि कमरे में लकड़ी या कोयले की अंगीठी जला कर रखने से 'ऑक्सीजन' की कमी हो जाती है और 'कार्बन मोनोआक्साइड' सीधे दिमाग पर असर डालती है, जो सांस के जरिए पूरे शरीर में फैल जाती है। इससे शरीर में ' हीमोग्लोबिन' कम हो जाने से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इसी कारण पिछले लगभग 2 सप्ताह में हुई ऐसी दर्दनाक मौतों की झड़ी लगी हैं। इसी तरह बाथरूम में गैस गीजर चलाने पर भी आक्सीजन कम हो जाता है और अनेक लोग हर साल जान गंवा देते हैं।

कुछ दुखद घटनाओं की बानगी देखिए हाल ही में उत्तर प्रदेश के बदायूं में ऐसा ही दिल दहला देने वाला मामला सामने आया। असल में, सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शाहबाजुर जफा में रहने वाले सलीम अहमद के दो बेटे 11 साल का सयान और 4 साल का रयान, रोज़ की तरह सुबह करीब 10 बजे बाथरूम में नहाने गए थे। बाथरूम अंदर से बंद था और गैस गीजर चालू था।

आपको बता दें कि 22 दिसंबर को यूपी केपीलीभीत में शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गुरुकुल पुरम में बाथरूम में गैस गीजर का प्रयोग करने के कारण ऑक्सीजन की मात्रा कम होने से डीआरडीए के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और उनकी पत्नी की मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ। नहाते समय पत्नी का दम घुटने पर पति उन्हें बचाने के लिए पहुंचा, लेकिन वह भी चपेट में आ गया और दोनों की मौत हो गई।

दो जनवरी को पंजाब के शिवसेना नेता दीपक कंबुज की 22 वर्षीय पुत्री मुनमुन की बाथरूम में दम घुटने से मौत हो गई।

27 दिसम्बर, 2025 को 'छपरा' (बिहार) में ठंड से बचने के लिए एक कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे 3 बच्चों और उनकी नानी की दम घुटने से मृत्यु हो गई तथा परिवार के 3 अन्य सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। इस घटना में मारे गए तीनों बच्चे रिश्ते में भाई-बहन थे जो सर्दी की छुट्टियों में ननिहाल आए हुए थे 31 दिसम्बर, 2025 को 'गयाजी' (बिहार) के 'कुर्किहार' गांव में कमरे के भीतर ठंड से बचने के लिए दरवाजा और खिड़की बंद करके अंगीठी जला कर सो रहे 'सुजीत कुमार' और 'अंशु कुमारी' नामक भाई-बहन तथा उनकी नानी 'मीना देवी' की दम घुटने से मौत हो गई।

8 जनवरी, 2026 को 'तरनतारन' (पंजाब) में 'गुरमीत सिंह' तथा उनकी पत्नी 'जसबीर कौर' की ठंड से बचने के लिए जला कर कमरे में रखी लकड़ियों की गैस से दम घुटने के कारण मौत हो गई।

8 जनवरी, 2026 को ही 'पटौदी' (हरियाणा) में ठंड से बचने के लिए कमरे में अंगीठी सुलगा कर सोना एक श्रमिक के परिवार पर आफत बन कर टूटा तथा दम घुटने से एक 11 वर्षीय बच्ची की मृत्यु एवं परिवार के 3 अन्य सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गए।

9 जनवरी, 2026 को 'हजारीबाग' (झारखंड) के 'बानादाग' गांव में कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे दम्पति की दम घुटने से जान चली गई।

9 जनवरी, 2026 को ही 'कोडरमा' (झारखंड) के 'पूरना नगर' में ठंड से बचने के लिए बंद कमरे में कोयला जला कर सो रहे पति-पत्नी 'वीरेंद्र शर्मा' और 'कांति देवी' की दम घुटने से मौत हो गई।

9 जनवरी, 2026 को ही 'उत्तर काशी' (उत्तराखंड) के 'चाम्पकोट' में कमरे में जल रही अंगीठी की गैस के कारण एक युवक की मृत्यु हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से बीमार हो गया।

10 जनवरी, 2026 को 'आरा' (बिहार) के 'छोटकी सिंगरी' गांव में एक कमरे में अपने माता-पिता और बहन के साथ ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो रहे 12 वर्षीय बच्चे 'बजरंगी सिंह' की मौत हो गई जबकि उसके माता-पिता और बहन गंभीर रूप से बीमार हो गए।

और अब 11 जनवरी, 2026 को 'तरनतारन' (पंजाब) में ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो रहे' अर्शदीप सिंह' (20), उसकी पत्नी' जशनदीप कौर' (19) तथा 2 महीने के मासूम बेटे 'गुरबाज सिंह' की दम घुटने से मौत हो गई और 'अर्शदीप सिंह' का साला 'किशन सिंह' बेहोश हो गया।

उक्त सब घटनाओं का सबक यही है कि बंद कमरे में अंगीठी नहीं जलानी चाहिए और यदि जलानी ही पड़े तो सोने से पहले उसे बुझा देना चाहिए ताकि धुआं पैदा न हो। इसके अलावा सोते समय खिड़की और रोशनदान भी कुछ खुले रखने चाहिएं।

इसी तरह गैस गीजर एलपीजी से पानी गर्म करता है। इस प्रक्रिया में आंशिक दहन होता है, जिससे कार्बन मोनोऑक्साइड गैस निकलती है। यह गैस न दिखती है, न सूंघी जा सकती है। यानी इंसान को पता ही नहीं चलता कि वह ज़हर सांस के साथ अंदर ले रहा है। बंद बाथरूम में यह गैस कुछ ही मिनटों में जानलेवा स्तर तक पहुंच जाती है। पहले चक्कर, फिर घबराहट, बेहोशी और कई मामलों में मौत से जुड़े मामले भी सामने आए हैं। ऐसे अनेक खतरनाक हादसे के बारे में हम पढ़ चुके हैं और यह पहला और आखिरी मामला नहीं है। हर साल देश भर में अलग अलग हादसों में एक हजार से अधिक लोगों की जान ऐसी ही छोटी लेकिन गंभीर लापरवाही के कारण जा रही है। आखिर अपने बाथरूम में लोग खुद से मौत लेकर क्यों आते हैं?क्यों बंद कमरे में हीटर या अंगीठी लगा कर सो जाते हैं? स्थानीय प्रशासन और स्वयं सेवी संस्थाओं को भी चाहिए कि इस बारे लोगों को जागरूक करे, ताकि इस तरह की दर्दनाक और असामयिक मौतों के परिणामस्वरूप परिवार तबाह होने से बच सकें।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत का जीवंत प्रतीक है काशी-तमिल संगमम

कुछ दिन पहले ही मुझे सोमनाथ की पवित्र भूमि पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में हिस्सा लेने का सुअवसर मिला। इस पर्व को हम वर्ष 1026 में सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार साल पूरे होने पर मना रहे हैं। इस क्षण का साक्षी बनने के लिए देश के कोने-कोने से लोग सोमनाथ पहुंचे। यह इस बात का प्रमाण है कि भारतवर्ष के लोग जहां अपने इतिहास और संस्कृति से गहराई से जुड़े हैं, वहीं कभी हार ना मानने वाला साहस भी उनके जीवन की एक बड़ी विशेषता है। यही भावना उन्हें एक साथ जोड़ती भी है। इस कार्यक्रम के दौरान मेरी मुलाकात कुछ ऐसे लोगों से भी हुई जो इससे पहले सौराष्ट्र-तमिल संगमम के दौरान सोमनाथ आए थे और इससे पहले काशी-तमिल संगमम के समय काशी भी गए थे। ऐसे मंचों को लेकर उनकी सकारात्मक सोच ने मुझे बहुत प्रभावित किया। इसलिए मैंने तय किया कि क्यों ना इस विषय पर अपने कुछ विचार साझा करूं। 'मन की बात' के एक एपिसोड के दौरान मैंने कहा था कि अपने जीवन में तमिल भाषा ना सीख पाने का मुझे बहुत दुख है। यह हमारा सौभाग्य है कि बीते कुछ वर्षों से हमारी सरकार तमिल संस्कृति को देश में और लोकप्रिय बनाने में निरंतर जुटी हुई है। यह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और सशक्त बनाने वाला है। हमारी संस्कृति में संगम का बहुत महत्त्व है। इस पहलू से भी काशी-तमिल संगमम एक अनूठा प्रयास है। इसमें जहां भारत की विविध परंपराओं के बीच अद्भुत सामंजस्य दिखता है, वहीं यह भी पता चलता है कि कैसे हम एक दूसरे की परंपराओं का सम्मान करते हैं। काशी तमिल संगमम के आयोजन के लिए काशी सबसे उपयुक्त स्थान कहा जा सकता है। यह वही काशी है जो अनादि काल से हमारी सभ्यता की धुरी बनी हुई है। यहां हजारों वर्षों से लोग ज्ञान, जीवन के अर्थ और मोक्ष की खोज में आते रहे हैं। काशी का तमिल समाज और संस्कृति से अत्यंत गहरा नाता रहा है। काशी बाबा विश्वनाथ की नगरी है, तो तमिलनाडु में रामेश्वरम तीर्थ है। तमिलनाडु की तेनकासी को दक्षिण की काशी या दक्षिण काशी कहा जाता है। पूज्य कुमारगुरुपर स्वामीजी ने अपनी विद्वता और आध्यात्म परंपरा के माध्यम से काशी और तमिलनाडु के बीच एक सशक्त और स्थायी संबंध स्थापित किया था।

तमिलनाडु के महान सपूत महाकवि सुब्रमण्यम भारती जी को भी काशी में बौद्धिक विकास और आध्यात्मिक जागरण का अद्भुत अवसर दिखा। यहीं उनका राष्ट्रवाद और प्रबल हुआ, साथ ही उनकी कविताओं को एक नई धार मिली। यहीं पर स्वतंत्र और अखंड भारत की उनकी संकल्पना को एक स्पष्ट दिशा मिली। ऐसे अनेक उदाहरण हैं जो काशी और तमिलनाडु के बीच गहरे आत्मीय संबंध को दर्शाते हैं। वर्ष 2022 में वाराणसी की धरती पर काशी-तमिल संगमम की शुरुआत हुई थी। मुझे इसके उद्घाटन समारोह में शामिल होने का सौभाग्य मिला था। तब तमिलनाडु से आए लेखकों, विद्यार्थियों, कलाकारों, विद्वानों, किसानों और अतिथियों ने काशी के साथ-साथ प्रयागराज और अयोध्या के दर्शन भी किए थे। इसके बाद के आयोजनों में इस पहल को और विस्तार दिया गया।

इसका उद्देश्य यह था कि संगमम में समय-समय पर नए विषय जोड़े जाएं, नए और रचनात्मक तरीके अपनाए जाएं और इसमें लोगों की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा हो। प्रयास यह था कि ये आयोजन अपनी मूल भावना से जुड़े रहकर भी निरंतर आगे बढ़ता रहे। वर्ष 2023 के दूसरे आयोजन में टेक्नोलॉजी का बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया, ताकि यह सुनिश्चित हो कि भाषा इसमें बाधा ना बने। इसके तीसरे संस्करण में इंडियन नॉलेज सिस्टम पर विशेष फोकस रखा गया। इसके साथ ही शैक्षिक संवादों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रदर्शनियों और संवाद सत्रों में लोगों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। हजारों लोग इनका हिस्सा बने। काशी-तमिल संगमम का चौथा संस्करण 2 दिसंबर, 2025 को आरंभ हुआ। इस बार की थीम बहुत रोचक थी- तमिल करकलम् यानि तमिल सीखें....।

इससे काशी और दूसरी जगहों के लोगों को खूबसूरत तमिल भाषा सीखने का एक अनूठा अवसर मिला।



तमिलनाडु से आए शिक्षकों ने काशी के विद्यार्थियों के लिए इसे अविस्मरणीय बना दिया। इस बार कई और विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। प्राचीन तमिल साहित्य ग्रंथ तोलकाप्पियम का चार भारतीय और छह विदेशी भाषाओं में अनुवाद किया गया। तेनकासी से काशी तक पहुंची एक विशेष व्हीकल एक्सपेडिशन भी देखने को मिली। इसके अलावा काशी में स्वास्थ्य शिविरों और डिजिटल लिट्रेसी कैंप के आयोजन के साथ ही कई और सराहनीय प्रयास भी किए गए। इस अभियान में सांस्कृतिक एकता के संदेश का प्रसार करने वाले पांड्य वंश के महान राजा आदि वीर पराक्रम पांडियन जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूरे आयोजन के दौरान नमो घाट पर प्रदर्शनियां लगाई गईं, बीएचयू में शैक्षणिक सत्र का आयोजन हुआ, साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

काशी-तमिल संगमम में इस बार जिस चीज ने मुझे सबसे अधिक प्रसन्नता दी, वो हमारे युवा साथियों का उत्साह है। इससे अपनी जड़ों से और अधिक जुड़े रहने के उनके पैशन का पता चलता है। उनके लिए ये एक ऐसा अद्भुत मंच है, जहां वे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। संगमम के अलावा काशी की यात्रा भी यादगार बने, इसके लिए विशेष प्रयास किए गए। भारतीय रेल ने लोगों को तमिलनाडु से उत्तर प्रदेश ले जाने के लिए विशेष ट्रेनें चलाईं। इस दौरान कई रेलवे स्टेशनों पर, विशेषकर तमिलनाडु में उनका खूब उत्साह बढ़ाया गया। सुंदर गीतों और आपसी चर्चाओं से ये सफर और आनंददायक बन गया।

यहां मैं काशी और उत्तर प्रदेश के अपने भाइयों और बहनों की सराहना करना चाहूंगा, जिन्होंने काशी-तमिल संगमम को विशेष बनाने में अपना अद्भुत योगदान दिया है। उन्होंने अपने अतिथियों के स्वागत और सत्कार में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। कई लोगों ने तमिलनाडु से आए अतिथियों के लिए अपने घरों के दरवाजे तक खोल दिए। स्थानीय प्रशासन भी चौबीसों घंटे जुटा रहा, ताकि मेहमानों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। वाराणसी का सांसद होने के नाते मेरे लिए ये गर्व और संतोष दोनों का विषय है।

इस बार काशी-तमिल संगमम का समापन समारोह रामेश्वरम में आयोजित किया गया, जिसमें तमिलनाडु के सपूत उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन जी भी मौजूद रहे। उन्होंने इस कार्यक्रम को अपने विचारों से समृद्ध बनाया। भारतवर्ष की आध्यात्मिक समृद्धि पर बल देते हुए उन्होंने बताया कि कैसे इस तरह के मंच राष्ट्रीय एकता को और अधिक सुदृढ़ करते हैं। काशी-तमिल संगमम का बहुत गहरा प्रभाव देखने को मिला है। इसके जरिए जहां सांस्कृतिक चेतना को मजबूती मिली है, वहीं शैक्षिक विमर्श और जनसंवाद को भी काफी बढ़ावा मिला है। इससे हमारी संस्कृतियों के बीच संबंध और प्रगाढ़ हुए हैं। इस मंच ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को आगे बढ़ाया है, इसलिए आने वाले समय में हम इस आयोजन को और वाइब्रेंट बनाने वाले हैं। ये वो भावना है जो शताब्दियों से हमारे पर्व-त्यौहार, साहित्य, संगीत, कला, खान-पान, वास्तुकला और ज्ञान-पद्धतियों का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है।

वर्ष का यह समय हर देशवासी के लिए बहुत ही पावन माना जाता है। लोग बड़े उत्साह के साथ संक्रांति, उत्तरायण, पोंगल, माघ बिहू जैसे अनेक त्यौहार मना रहे हैं। ये सभी उत्सव मुख्य रूप से सूर्यदेव, प्रकृति और कृषि को समर्पित हैं। ये त्यौहार लोगों को आपस में जोड़ते हैं जिससे समाज में सद्भाव और एकजुटता की भावना और प्रगाढ़ होती है। इस अवसर पर मैं आप सभी को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि इन उत्सवों के साथ हमारी साझी विरासत और सामूहिक भागीदारी की भावना देशवासियों की एकता को और मजबूत करेगी।

# कुपोषित बचपन संकट के नए संदेश

**जहरीला पानी गंभीर लापरवाही की निशानी।**

बच्चे किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूँजी होते हैं। इन्हीं नौनिहालों के कंधों पर आने वाले कल की जिम्मेदारी टिकी होती है। पर यदि देश का बचपन ही कुपोषण, बीमारी और कमजोरी से जूझ रहा हो, तो सशक्त राष्ट्र की कल्पना केवल नारा बनकर रह जाती है। आज भारत इसी गंभीर और चिंताजनक दौर से गुजर रहा है, जहाँ बाल कुपोषण एक विकराल राष्ट्रीय समस्या का रूप ले चुका है। यह केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, प्रशासनिक संवेदनशीलता और भविष्य की सुरक्षा का सवाल है। सरकारी आंकड़े स्वयं इस भयावह स्थिति की गवाही देते हैं। देश के 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग 35 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार हैं, जिनमें से करीब 50 प्रतिशत बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं और लगातार बीमारियों से जूझ रहे हैं। यह आंकड़ा किसी एक राज्य या क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में फैली एक गहरी बीमारी की ओर इशारा करता है। महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात और मध्यप्रदेश जैसे आर्थिक रूप से सक्षम और बड़े राज्यों में कुपोषित बच्चों की संख्या सबसे अधिक होना, व्यवस्था पर सीधा प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। विडंबना यह है कि एक ओर देश में हर साल बाल दिवस बड़े उत्सव और करोड़ों के खर्च के साथ मनाया जाता है, वहीं दूसरी ओर वही बच्चे कुपोषण और भूख से जूझ रहे हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय जैसे अलग मंत्रालय की मौजूदगी के बावजूद यदि बच्चों का पोषण सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है, तो यह केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि प्राथमिकताओं की विफलता है। मलेरिया, टीबी और अन्य बीमारियों पर अरबों रुपये खर्च किए जाते हैं, जो निस्संदेह आवश्यक है, परंतु यदि देश की 'रीढ़ की हड्डी' माने जाने वाले बच्चे ही कमजोर रहेंगे, तो ये सारी योजनाएँ अधूरी साबित होंगी।

कोरोना महामारी ने इस संकट को और गहरा कर दिया। लॉकडाउन, स्कूलों का बंद होना, आंगनबाड़ी सेवाओं में बाधा और गरीब परिवारों की आय में गिरावट–इन सबका सीधा असर बच्चों के पोषण पर पड़ा। परिणामस्वरूप आने वाले वर्षों में कुपोषण और उससे होने वाली बाल मृत्यु की आशंका और बढ़ गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार लगभग 18 लाख बच्चे अत्यधिक कुपोषित हैं और 16 लाख बच्चे अल्प कुपोषण की स्थिति में हैं। ये आंकड़े केवल संख्या नहीं हैं, बल्कि हर आंकड़े के पीछे एक कमजोर शरीर, एक अधूरा बचपन और एक अनिश्चित भविष्य छिपा है। वैश्विक स्तर पर स्थिति और भी शर्मनाक है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2021 के अनुसार भारत 116 देशों में 101वें स्थान पर पहुँच गया है। वर्ष 2020 में भारत 94वें स्थान पर था, यानी हर साल स्थिति और खराब होती जा रही है। यह स्थिति तब और पीड़ादायक हो जाती है जब भारत अपने पड़ोसी देशों–पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल और भूटान–से भी पीछे दिखाई देता है। यह साफ संकेत है कि कुपोषण से निपटने के प्रयास पर्याप्त और प्रभावी नहीं हैं।

राज्यों की स्थिति भी अलग-अलग होते हुए भी समान रूप से चिंताजनक है। पोषण ट्रैकर के अनुसार केवल महाराष्ट्र में ही 6 लाख कुपोषित बच्चे दर्ज किए गए हैं, जिनमें से बड़ी संख्या गंभीर कुपोषण से पीड़ित है। बिहार में 5 लाख, गुजरात में 3.30 लाख, उत्तर प्रदेश में 19 लाख, दिल्ली में 2 लाख, आंध्र प्रदेश में 2.70 लाख, कर्नाटक में 2.50 लाख, तमिलनाडु और असम में 1.80 लाख तथा तेलंगाना में 1.60 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार हैं। यह सूची बताती है कि समस्या न तो केवल पिछड़े राज्यों की है और न ही केवल ग्रामीण क्षेत्रों की–यह एक सर्वव्यापी राष्ट्रीय संकट है। कुपोषण का असर केवल वर्तमान तक सीमित नहीं रहता। कुपोषित बच्चे जब बड़े होते हैं, तो वे अनेक बीमारियों के साथ जीवन की शुरुआत करते हैं। देश के लगभग 34 प्रतिशत कुपोषित बच्चों का कद औसत से कम रह जाता है और 21 प्रतिशत बच्चों का वजन अत्यंत कम होता है। शारीरिक कमजोरी के साथ-साथ उनकी सीखने की क्षमता, कार्यक्षमता और आत्मविश्वास भी प्रभावित होता है। ऐसे बच्चे आगे चलकर देश के लिए कितने सक्षम नागरिक बन पाएँगे–यह प्रश्न अत्यंत गंभीर है।

इस संकट में पर्यावरण और बुनियादी सुविधाओं की भूमिका भी कम नहीं है। हाल ही में इंदौर में पानी के प्रदूषण से जुड़ी घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि स्वच्छ जल की कमी और प्रदूषित पानी बच्चों के स्वास्थ्य को किस तरह गहराई से प्रभावित करता है। कुपोषण केवल भोजन की कमी से नहीं, बल्कि गंदे पानी, खराब स्वच्छता और बार-बार होने वाली बीमारियों से भी जुड़ा हुआ है। जब बच्चा लगातार दस्त, बुखार या संक्रमण से जूझता है, तो उसका शरीर पोषण को ग्रहण ही नहीं कर पाता। प्रश्न यह है कि जब देश के 40 से अधिक विभागों में हर साल अरबों रुपये खर्च हो सकते हैं, तो बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा? यह स्थिति केवल चिंताजनक नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और महिला-बाल विकास विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी स्पष्ट रूप से बच्चों और महिलाओं के लिए विशेष पोषण अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर देता रहा है।

समाधान भी उतने ही स्पष्ट हैं, जितनी समस्या। सबसे पहले, बाल कुपोषण को राष्ट्रीय आपातकाल जैसी प्राथमिकता देनी होगी। इसे केवल योजना नहीं, बल्कि मिशन के रूप में चलाना होगा। आंगनबाड़ी और मध्याह्न भोजन योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित न रखकर, उनकी गुणवत्ता, निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई और स्वास्थ्य सेवाओं को पोषण कार्यक्रमों से जोड़ना होगा। स्थानीय स्तर पर समुदाय, पंचायत, स्कूल और स्वयंसेवी संगठनों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। इसके साथ ही, सरकार को डेटा के आधार पर राज्यवार और जिलेवार विशेष अभियान चलाने होंगे, जहाँ समस्या अधिक गंभीर है। गर्भवती महिलाओं और शिशुओं पर विशेष ध्यान देकर कुपोषण की जड़ पर प्रहार किया जा सकता है। पोषण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं है–समाज, मीडिया और नागरिकों को भी इस मुद्दे को उतनी ही गंभीरता से उठाना होगा। अंततः यह समझना होगा कि कुपोषित बच्चे केवल आज की समस्या नहीं हैं, वे कल का भारत हैं। यदि आज हमने उन्हें स्वस्थ, पोषित और सशक्त नहीं बनाया, तो आने वाला कल कमजोर, बीमार और असमान होगा। देश की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भले ही प्रतिशत कम लगे, पर हर साल बढ़ती कुपोषण की दर भविष्य के लिए खतरनाक संकेत है। अब समय आ गया है कि नारे और समारोह से आगे बढ़कर, बचपन को बचाने का संकल्प लिया जाए–क्योंकि स्वस्थ बचपन ही सशक्त राष्ट्र की पहली शर्त है।

**संजीव ठाकुर**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### दुग्धेश्वर नाथ महादेव को खिचड़ी चढ़ाने उमड़े श्रद्धालु



**रूद्रपुर, देवरिया।** मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी चढ़ाने के लिए दूसरी काशी के रूप में विख्यात दूधेश्वर नाथ मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भोर से ही खिचड़ी चढ़ाने वालों का तांता लग गया। अच्छी धूप होने के कारण लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अपने घरों से निकल कर हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा दूधेश्वर नाथ को जल चढ़ाया और उन्हें खिचड़ी भी चढ़ाई। खिचड़ी चढ़ाने के साथ ही उन्होंने स्वजनों के मंगल की कामना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में मेले जैसा माहौल रहा। हालांकि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिसिया व्यवस्था ना काफी रही। समूचा मंदिर परिसर दो पहिया गाड़ियों से खचाखच भर गया था। कुछ समाजसेवियों ने मंदिर परिसर में खिचड़ी सहभोज का भी आयोजन किया। जहां लोगों ने खिचड़ी का स्वाद लिया। वहीं लोगों ने तिल से बने लड्डू और लाई से बने धोंधे का भी भरपूर आनंद उठाया।

### शीतकालीन अवकाश समाप्त,आज से खुलेंगे विद्यालय

**रूद्रपुर, देवरिया।** प्रदेश में पड़ रही शीतलहर को देखते हुए लगभग 20 दिनों से चल रही स्कूलों की छुट्टियां समाप्त हो गई हैं। शीतलहर के स्थान पर अब अच्छी धूप खिल रही है जिससे तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। बच्चे घर में बैठे बैठे उब गये हैं तो वहीं परिजन भी अब बच्चों को स्कूल भेजने के लिए आतुर दिख रहे हैं। अब बच्चों को आनलाइन होमवर्क से आजादी मिल जायेगी। शुक्रवार से सड़कों पर स्कूल की गाड़ियों का रेला दिखेगा। विद्यालय गुलजार हो जायेंगे और एक नई दिनचर्या शुरू होगी। सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के रहमो-करम पर छुट्टी का आनन्द ले रहे निजी स्कूलों के शिक्षक अब दोगुनी ऊर्जा के साथ काम करेंगे और कोर्स पूरा करायेंगे। इस बीच हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के बच्चों के प्री-बोर्ड की परीक्षाएं व प्रायोगिक परीक्षा गतिमान है।

### बलरामपुर-बहराइच हा। पर 79 वाहनों का चालान:ओवरस्पीडिंग और यातायात नियम उल्लंघन पर परिवहन विभाग की कार्रवाई



**बलरामपुर**-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर परिवहन विभाग ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत चलाए गए इस अभियान में इंटरसेप्टर वाहन की मदद से ओवरस्पीडिंग करने वाले वाहनों की विशेष जांच की गई।अभियान के दौरान कुल 79 वाहनों के चालान किए गए। इनमें से 36 वाहन निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में चल रहे थे। शेष 43 चालान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट न लगाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने जैसे अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन के लिए किए गए।इस सड़क सुरक्षा अभियान में परिवहन विभाग के यांत्रिक उमेश सिंह और यातायात प्रभारी ने सक्रिय भूमिका निभाई। अधिकारियों ने मौके पर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया और लापरवाही के गंभीर परिणामों के बारे में बताया।बलरामपुर के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) बृजेश ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई की जाएगी, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम थनवारा में रहने वाले अमर सिंह पुत्र मोतीलाल ने पुलिस को बताया कि 12 जनवरी को शाम करीब 7 बजे वह गांव में मस्जिद के पास खड़ा था। तभी गांव के ब्रजेश पुत्र लच्छी कुशवाहा आया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर ब्रजेश ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

## NHAI और क्षेत्रीय जनता की मांगों के बीच फंसा बेलवनिया-शास्त्री नगर गंडक पुल प्रोजेक्ट, उग्र विरोध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** बिहार और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली बहुप्रतीक्षित जटहां-शास्त्री नगर (बगहा) गंडक पुल परियोजना एक बार फिर विवादों में घिर गई है। पुल निर्माण को लेकर NHAI द्वारा प्रस्तावित शास्त्री नगर (पश्चिमी चंपारण) से यूपी के बेलवनिया मार्ग को लेकर दोनों राज्यों की जनता में गहरा रोष व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि NHAI विभाग ने जनता और जनप्रतिनिधियों की राय को दरकिनार करते हुए एकतरफा निर्णय लिया है। प्रस्तावित बेलवनिया मार्ग को NH-727 से जोड़ने की योजना को अव्यावहारिक बताते हुए लोगों ने खुलकर विरोध शुरू कर दिया है और सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

क्षेत्रीय जनता का कहना है कि सरकार चाहे केंद्र की हो या राज्य की, वह जनता की होती है और ऐसे बड़े प्रोजेक्ट में जनहित और जनप्रतिनिधियों की सहमति अनिवार्य होनी चाहिए। लेकिन बिना संवाद के लिए गए फैसले के कारण लोग मजबूर होकर शास्त्री नगर से सीधे जटहां/पिपरासी के रास्ते गंडक पुल निर्माण की मांग पर अड़ गए हैं। स्थानीय लोगों का तर्क है कि यूपी-बिहार को जोड़ने वाले NH-727 को बेलवनिया के बजाय जटहां/पिपरासी से जोड़ा जाए तो यह अधिक व्यावहारिक और किफायती होगा। जटहां से हा-727 तक नेबुआ डबल रोड पहले से बनकर तैयार है। इस मार्ग से पुल निर्माण होने पर जहां 20 किलोमीटर की प्रस्तावित दूरी घटकर मात्र 9 किलोमीटर रह जाएगी, वहीं आधे बजट में गंडक पुल सह सड़क परियोजना पूरी हो सकती है। लोगों का कहना है कि इस रूट से पुल बनने पर उत्तर प्रदेश और बिहार के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। फिलहाल परियोजना को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है और जनता प्रशासन से मांग कर रही है कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जाए।

## गोरखपुर में बालक से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला, आरोपी को सिकरीगंज पुलिस ने 24 घण्टे में किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर।** जनपद गोरखपुर पुलिस ने बाल यौन शोषण जैसे जघन्य अपराध के एक मामले में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना सिकरीगंज क्षेत्र में दर्ज बालक से दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर धर दबोचा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर श्री राजकरन नैय्यर (L.P.S.) के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दिनेश कुमार पुरी (P.P.S.) तथा क्षेत्राधिकारी खजनी श्री कमलेश सिंह (P.P.S.) के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिकरीगंज पुलिस को यह सफलता मिली। थानाध्यक्ष आशीष कुमार तिवारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अजीत प्रताप सिंह, कांस्टेबल संदीप कुमार एवं कांस्टेबल दिनेश कुमार की टीम 15 जनवरी 2026 को अभियुक्त की तलाश में गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बालक से दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त शुभम यादव गांव डडिहथ के बाहर बेलघाट मोड़ के पास मौजूद है और कहीं भागने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शुभम यादव पुत्र अशोक यादव, निवासी ग्राम डडिहथ, थाना सिकरीगंज, जनपद गोरखपुर, उम्र लगभग 20 वर्ष के रूप में हुई है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना सिकरीगंज पर मु0अ0सं0 11/2026 धारा 115(2)/137(2) बी.एन.एस. तथा 5(द्व)/6 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत मामला पंजीकृत है। पुलिस के अनुसार, वादी संदीप शर्मा पुत्र स्वर्गीय परमेश्वर शर्मा द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप है कि दिनांक 14 जनवरी 2026 को लगभग 11 बजे अभियुक्त उनके नाबालिग पुत्र को अपने छप्पर में ले गया और उसके साथ दुराचार किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अगले ही दिन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया।

अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल अभियुक्त के पास से कोई बरामदगी नहीं हुई है। इस कार्रवाई में थाना सिकरीगंज पुलिस टीम की सक्रियता और संवेदनशीलता की सराहना की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि बच्चों के विरुद्ध अपराधों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मकर संक्रांति पर सिद्धी पुरवा में कंबल वितरण समारोह आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोंडा।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मनोहरजोत के सिद्धी पुरवा में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुरोहित लवकुश शास्त्री द्वारा विधि-विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ कराई गई। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के महामंत्री राकेश तिवारी द्वारा किया गया।कार्यक्रम के आयोजक दीपक मिश्रा उर्फ दीपू मिश्रा ने क्षेत्र के गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित करते हुए कहा कि कड़ाके की ठंड में समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर अपने आसपास रहने वाले निर्धन, गरीब और असहाय लोगों की सहायता करनी चाहिए, ताकि किसी को भी ठंड के कारण कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण मिश्रा एवं जिला प्रबंधक यूपीएसएस शैलेन्द्र सिंह मौजूद रहे।इस अवसर पर चौकी प्रभारी पिपरा बाजार शशांक मौर्या, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्र, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश पाण्डेय, वैभव मिश्रा, सुरेश पाण्डेय, पवन मिश्रा, राम कैलाश, शिवराज पाठक, रमेश चंद्र मिश्रा एवं सरबस नाथ पांडेय सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली, वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने आयोजक व सहयोगियों के इस सेवा भाव की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## कटरा वन रेंज में वन माफियाओं का सक्रिय आतंक, हरियाली हो रही नष्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**गोण्डा ।** कटरा वन रेंज के अंतर्गत खरगूपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत भुडकुड़ी में वन माफियाओं द्वारा हरे-भरे सागौन और अन्य वृक्षों का लगातार अवैध कटान किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह गतिविधि क्षेत्र की हरियाली और पर्यावरण संतुलन को गंभीर खतरे में डाल रही है।ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में वन माफिया पूरी तरह सक्रिय हैं और उनकी यह गतिविधि पुलिस और वन विभाग की कथित मिलीभगत के कारण बेखौफ जारी है। जहां भी नजर दौड़ाई जाए, वहां अवैध कटान जारी है। शिकायत करने के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता वन माफियाओं के हौसले बढ़ा रही है। स्थानीय ग्रामीण ने कहा, 'सागौन, नीम और अन्य वृक्ष काटे जा रहे हैं। हम डरते हैं कि अगर अब नहीं रुका तो आने वाले समय में हमारी पंचायत की हरियाली पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। ' इस संबंध में कटरा वन रेंज के रेंजर इमरान खान द्वारा बताया गया की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।वन विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रकार की अवैध कटाई न केवल स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करती है, बल्कि जलवायु असंतुलन, मृदा अपरदन और स्थानीय जल स्रोतों पर भी गंभीर असर डालती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि कटरा वन रेंज के अंतर्गत वन माफियाओं पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुलिस और वन विभाग ने अभी भी उदासीनता दिखाई, तो वे सोशल मीडिया और जन आंदोलन के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

## ग्राम पंचायत हरखड़ी में नियमों की अनदेखी कर हुआ मत्स्य आवंटन

### ● एसडीएम न्यायिक ने किया निरस्त

### प्रशासन की सख्ती से हड़कंप, पुनः शिविर लगाकर होगी आवंटन प्रक्रिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तुलसीपुर/बलरामपुर।** तहसील तुलसीपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरखड़ी में मत्स्य पालन आवंटन को लेकर सामने आई गंभीर अनियमितताओं पर प्रशासन ने आखिरकार सख्त कदम उठाया है। उप जिलाधिकारी (न्यायिक) तुलसीपुर शिव नारायण सिंह ने नियमों की अनदेखी कर किए गए मत्स्य आवंटन को निरस्त करने का आदेश पारित किया है। मामले में सामने आया कि ग्राम पंचायत हरखड़ी में मत्स्य पालन का आवंटन उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता नियमावली 2016 के नियम-57 का पालन किए बिना किया गया। न तो नियमानुसार शिविर आयोजित किया गया और न ही पात्र मछुआ समुदाय को अवसर दिया गया, जिससे पूरे आवंटन की प्रक्रिया संदेह के घेरे में आ गई। शिकायतों और जांच के बाद उप जिलाधिकारी (न्यायिक) ने दिनांक 31 मई 2022 को किया गया मत्स्य आवंटन निरस्त कर दिया। आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अब मत्स्य आवंटन की प्रक्रिया नियम-57 के तहत शिविर आयोजित कर पारदर्शी ढंग से कराई जाए, ताकि वास्तविक और पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके।

आदेश की प्रति सहित संपूर्ण पत्रावली उप जिलाधिकारी तुलसीपुर को अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रेषित कर दी गई है। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद ग्राम पंचायत हरखड़ी में हलचल तेज हो गई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई न होती तो सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग जारी रहता। लोगों ने यह भी मांग की है कि नियम विरुद्ध आवंटन कराने वाले जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की गहन जांच कर कार्रवाई की जाए। इस आदेश को प्रशासन द्वारा भ्रष्टाचार और मनमानी पर करारा प्रहार माना जा रहा है, जिससे भविष्य में ऐसी अनियमितताओं पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

## सपा नेता संजय विद्यार्थी के तरफ से आयोजित किया गया खिचड़ी भोज

**मनकापुर गोंडा-** समाजवादी पार्टी के विधानसभा गौरा प्रत्याशी संजय विद्यार्थी के तरफ से विद्यार्थी जन कल्याण इंटर कालेज बभनान गोंडा परिसर में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया जिसमे जिलाध्यक्ष गोण्डा अरसद हुसैन की उपस्थिति में हजारों कार्यकर्ताओ ने उपस्थित होकर खिचड़ी भोज मनाया गया साथ ही कार्यक्रम मे मैन पुरी सासंद डिम्पल यादव जी का जन्मदिन केक काटकर कार्य कर्ताओ के धूमधाम से मनाया गया और कार्यक्रम में प्रदेश सचिव विनोद श्रीवास्तव एडवोकेट, हाजी मोहम्मद जकी, संदीप शुक्ला, विधानसभा प्रभारी इस्लाम चौधरी, विनंदेश्वर प्रताप सिंह उर्फ़ छोटे राजा, सुशीला गौतम सहित कई वक्ताओ ने अपने विचार रखा और सपा के नीतियों एवं विचारों को रखा और आगामी विधानसभा चुनाव में सभी जनता से उत्तर प्रदेश मे सपा पार्टी को सहयोग देकर अखिलेश यादव की सरकार बनाने का अपील किया। कार्यक्रम का संचालन पप्पू यादव ने किया इस अवसर परअधिक संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय जनता मौजूद रहे।

## सहजनवा में सुलह से इनकार बना जान का खतरा: दिव्यांग युवक को फोन पर धमकी, तीन नामजद पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सहजनवां -गोरखपुर-** न्याय की राह पर डटे एक दिव्यांग युवक को सुलह न करना भारी पड़ गया। गीडा थाना क्षेत्र के बाधागाड़ा टोला जीतपुर निवासी दिव्यांग चंद्रकेश पुत्र रामवृक्ष को पुराने मुकदमे में समझौता कराने के दबाव के बीच कथित मनबढ़ों ने फोन पर जान से मारने की धमकी देनी शुरू कर दी। लगातार मिल रही धमकियों से सहमे पीड़ित ने पुलिस के उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई, जिसके बाद सीओ गीडा के आदेश पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पीड़ित चंद्रकेश के अनुसार वर्ष 2023 में कुछ लोगों द्वारा उसे धमकाने और मारपीट की कोशिश किए जाने के मामले में गीडा थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। उसी प्रकरण को लेकर आरोपी लगातार सुलह का दबाव बना रहे थे। दिव्यांग होने के बावजूद न्याय के लिए अडिग चंद्रकेश ने समझौता करने से साफ इनकार कर दिया। आरोप है कि इसी के बाद आरोपियों का रवैया और आक्रामक हो गया और उन्होंने फोन कॉल के जरिए उसे जान से मारने की धमकी देनी शुरू कर दी।

धमकियों की तीव्रता बढ़ने और किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए पीड़ित ने सीधे क्षेत्राधिकारी (सीओ) गीडा से न्याय की गुहार लगाई। मामले की गंभीरता को समझते हुए सीओ गीडा ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। आदेश के अनुपालन में गीडा पुलिस ने आरोपी सन्नी देवल, चंदन और दीपू के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिव्यांग व्यक्ति पर इस तरह का दबाव और धमकी कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। समाज के कमजोर वर्ग के व्यक्ति को न्याय से पीछे हटाने की कोशिश न केवल अपराध है, बल्कि मानवता पर भी आघात है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, दर्ज मुकदमे में कॉल डिटेल्स सहित अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बड़हलगंज में दर्दनाक हादसा: पतंग उड़ाते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया 10 वर्षीय मासूम, करंट लगने से मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ग़ोला - गोरखपुर।** बड़हलगंज थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां पतंग उड़ाने के दौरान हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से 10 वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे से पूरे गांव में शोक और मातम का माहौल है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अनिल गौड़ उर्फ कान्हा (उम्र लगभग 10 वर्ष) के रूप में हुई है। अनिल गांव में ही अन्य बच्चों के साथ पतंग उड़ा रहा था। इसी दौरान उसकी पतंग पास के एक पेड़ में फंस गई। पतंग निकालने के लिए अनिल पेड़ पर चढ़ गया। दुर्भाग्यवश पेड़ के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में वह आ गया और तेज करंट लगते ही मौके पर ही गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे और तुरंत बिजली आपूर्ति बंद कराने की कोशिश की। आनन-फानन में बच्चे को नीचे उतारा गया और स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही हादसे की खबर गांव में फैली, शोक की लहर दौड़ गई। मासूम की मौत से मां-बाप बेसुध हो गए। परिजनों का कहना है कि अनिल पढ़ाई में होशियार और बेहद चंचल बच्चा था। उसकी असमय मौत ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया है। सूचना मिलते ही बड़हलगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह हादसा प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं की जांच की जाएगी। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि आबादी के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनें पहले भी खतरे का कारण बनी हैं। कई बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसी खतरनाक लाइनों को आबादी से दूर किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर बच्चों की सुरक्षा और बिजली व्यवस्था की गंभीर खामियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मासूम अनिल की मौत ने पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डुबो दिया

## सपा प्रदेश सचिव ने गरीबों के बीच में पहुंचकर अपनी लोकप्रिय नेता कन्नौज की सांसद का मनाया जन्मदिन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर गोण्डा-** गौरा विधानसभा के अंतर्गत ग्राम सभा भावपुर के मजरा रेंडवलिया में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रईस अहमद ने गरीबो के बीच पहुंचकर कन्नौज से लोकप्रिय सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन बहुत ही धूमधाम से मनाया। श्री अहमद ने अपने संबोधन में सपा सांसद डिंपल यादव की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि सपा सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। हमारी सरकार ने सभी जाति वर्गो का सम्मान किया है। आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी ने अपनी सरकार में जो काम जनता के हित में कर दिया है वो किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने डिंपल यादव जी के बारे में अपने संबोधन में कहा कि डिंपल यादव ने आम जनमानस के लिए के लिए हमेशा आवाज उठाई है। आज हमारे लिए बहुत खुशी का दिन है कि हम लोग उनका जन्मदिन मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो हवा प्रदेश में चल रही है निश्चित ही 2027 में सपा की सरकार बनेगी और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी मुख्यमंत्री बनेंगे। अहमद ने जन्मदिन के मौके पर केक काटा। साथ ही साथ फल और टॉफी बांटा। फल पाकर उपस्थित महिलाओं और बच्चों में अपार प्रसन्नता देखी गयी। इस कार्यक्रम में जिला सचिव अशोक यादव, एस एम एम हक़, मास्टर शकील, क्षेत्र पंचायत सदस्य बनने प्रधान, चिंगुद, सुबराती, राम जियावन, नसीर अहमद, राशिद, राम मूरत राजभर, कल्लू, झिनकाई प्रजापति, श्याम लाल, शनी, बदर, सद्दाम, काजी इस्तकबाल, शजाबुद्दीन, इमरान, राम कुमार, हाफिज सुबहान, अमृत नाथ, सरफराज, शिवा के साथ अधिकांश संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## केक काटकर धूम धाम से मनाया गया गौरा विधायक का जन्मदिन

**मनकापुर गोण्डा-** गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा का उनके आवास सैदापुर मे धूम धाम से कार्यकर्ताओ के बीच केक काटकर मनाया जन्मदिन। प्रेम नरायन पाण्डेय विधायक तरब गंज ने जन्मदिन के अवसर पर आकर आशीर्वाद दिया। जन्मदिन मे पार्टी के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओ जनप्रतिनिधियों सहित एवं क्षेत्रीय जनता ने पहुंचकर विधायक जी को जन्मदिन का आशीर्वाद देकर दीर्घायु की कामना किया विधायक जी ने आए हूए गणमान्य लोगो को आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम मे विधायक जी के तरफ से जन्मदिन के अवसर पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया था।इस अवसर पर विक्रम वर्मा, बब्लू वर्मा, हरि प्रसाद गुप्ता, बनारसी गुप्ता, नीरज पटेल ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बभनजोत पंकज पटेल, दशरथ वर्मा,विनंदेश्वरी प्रसाद वर्मा सहित अधिकांश गणमान्य व्यक्तियों सहित क्षेत्र की जनता मौजूद रहे।

## धर्म परिवर्तन मामले के आरोपी जेल भेजे गए, रिमांड अवधि हुई समाप्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर ।** हिंदू धर्म को लगातार टारगेट कर युवतियों को प्रेम के जाल में फंसाकर धर्म परिवर्तन कराने के मामले में गिरफ्तार बलरामपुर के जलालुद्दीन उर्फ छांगुर और उनकी सहयोगी नसरीन उर्फ नीतू की रिमांड अवधि बुधवार शाम को समाप्त हो गई। एटीएस ने दोनों आरोपियों को एक सप्ताह की रिमांड अवधि के बाद एनआईए की अदालत में पेश किया, जहां अदालत ने उन्हें जेल भेजने का आदेश दिया।बता दें, इस दौरान एटीएस को छांगुर और नीतू के खिलाफ कई अहम जानकारियां प्राप्त हुई। जांच में अब तक 106 करोड़ रुपये की विदेशी फंडिंग और 70 से ज्यादा बैंक खातों का खुलासा हुआ है। इन खातों की गहनता से जांच पड़ताल चल रही है।वहीं, अधिकारियों का कहना है कि छांगुर और नीतू उर्फ नसरीन पर बलरामपुर और आसपास के क्षेत्रों में धर्म परिवर्तन के संगठित गिरोह के संचालन का आरोप है। एटीएस ने रिमांड के दौरान छांगुर के कई ठिकानों की जांच की और उसके अवैध कारोबार से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज़ भी एकत्र किए।बता दें, जलालुद्दीन उर्फ छांगुर को लेकर पुलिस का मानना है कि वह इस गिरोह का सरगना है, जो हिंदू युवतियों को प्रेम के जाल में फंसाकर उनका धर्म परिवर्तन कराता था। एटीएस की पूछताछ के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई।वहीं, रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद दोनों को लखनऊ के जिला कारागार में भेज दिया गया। जेल अधीक्षक आरके जायसवाल ने पुष्टि की कि दोनों आरोपियों को जेल में अलग-अलग बैरकों में रखा गया है। दिलचस्प बात यह है कि नीतू उर्फ नसरीन का पति नवीन उर्फ जमालुद्दीन भी उसी जेल में बंद है। साथ ही पुलिस इस धर्म परिवर्तन के गिरोह के अन्य लोगों का पता लगा रही और कहा कि अगर इसमें कोई और भी आगे सम्मिलित पाया जाएगा इन लोगों की तरह उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## बराहक्षेत्र में मकर संक्रांति का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जनपद के अजगैआ जंगल ग्राम सभा के बाराह क्षेत्र में मकर संक्रांति (खिचड़ी) के पावन एवं शुभ अवसर पर, बारहक्षेत्र मंदिर परिसर में एकत्रित हुए हैं। यह पर्व केवल सूर्य के उत्तरायण होने का नहीं, बल्कि एकता, समरसता, सेवा और भाईचारे का प्रतीक है। इसी पावन भावना को आत्मसात करते हुए। भारतीय सुहेलदेव समाज पार्टी के विधानसभा उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार गौतम एवं अन्य ग्राम सभा के भाइयो के द्वारा आज यहाँ खिचड़ी के भंडारे का आयोजन किया गया है। यह भंडारा हमारी उस सोच को दर्शाता है, जिसमें सेवा ही संकल्प है और जनकल्याण ही लक्ष्य है। यह आयोजन किसी एक व्यक्ति या वर्ग के लिए नहीं, बल्कि समस्त क्षेत्रवासियों के लिए है। चाहे गरीब हो या अमीर, छोटा हो या बड़ा-आज सभी एक पंक्ति में बैठकर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं, यही हमारी संस्कृति और परंपरा की सबसे बड़ी पहचान है। मैं इस पुनीत आयोजन के लिए सभी सहयोगियों और आप सभी क्षेत्रवासियों का हृदय से आभार एवं धन्यवाद करता हूँ, जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हो रहा है। अंत में, मैं भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि मकर संक्रांति का यह पर्व आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली लेकर आए। इसी मंगलकामना के साथ जिला पंचायत प्रत्याशी गुलाबचंद राव, दिनेश राजभर, महेंद्र कुमार , डॉ दुर्गेश कुमार, संदीप कुमार, रवि कुमार, शाह मोहम्मद, पंकज यादव, आज लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पाठक पुस्तक भंडार पर हुआ खिचड़ी का वितरण कार्यक्रम



टूण्डला- टूण्डला के स्टेशन रोड पर मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में पाठक पुस्तक भंडार पर एक भव्य खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे भाजपा नगर महामंत्री सुनील पाठक, मुकेश पचौरी, रिंकू उपाध्याय जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा, प्रशांत ठाकुर, अंकित शर्मा, जितेंद्र अजवानी वह अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा खिचड़ी वितरण कार्यक्रम किया।

### पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जयनाथ सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



आजमगढ़ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष आजमगढ़ श्री जयनाथ सिंह का जन्मदिन जिले में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्मदिवस के अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। सभी ने श्री जयनाथ सिंह के संगठन के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं जनसेवा कार्यों की सराहना की और कहा कि उनका नेतृत्व सदैव कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक रहा है।

जन्मदिन के शुभ अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य श्री विजय बहादुर पाठक ने श्री जयनाथ सिंह से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अमित तिवारी तथा भाजपा नेता एवं उपसभापति जिला सहकारी बैंक आजमगढ़ श्री बृजेश सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया।

### नेपाल से चरस लेकर फिरोजाबाद आ रहे अन्तर्राष्ट्रीय गैंग के दो तस्कर गिरफ्तार

**तस्करों से 05 किलो 753 ग्राम चरस बरामद हुआ जिसकी अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रूपये है**



फिरोजाबाद- थाना रसूलपुर व एएनटीएफ आगरा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह के दो अभियुक्तगण को 05 किलो 753 ग्राम चरस जिसकी अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपये है, बरामद हुआ। अपर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा नारकोटिक्स पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन मे क्षेत्राधिकारी ए.एन.टी.एफ आगरा जोन आगरा एवं क्षेत्राधिकारी नगर फिरोजाबाद के नेतृत्व मे ए.एन.टी.एफ यूनिट आगरा जोन आगरा एवं थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर नेपाल से चरस लेकर फिरोजाबाद आ रहे अन्तर्राष्ट्रीय गैंग के दो सदस्यो अजय सहनी पुत्र स्व0 दुखी सहनी व सूरज कुमार पुत्र शिवपूजन दास दोनों निवासी ग्राम बेरिया डीह थाना हर्षिदी जिला मोतीहारी पूर्वी चम्पारन बिहार को बरी चौराहा थाना क्षेत्र रसूलपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 05 किलो 753 ग्राम मादक पदार्थ चरस जिसकी अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपये है, बरामद हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि अभियुक्तगण अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गैंग के सदस्य है, जो नेपाल से सस्ते दाम मे चरस खरीदकर 4-5 गुना मंहगे रेट पर बेचते है। पुलिस ने गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर थाना रसूलपुर पर अभियुक्तगण के विरूद्ध एन.डी.पी.एस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की है।

# फर्जी, झूठी आख्या लगाकर किया जाता रहा अवैध कब्जा की शिकायतों का निस्तारण

**● वगैर पैमाईश फर्जी रिपोर्ट लगाकर सी एम पोर्टल पर की गई शिकायतों का निस्तारण कर शासन प्रशासन को गुमराह करने वाले लेखपाल भूपेंद्र कुमार वर्मा के विरुद्ध कार्रवाई की मांग**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखीमपुर खीरी तहसील गोला के अंतर्गत ग्राम पंचायत जटपुरा में अपनी तैनाती के दौरान अवैध कब्जाधारकों को संरक्षण देने वाले लेखपाल भूपेंद्र वर्मा का अजब गजब मामला सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जटपुरा में अपनी तैनाती के दौरान वर्ष 2022 में खेल मैदान और प्राइमरी पाठशाला के नाम आरक्षित भूमि गाटा संख्या 159/0.1000, गाटा संख्या 474/0.0600 है 0तथा गाटा संख्या 1192/0.1500है 0पर अवैध कब्जा की शिकायत सी एम पोर्टल पर की गई थी। जिसमें तत्कालीन लेखपाल और प्रधान ने मिलकर अवैध कब्जाधारकों से भारी सुविधा शुल्क ले कर फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह करते हुए सरकारी खेल मैदान की आरक्षित जमीन पर कब्जा करवा दिया था। सूत्र बताते हैं कि उस समय पर उपरोक्त गाटा संख्या 1192/0.1500पर अयूब पुत्र आशिक अली, शौकत अली पुत्र छेदी मियां, सुरेंद्र कुमार पुत्र गोकुल यादव, किताबुद्दीन तथा ठाकुर प्रसाद आदि लोगों का कब्जा चल रहा था। जिसकी लिखित शिकायत लगभग एक दर्जन लोगों के हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री पोर्टल पर संदर्भ संख्या 40015322010052के द्वारा की गई थी। जिसकी जांच लेखपाल भूपेंद्र कुमार वर्मा द्वारा की गई थी। उक्त शिकायत की जांच में तत्कालीन लेखपाल भूपेंद्र कुमार वर्मा ने वगैर पैमाईश किए ही विपक्षी से मोटी रकम लेकर फर्जी भ्रामक रिपोर्ट की खेल मैदान की भूमि पर कोई अवैध कब्जा नहीं पाया गया। खेल मैदान की भूमि प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीवाल के अंदर है। बाउंड्रीवाल के किनारे आबादी है। लिखकर शिकायत का फर्जी निस्तारण कर शासन प्रशासन को गुमराह किया गया। अभी गत दिनों पूर्व मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत पर गठित जांच टीम द्वारा की गई पैमाईश मे लगभग आधा दर्जन लोगों के पक्के मकान बने गए। और अवैध कब्जा की पुष्टि हो गई साथ ही लेखपाल भूपेंद्र कुमार वर्मा की काली करतूतों का भी पर्दाफाश हो गया।

संदर्भ संख्या 40015322010052 के निस्तारण दिनांक 30/05/2022 में लेखपाल और कानूनगो द्वारा लगाई गई फर्जी रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह किए जाने के मामले में दोषी और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले कब्जाधारकों को संरक्षण देने वाले लेखपाल और कानूनगो के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग जिलाधिकारी खीरी तथा मुख्यमंत्री पोर्टल पर किए जाने की बात की गई है। देखना है कि फर्जी रिपोर्ट लगाने वाले लेखपाल और उसको सत्यापित करने वाले कानूनगो के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाती है।

**क्या कहते हैं तहसीलदार भीमचंद**

मामला संज्ञान में आया है। आप हमें आख्या की कॉपी दीजिए मै लेखपाल को सस्पेंड करूंगा।

### राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम 16 जनवरी को डी आर इंटर कॉलेज में होगा आयोजित

फिरोजाबाद:- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार की सहमति एवं निर्देशन में विज्ञान लोकप्रियकरण संचार कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय गणित दिवस पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डी आर इंटर कॉलेज माधौगंज, शिकोहाबाद में 16 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। डीआईओएस धीरेंद्र कुमार ने जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को निर्देशित किया है कि वे अपने विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को 16 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे डी आर इंटर कॉलेज, माधौगंज शिकोहाबाद में अपने मार्गदर्शक शिक्षक के साथ प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें। जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य विषय राष्ट्रीय गणित दिवस है। जिसमें गणित विषय पर विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम, गणित मॉडल प्रदर्शनी, पोस्टर प्रतियोगिता, विज्ञान शपथ का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश यादव ने जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यो से अनुरोध किया है कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को समय से प्रतिभाग कराकर उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण में वृद्धि करें।

## गुरु गोरखनाथ बाबा जाहरवीर दिव्यांग सेवा समिति ने किए कंबल वितरित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

टूण्डला- ग्राम सभा पचोखरा श्री नगर में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गुरु गोरखनाथ बाबा जाहरवीर दिव्यांग सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा खिचड़ी भोज व कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांग जनों गरीब जरुरत मंद लोगों को 150 कंबल वितरण किए गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उदय प्रताप भाजपा जिला अध्यक्ष शामिल रहे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गुरु गोरखनाथ बाबा जाहरवीर दिव्यांग सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा दिव्यांगजनों जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर भीषण ठंड में राहत देने का सराहनीय कार्य किया गया है, जिसके लिए संस्था बधाई की पात्र है। संस्था के अध्यक्ष डॉ. अमित राजौरिया सचिव विवेक पाराशर ने बताया कि गुरु गोरखनाथ बाबा जाहरवीर दिव्यांग सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष पचोखरा श्री नगर में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, यह कार्यक्रम विगत 10 वर्षो से लगातार आयोजित किया जा रहा है। जिसमें गरीब दिव्यांजनों जरूरत मंदों को संस्था कंबल वितरण करती है। इसी श्रृंखला में आज कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 150 कंबलों का वितरण दिव्यांगजनों गरीब जरूरत मन्दों को किया गया। ठंड में कंबल पाकर लोगों के चेहरे खिल गए और उन्होंने संस्था का धन्यवाद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशु पैंठ मालिक ब्रजेश उपाध्याय ने की, इस अवसर पर भाजपा विधानसभा संयोजक शिव शंकर शर्मा, अभिषेक कौशल श्रीनगर मेडिकल एजेंसी उमेश पाराशर राजकीय ठेकेदार अशोक चौहान राजकीय ठेकेदार किसान यूनियन राजनीतिक के अध्यक्ष विनीत प्रताप सिंह समाजसेवी आदित्य वाहिनी के कुलदीप शर्मा आदित्य वाहिनी के आनंद उपाध्याय आदित्य वाहिनी के राजकुमार शर्मा ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष संतोष उपाध्याय, आयुष्मान हॉस्पिटल के प्रबंधक धर्मेंद पाराशर डॉक्टर रामदास संजीव उपाध्याय सहित सभी क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ.अमित राजौरिया और सचिव जिला महामंत्री भाजपा विवेक पाराशर ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### रिपोर्ट दर्ज होने के दो साल बाद भी भीरा पुलिस के हाथ खाली

**● मुकदमा अपराध संख्या 336/24थाना भीरा में नामजद आरोपी लेखपाल गोपाल राना की कब होगी गिरफ्तारी**

**भीरा पुलिस पर लग रहे घोर लापरवाही और आरोपी को संरक्षण देने के आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखीमपुर खीरी क्या भीरा पुलिस का काम अपराधियों को पकड़ना है या फिर रसूखदार साहबों की चमचागिरी करना है? यह सवाल इसलिए, क्योंकि थाना भीरा में दर्ज मुकदमा 336/2024अंतर्गत धारा 420,467,468,471,427,504, 506आदि में फरार चल रहे बताए जाते हैं एक रसूखदार लेखपाल की गिरफ्तारी भीरा पुलिस द्वारा न किए जाने के आरोप लगाए जा रहे है। या यूं कहे कि गिरफ्तारी करने में अब तक भीरा पुलिस नाकाम साबित हो रही है। यह मामला सिर्फ एक गिरफ्तारी का ही नहीं है यह उस वीआईपी कल्चर का है जहां एक कर्मचारी को बचाने के लिए पूरा सिस्टम एक आदमी को (वादी मुकदमा) को फुटबॉल बना देता है।बताते चले ताजा मामला तहसील पलिया में तैनात लेखपाल गोपाल राना से जुड़ा है मिली जानकारी कके नाम मुकदमा दर्ज किया था 8 आरोपियों में से पांच लोग जेल जा चुके हैं लेकिन लेखपाल गोपाल राना सहित तीन अभियुक्त थाना भीरा पुलिस से गठजोड़ कर आज भी फरार के होने के बाद भी नामजद आरोपी लेखपाल गोपाल राना की गिरफ्तारी न होना चर्चा का विषय बना हुआ है। संज्ञय अपराधिक धाराओं में मुकदमा पंजीकृत होने के बाद भी उक्त लेखपाल के निलंबन की प्रक्रिया अमल में लाई जानी चाहिए थी उक्त लेखपाल बेखौफ पलिया तहसील में ड्यूटी करते देखा जा रहा है। और भीरा पुलिस उक्त रसूखदार लेखपाल को गिरफ्तार करने से बचती नजर आ रही है। लोगों का आरोप है कि आखिरकार लेखपाल गोपाल राना की कब होगी गिरफ्तारी ? भीरा थाने की पुलिस पर घोर लापरवाही किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं।

### मैलानी नगर में जगह जगह कराया गया खिचड़ी भोज



मैलानी- खीरी। हर वर्ष की भांति इस बार भी मकर संक्रांति के अवसर पर नगर के पलिया रोड स्थिति चांदपुर चौराहे के निकट विनोद राठौर की दुकान तथा पुराना बाजार में कनौजिया मेडिकल के स्वामी द्वारा और प्राचीन शिव मंदिर में खिचड़ी भोज का आयोजन कराया गया।इसी क्रम में राम जानकी मंदिर पर समाज सेवी भवानी शंकर माहेश्वरी व नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी द्वारा एक विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।जिसमें काफी मात्रा मे श्रद्धालुओं ने खिचड़ी भोज का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा नेत्री गुरमीत कौर, उत्सव माहेश्वरी, हरिहर दत्त मिश्र, शिव गोविन्द कुशवाहा, राजकुमार, दिलीप कुमार, सूरज गुप्ता, पवन कुमार, इमरान, खान और कारीगर भैया सहित तमाम लोगो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## कोतवाली मितौली पुलिस टीम ने 03 अन्तर्जनपदीय शातिर अपराधियो को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नीमगांव खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मितौली के कुशल मार्ग दर्शन तथा प्रभारी निरीक्षक मितौली महेश पाठक के नेतृत्व में कोतवाली मितौली खीरी की पुलिस टीम द्वारा शटर काटकर चोरी करने वाले अभियुक्तगण गेदनलाल उर्फ गैदा उर्फ सागर वधिक पुत्र मुलायम मारवाड़ी उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम ईशापुर थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर,रामपाल पुत्र हेमराज उम्र करीब 40 वर्ष निवासी मिल्कियां थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर, मन्नू गिरी पुत्र राम जीवन गिरी उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम धनसेन नगर फतेहनगर थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर को तीन अदद वेल्चा लोहे का, एक अदद लोहा काटने का कटर कैची नुमा,दो अदद टार्च,एक अदद तमंचा 12 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व दो अदद तमंचा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर नाजायज व चोरी के 1,57,000/- रूपये के साथ दानपुर मोड़ के पास स्थित बन्द पड़े भट्ठे से गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.गेदनलाल उर्फ गैदा उर्फ सागर वधिक पुत्र मुलायम मारवाड़ी निवासी ग्राम ईशापुर थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर,रामपाल पुत्र हेमराज निवासी मिल्कियां थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर, मन्नू गिरी पुत्र राम जीवन गिरी निवासी ग्राम धनसेन नगर फतेहनगर थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर गिरफ्तार करने वाली टीम में प्र0नि0 महेश पाठक, उ0नि0 जयकृष्ण तिवारी, उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार सिंह थाना मितौली,उ0नि0 सिद्धान्त पंवार थाना नीमगांव जनपद खीरी, हे0का0 होरी लाल थाना मितौली, हे0का0 करूणेश वर्मा थाना मितौली, का0 ऋषभ सिंह थाना मितौली, का0 सुगम सिंह थाना मितौली हे0का0 राजेश मिश्रा थाना मितौली, का0 राजीव सिंह थाना मितौली जनपद खीरी, का0 अनुज कुमार थाना मितौली जनपद खीरी, का0 चमन कुमार थाना मितौली जनपद खीरी,हे0का0 सुशील पटेल थाना नीमगांव जनपद खीरी ,का0 भूपेन्द्र कुमार थाना नीमगांव जनपद खीरी आदि शामिल रहे।



**आपराधिक इतिहास** 1.मु0अ0सं0 591/2019 धारा 307/382/411/457 भादवि थाना चोला जनपद वाराणसी 2. मु0अ0सं0 127/2017 धारा 391/411/413/414 भादवि थाना हरैय्या जनपद बस्ती, मु0अ0सं0 129/2017 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना हरैय्या जनपद बस्ती मु0अ0सं0 686/2017 धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना हरैय्या जनपद बस्ती 5. मु0अ0सं0 4297/2016 धारा 380/457/411 भादवि थाना कोतवाली जनपद बस्ती, मु0अ0सं0 4519/2016 धारा 380/457/411 भादवि थाना कोतवाली जनपद बस्ती,मु0अ0सं0 1557/2016 धारा 380/457/411 भादवि थाना मुंडेरवा जनपद बस्ती, मु0अ0सं0 186/2024 धारा 305(ए)/317(2)/317(4)/331(4) बीएनएस थाना उच्चौलिया जनपद खीरी 9. मु0अ0सं0 419/2016 धारा 395 भादवि थाना मलिहाबाद जनपद लखनऊ 10. मु0अ0सं0 4297/2016 धारा 380/457/411 भादवि थाना कोतवाली जनपद बस्ती 11. मु0अ0सं0 542/2025 धारा 305(ए)/331(4)/317(2) बीएनएस थाना नीमगांव जनपद खीरी, मु0अ0सं0 543/2025 धारा 305(ए)/331(4)/317(2) बीएनएस थाना नीमगांव जनपद खीरी 13. मु0अ0सं0 322/2025 धारा 305(ए)/331(4)/317(2) बीएनएस थाना मितौली जनपद खीरी, मु0अ0सं0 0034/2026 धारा 313 बीएनएस थाना मितौली जनपद खीरी 15. मु0अ0सं0 0036/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मितौली जनपद खीरी।

## ग्राम पंचायत किशुनपुर अजीत मे प्राथमिक विद्यालय के सामने गन्दे पानी के जलभराव से ग्रामीण परेशान

**● ग्यारह हजार विधुत की लाइन से किसी समय हो सकता है बडा हादसा जिम्मेदार कब लेगें संज्ञान।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखीमपुर खीरी। के पसगवां ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत किशनपुर अजीत में प्राथमिक विद्यालय के पास नाली न बनने से ग्रामीणों को गंदे पानी और जलभराव की समस्या हो रही है, जिससे बच्चे बार-बार गिर रहे हैं। पास ही 11,000 वोल्ट की विद्युत लाइन से भी हादसे का खतरा बना हुआ है। महिलाओं की शिकायतों के बावजूद प्रधान और अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे, जिससे भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। समस्या का विवरण नाली निर्माण न होने से रोड पर गंदा पानी बहता रहता है, खासकर बरसात में स्थिति बदतर हो जाती है। इससे बच्चों और महिलाओं को परेशानी होती है, और बीमारियों का जोखिम बढ़ता है। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ।संभावित जोखिम विद्युत लाइन के पास जलभराव से करंट लगने का खतरा है, जो कभी भी बड़ा हादसा कर सकता है। विकास कार्यों में देरी और आधे-अधूरे प्रोजेक्ट भ्रष्टाचार की ओर इशारा करते हैं गन्दे जलभराव के कारण कई गम्भीर बीमारियों दावत दे रहे है प्राथमिक विद्यालय के पश्चिम मे रोड के किनारे खंदको को पाट लेने से समस्या बड गई इस समस्या से ग्रामीण परेशान हैं और प्रशासन से तत्काल सामाधान की मांग कर रहे हैं।

## योगी को हटाना हैं 2027 में बहन जी को मुख्यमंत्री बनाना हैं- दिनेश चंद्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




आजमगढ़। जहा पुरा देश व उत्तर प्रदेश बहुजन समाजवादी के नेतृत्व मे बसपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश आयरन लेडी बहन कुमारी मायावती जी का 70 वा जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मना रहा है तो वहीं पर आजमगढ़ जनपद के अंबेडकर पार्क कलेक्टर में मंडल स्तरीय बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी मुख्य मंडल प्रभारी आजमगढ़ दिनेश चंद्रा जी रहे सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर व मान्यवर कांशीराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई इस मौके पर हरिश चंद्र गौतम मुख्य मंडल प्रभारी आजमगढ़ ओमकार शास्त्री मुख्य मंडल प्रभारी आजमगढ़ डॉक्टर इन्दू चौधरी मुख्य मंडल प्रभारी आजमगढ़ शंकर यादव बसपा नेता पूर्व प्रत्याशी विधानसभा सगड़ी शालीम अंसारी हिलाल गौतम अरूण पाठक चेतइ राम राम विलास भास्कर आजमगढ़ मंडल प्रभारी विनोद चौहान आजमगढ़ मंडल प्रभारी मदन राम अरूण सिंह अब्बूलैस आजमी क्र.कनेता विधान सभा गोपालपुर व पूर्व पंचायत सदस्य कुरबान आजमी विधान सभा क्षेत्र सगड़ी

जिला उपाध्यक्ष आजमगढ़ बसपा सगड़ी विधानसभा अध्यक्ष सगड़ी सी पी विमल गोपालपुर विधानसभा अध्यक्ष अवनीश कुमार सगड़ी विधानसभा सामाजिक भाईचारा संगठन प्रभारी विजय प्रताप यादव श्रीकांत बौद्ध राम जित चौहान विजय प्रताप जगदीश गुप्ता वहीं पर बसपा मुखिया के जन्मदिन पर सर्व समाज के सैकड़ों सैकड़ों की संख्या में लोगों ने बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

बहुजन समाज पार्टी की नीतियों में आस्था व विश्वास रखते हुए वहीं बसपा वक्ताओं ने बहुजन समाज पार्टी की मुखिया के दिर्घायु की कामना करते हुए उन्हें पांचवी बार 2027 में मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया वहीं कार्यक्रम का संचालन बसपा जिलाध्यक्ष आजमगढ़ अरविंद कुमार गौतम ने किया।

## तीसरी बार ब्लाक अध्यक्ष चुने गए सन्तराम दिवाकर महामंत्री बने सूरज बाल्मीकि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



बरेली/संत राम को 'तीसरी बार उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ' की ब्लाक शाखा- भदपुरा का चुनावअधिवेशन संघ के जिलाध्यक्ष राम लाल कश्यप /मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कुमार कश्यप/ जिला संयोजक आनन्द प्रकाश धानुक/ एवं भगवान दास की गरिमामयी उपस्थिति में दोपहर में विकास खण्ड भदपुरा के सभागार में चुनाव अधिकारी रनवीर सिंह पटेल एवं सह चुनाव अधिकारी।

अजित सिंह यादव की देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें ब्लाक अध्यक्ष पद पर सन्तराम दिवाकर, ब्लाक महामंत्री के पद पर सूरज पाल बाल्मीकि, ब्लाक कोषाध्यक्ष के पद पर सतीश चन्द्र गंगवार, ब्लाक संगठन मंत्री के पद पर बिहारी लाल सागर एवं ब्लाक संप्रेक्षक के पद पर हरीश कुमार गंगवार ने पर्चा दाखिल किया ठीक दोपहर 1:00 के बाद *उक्त पांचो पदों पर एकल-एकल नामांकन आने पर।

चुनाव अधिकारी ने सन्तराम दिवाकर को ब्लाक अध्यक्ष, सूरज पाल बाल्मीकि को ब्लाक महामंत्री, सतीश चन्द्र गंगवार को ब्लाक कोषाध्यक्ष, बिहारी लाल सागर को ब्लाक संगठन मंत्री, हरीश कुमार गंगवार को ब्लाक संप्रेक्षक के पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया।

संघ के जिलाध्यक्ष राम लाल कश्यप ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूल माला व पगड़ी पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया। सभागार में उपस्थित संघ के पदाधिकारियों एवं समस्त सदस्य गणों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया।

### मकर संक्रांति के पर्व पर राष्ट्रीय हिंदू महासंघ द्वारा गरीबों को कंबल वितरण एवं खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया



बरेली/मकरसंक्रांति के पावन अवसर पर राष्ट्रीय जागरूक हिंदू महासंघ के द्वारा खिचड़ी सहभोज एवं कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन बरेली के थाना इज्जतनगर क्षेत्र के आशुतोष सिटी गेट निकट फन सिटी पर किया गया। गरीबो को कंबल वितरण कार्यक्रम के द्वारा गरीबों असहाय व्यक्तियों को पड़रही कड़ाके की ठंड से बचाने के उद्देश्य से इस का आयोजन किया गया है राष्ट्रीय जागरूक हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज शर्मा जी ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सविता शर्मा राष्ट्रीय महामंत्री विपिन शर्मा ,राजेश पटेल प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय जागरूक हिंदू कृषक प्रकोष्ठ उ प्र अन्तर्राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक राणा, प्रदेश मंत्री ऋषि सिंह, जिलाध्यक्ष बरेली अजय पटेल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## अप्रशिक्षित पशुओं की चिकित्सा करने वालों पर जिला अधिकारी ने दिया कार्यवाही का आदेश



बरेली/मनमाने ढंग से पशुओं का उपचार करने गांव-गांव डोल रहे झोलाछाप डॉक्टर से पशुपालकों का हो रहा भारी नुकसान को देखते हुए शासन के निर्देश पर जिला अधिकारी बरेली अविनाश सिंह इस पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। जिसमें इनके द्वारा बिना प्रमाणित सीमन से गाय भैंसों को गर्भाधान करने पर ठगी कर रहे हैं जिसके चलते शासन ने इस पर गंभीर रुख अपनाते हुए कार्यवाही का निर्देश दिया था जिसके तहत जिला अधिकारी बरेली ने पूरे जिले में युद्ध स्तर पर कार्यवाही करने का आदेश जारी किया है। जिसके तहत उप पशु चिकित्सा अधिकारी बरेली एवं समस्त पशु चिकित्सा अधिकारी औषधि निरीक्षक बरेली पशुधन प्रसारण अधिकारी समस्त थाना प्रभारी क्षेत्रीय पशु औषधि फार्मासिस्ट के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी पशुपालन अपर निदेशक पशुपालन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली समेत सभी अधिकारियों को कार्यवाही करने का आदेश दिया गया है जिसके तहत पशुओं के भविष्य से हो रही खिलवाड़ को लेकर रोका जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### पीड़ितों के खातों में कुल 124605/- रु0 धनराशि कराया गया वापस



**ज्ञानपुर/गोपीगंज** अभिमन्यु मांगलिक, पुलिसअधीक्षक भदोही द्वारा पीड़ितों के साथ हुए साइबर धनराशि फ्रॉड, धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग तथा एनसीआरपी शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशन के क्रम में NCRP पोर्टल का अवलोकन कर जनपदीय साइबर सेल द्वारा शिकायतकर्ता/पीड़ित अली हसन का संपूर्ण धन 93555/- एवं साइबर हेल्प डेस्क थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही द्वारा शिकायतकर्ता मनोज तिवारी का संपूर्ण धन 21000/- तथा साइबर हेल्प डेस्क थाना गोपीगंज जनपद भदोही द्वारा शिकायतकर्ता अमित कुमार यादव के 8550/- तथा शिकायतकर्ता शुभम कुमार यादव के 1500/- उनके खाते में वापस कराया गया। पीड़ित व्यक्तियों द्वारा खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही, जनपदीय साइबर सेल तथा साइबर हेल्प डेस्क थाना ज्ञानपुर/गोपीगंज जनपद भदोही के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

### भदोही के बैंक शाखा प्रतिनिधियों का समस्त निर्वाचन कार्यक्रम अब विकास खण्ड कार्यालय ज्ञानपुर में होगा

**भदोही** जिला मजिस्ट्रेट/जिला सहकारी निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार द्वारा जारी विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि निर्वाचन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग लखनऊ, के कार्यालय आदेश द्वारा उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0 शाखा ज्ञानपुर, जनपद - भदोही के बैंक शाखा प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु तिथियां निर्धारित करते हुए निर्वाचन कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है, जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार पत्रों में सचिव, उत्तर प्रदेश, राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग लखनऊ द्वारा प्रदेश स्तर पर कराया जा चुका है। उपरोक्त के क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी समिति निर्वाचन नियमावली 2014 के नियम 32 के सुसंगत प्राविधानों के अधीन शैलेष कुमार, जिला मजिस्ट्रेट / जिला सहकारी निर्वाचन अधिकारी, भदोही उ0प्र0 द्वारा सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0 शाखा ज्ञानपुर, जनपद भदोही के बैंक शाखा प्रतिनिधियों का समस्त निर्वाचन कार्यक्रम विकास खण्ड कार्यालय ज्ञानपुर जनपद भदोही से कराये जाने सम्बन्धी सूचना का प्रसारण किया जाता है।

### पूर्व विधायक प्रत्याशी ए बी भईया ने जरूरतमंदों में बांटा ऊनी वस्त्र व खिचड़ी



**चुनार, मीरजापुर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर चुनार विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय कुमार सिंह उर्फ ए बी भईया द्वारा बुधवार को बालूघाट पर जरूरतमंदों में ऊनी वस्त्र और खिचड़ी वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल रहे। इस दौरान बच्चा सेठ, करतार सिंह, कान्हा यादव उर्फ मंत्री, पिंटू यादव, पिंटू गुप्ता, पप्पू गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे।

### समाज सेवियों द्वारा श्रद्धालुओं में खिचड़ी, तिलकुट का प्रसाद वितरण



**चुनार, मीरजापुर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गंगा स्नान करने आए श्रद्धालुओं में खिचड़ी,तिलकुट का प्रसाद वितरण किया गया। नगर के किला मोड़ स्थित साहित्य संतधाम घाट व रेलवे स्टेशन टेंपो स्टैंड स्थित संतोषी माता मंदिर पर नगर के समाज सेवियों द्वारा खिचड़ी, तिलपट्टी, गुण का प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान महेंद्र वर्मा, सुरेश वर्मा, चंद्रहास गुप्ता, राजकुमार वर्मा, जगदीश गुप्ता, सूर्यगढ़ कलेक्शन के प्रवीण सिंह, सौरभ पुजारी, अभिलाष राय, सभासद किशन मोदनवाल, विजय बहादुर सिंह, ब्रह्मानंद कुशवाहा, नितिन वर्मा, आनंद गुप्ता, रजिंदर पटेल, सुशील वर्मा, अखिलेश सिंह, राजू यादव, सोनू वर्मा, हीरामणि मौर्या, वन इंस्पेक्टर विनय तिवारी, प्रीतम शर्मा, दीपू चौरसिया, आशीष मौर्य उर्फ गुड्डू, करतार सिंह, बच्चा सेठ, शुभम चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## उ.प्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0 द्वारा संचालित योजनाओ समस्त ऋण गृहता एक मुश्त समाधान योजना का 31मार्च तक उठाए लाभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/जिला प्रबन्धक - अनुगम भदोही अनुराग राय ने विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एव विकास निगम लि0 द्वारा अनुसूचित जाति के उत्थान हेतु संचालित (स्वतः रोजगार योजना (एस0सी0पी0) एव राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एव विकास निगम की (अनुविनि योजना) (यथाःवाहन योजना/टर्मलोन योजना/रिक्सा योजना) के ऋण जमा करने हेतु नवीन एकमुश्त समाधान योजना (ओ0टी0एस0) प्रबन्ध निदेशक उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एव विकास निगम लि0 लखनऊ के पत्र द्वारा लागू की गयी है। परन्तु उक्त योजनान्तर्गत किन्ही कारण वश बकाये दारो द्वारा अभी अपनी देय ऋण राशि की किस्तों को जमा नही कर सके है और उन पर ऋण अवधि के उपरान्त भी नूलधन पर दण्ड ब्याज एक चक्रवृद्धि ब्याज की गणना करते हुए कुल बकाया धनराशि बहुत अधिक हो गयी है जिसकी अदायगी करने एवं लाभार्थी हित के दृष्टिगत वर्तमान सरकार द्वारा नवीन एक मुश्त समाधान योजना (ओ0टी0एस0) 31 मार्च 2025 तक लागू को गयी थी। सन्दर्भित योजनान्तर्गत ऐसे अनुसूचित जाति के गरीब ऋण गृहीताओ के हितो को नई एकमुश्त समाधान योजना (ओ0टी0एस0) 31 मार्च 2026 तक बढ़ाया जाता है। इस नई एकमुश्त समाधान योजना (ओ0टी0एस0) मे ऋण गृहीता से केवल ऋण अवधि (36/60 माह) का ब्याज लेकर दण्ड ब्याज / चकवृद्धि ब्याज माफ कर ऋण खाता बन्द कर दिया जायेगा।

अतः इस जनपद उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0 द्वारा संचालित योजनाओ समस्त ऋण गृहता को सूचित किया जाता है कि एक मुश्त समाधान योजना (ओ0टी0एस0) का लाभ प्राप्त करने हेतु दिनांक 01-01-2026 से 31-03-2026 तक किसी कार्य दिवस में उ0प्र0 सरकार की उक्त महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) जो ज्ञानपुर भुडकी विकास भवन कक्ष सं0 309 दूसरे तल पर उपस्थित होकर योजना का लाभ प्राप्त करें।

## गो तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई नही हुई तो आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा विहिप- रामचंद्र शुक्ल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ड्रमंडगंज।** क्षेत्र के देवहट गांव में बुधवार सुबह गोवंशीय पशुओं से लदे ट्रक के पलटने से गोवंशो की मौत पर गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद विंध्याचल मंडल के विभाग मंत्री रामचंद्र शुक्ल ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं संग घटना स्थल का निरीक्षण किया। विभाग मंत्री ने घटना में सुरक्षित बचे गोवंशों का हाल जानने महोगढ़ी गौ आश्रय स्थल पर पहुंचे और उनके स्वास्थ्य परीक्षण आदि के संबंध में गौशाला कर्मियों से जानकारी ली। बुधवार को 34 गोवंशों को लादकर जा रहा ट्रक वनविभाग के दरोगा की कार को टक्कर मारते हुए टेसुआ नाले में पलट गया था। जिसमें तेरह गोवंशों की मौके पर तथा एक गोवंश की शाम को मौत हो गई थी। घटना में चौदह गोवंशों की मौत हो चुकी है।16 गोवंशों को महोगढ़ी गो आश्रय स्थल पर भेजा गया है। गंभीर रूप से घायल चार गोवंश नाले के पास पड़े है।विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री ने गंभीर रूप से घायल चार गोवंशों को उपचार के बाद ठंड के मौसम में खुले आसमान के नीचे नाले के पास छोड़ दिए जाने पर नाराजगी जताई। घायल गोवंशों को गौ आश्रय स्थल पर भेजने के लिए अधिकारियों से फोन पर वार्ता की। विभाग मंत्री ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की कार्यकर्ताओं से जानकारी ली।आरएसएस की खंड कार्यवाहिका ने मामले की जांच करवाए जाने और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने का विभाग मंत्री से अनुरोध किया।जिसपर विभाग मंत्री ने मामले की जांच व गो तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए आईजी और एडिशनल एसपी से फोन पर बात की। विभाग मंत्री ने कहा कि गो तस्करी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।कहा कि पुलिस की चौकसी में कमी के चलते यह घटना हुई है।कहा कि इस मामले में वनविभाग की कार्य प्रणाली भी संदिग्ध है जिसकी जांच होनी चाहिए।कहा कि यदि मामले में पुलिस द्वारा ढुलमुल रवैया अपनाया गया तो विश्व हिंदू परिषद आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान विहिप जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर मिश्र,गौ रक्षा प्रमुख निरंजन पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष राजेश मिश्र, ग्राम प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता,आरएसएस खंड कार्यवाह तारकेश्वर केशरी, विहिप नेता पिंटू केशरी खंड कार्यवाहिका प्रतिमा सिंह,पप्पू केशरी, अनिल केशरी, कुलदीप सरोज आदि मौजूद रहे।

### साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां द्वारा पीड़ित के खाते में कुल 14600/- रु0 धनराशि कराया गया वापस



**भदोही** साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही व थानाध्यक्ष सुरियावाँ को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । उक्त के क्रम में आवेदक रामफल बिन्द पुत्र शशिकान्त बिन्द निवासी गनेशरायपुर थाना सुरियावां जनपद भदोही मो0नं0 9005424595 से फ्रॉडस्टर द्वारा पैसा डबल करने का झांसा देकर दिनांक 03/05/2025 को 14600/- रुपये का फ्रॉड कर लिया गया था जिसके सम्बन्ध मे आवेदक द्वारा आनलाइन साईबर शिकायत दर्ज किया गया था। साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र तथा NCRP पोर्टल का अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित का कुल 14600/- रुपये की धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया। पीड़ित द्वारा खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावाँ जनपद भदोही के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी।

## न्याय पाने के लिए परेशान हो रहा व्यक्ति, एसपी से लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन):** नदीगांव थाना क्षेत्र के एक गांव में 11 साल की मासूम किशोरी के साथ हुए अन्याय को लेकर पिता न्याय की आस में दौड़ धूप कर रहा है। थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही न होती देख किशोरी के पिता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की मांग की है। पिता ने थाना पुलिस और दबंगों की मिलीभगत होने का आरोप लगाते हुए कहा कि थाना पुलिस मामले को लेकर उसके ऊपर समझौता करने का दबाव बना रही है और उसे व उसके परिजनों को बेटी से मिलने तक नहीं दिया जा रहा है। हालांकि इस मामले में पुलिस द्वारा किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला आरोपी के खिलाफ दर्ज किया गया है लेकिन किशोरी के पिता द्वारा एसपी के यहां की गई शिकायत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है।

नदीगांव पुलिस ने 35 वर्षीय एक युवक पर 11 साल की किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज किया है। मामले में पुलिस द्वारा घटित हुई घटना में कार्रवाई कर दी गई है, लेकिन अगर किशोरी के पिता द्वारा पुलिस अधीक्षक के यहां जो शिकायत की गई है उससे ऐसा प्रतीत होता है जैसे पुलिस ने आरोपी पक्ष से मिलकर बड़े और संगीन मामले को कमतर कर पीड़ित पक्ष के साथ अन्याय किया है। थाना नदीगांव क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित व्यक्ति ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक के यहां शिकायत की है कि 12 जनवरी की रात उसकी 11 वर्षीय बेटी घर पर सो रही थी।

सुबह 5 बजे वह जागा तो देखा कि उसकी पुत्री घर पर नहीं थी। खोजबीन करने पर पता चला कि गांव में लगे मटर प्लांट पर दो लड़के काम करते हैं, वही उसकी पुत्री को उक्त लड़के मटर प्लांट में ले गए है। जब वह प्लांट पर गया तो सद्वउसे भगा दिया गया। तब वह थाना नदीगांव शिकायत करने गया जहां पुलिस ने उसके छोटे भाई से एक प्रार्थना पत्र लिखाया और उसको बिना पढ़कर सुनाए रख लिया।

पुलिस ने उक्त मटर प्लांट पर जाकर उसकी बेटी तथा दो लोगों को बरामद कर लिया। जब उसने अपनी बेटी से मिलने का प्रयास किया तो नदीगांव थाने की पुलिस ने नहीं मिलने दिया। पुलिस ने उन दबंगों के साथ मिलकर उस पर समझौता का दबाव बना रही है। उक्त पिता ने निष्पक्ष जांच कराने व अभियुक्तगणों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## खड़ेही लोधन ने रोमांचक मुकाबले में गहरौली को दी शिकस्त



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः-** मुस्करा विकासखंड के बिहूनी गांव स्थित रामचरित मानस क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार के दिन एक बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला।खेल के दौरान मैदान दर्शकों की भारी भीड़ से खचाखच भरा रहा।कमेटी सदस्य अनिल खटीक ने बताया कि गहरौली और खड़ेही लोधन की टीमों के बीच खेला गया , जिसमें खड़ेही लोधन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी खड़ेही लोधन की टीम की शुरुआत उतार-चढ़ाव भरी रही सलामी बल्लेबाज निर्दोष बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए, लेकिन उनके जोड़ीदार सचिन ने मैदान पर चौके-छक्कों की बरसात कर दी सचिन ने मात्र 14 गेंदों में 6 छक्कों की मदद से 44 रनों की आतिशी पारी खेली। उनके बाद आए शिवम ने भी 13 गेंदों में 26 रन (3 चौके, 2 छक्के) जोड़कर टीम को मजबूती दी गहरौली की ओर से गेंदबाजी करते हुए शिवम ने 2 ओवर में 22 रन देकर 2 विकेट झटके, जबकि मोनू ने 2 ओवर में 38 रन खर्च किए खड़ेही लोधन की पूरी टीम निर्धारित 12 ओवर के मैच में 9 ओवर 5 गेंदों में 101 रन बनाकर ऑलआउट हो गई

102 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गहरौली की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई सलामी बल्लेबाज मिनटू मात्र 2 रन बनाकर आउट हो गए। मध्यक्रम में प्रांशु ने 15 गेंदों में 24 रन (1 छक्का, 2 चौका) बनाकर संघर्ष जरूर किया, लेकिन दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे खड़ेही लोधन के गेंदबाजों ने घातक गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। संतोष ने 2 ओवर में 15 रन देकर 3 विकेट चटकाए, वहीं शिवम ने भी सटीक गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में मात्र 11 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट लिए। धारदार गेंदबाजी के आगे गहरौली की पूरी टीम 7 ओवर 4 गेंदों में मात्र 64 रनों पर सिमट गई मैच में निर्णायक (अंपायर) की भूमिका सत्येन्द्र वर्मा और संदीप राजपूत ने निभाई स्कोरिंग की जिम्मेदारी भरत राजपूत ने संभाली, जबकि कमल वर्मा ने अपनी शानदार कमेंट्री से दर्शकों का उत्साहवर्धन किया

### मकर संक्रांति पर गंगा घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, बलिया में श्रद्धालुओं ने किया स्नान-दान



**बलिया।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गुरुवार को बलिया जनपद के गंगा घाटों पर आस्था और श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिला। भोर से ही लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए विभिन्न घाटों पर पहुंचने लगे। सूर्योदय के साथ 'हर-हर गंगे' और 'जय मां गंगा' के जयघोष से पूरा गंगा तट गुंजायमान हो उठा। माल्देपुर, महावीर घाट, श्रीरामपुर, गंगापुर रामगढ़, पचरुखिया, हुकुम छपरा, शिवपुर और शिवरामपुर सहित प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से स्नान कर उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। महिलाओं ने मां गंगा का पूजन किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। गंगा स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य किया तथा भृगु मंदिर और बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर सहित अन्य देवालयों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। मकर संक्रांति के अवसर पर मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न घाटों पर समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा सेवा शिविर लगाए गए। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंगा तटों पर पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा।

### चेयरमैन द्वारा सुरियावा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 बनवासी बस्ती में किया कंबल का वितरण



**भदोही** सुरियावा 15 जनवरी 2026 गुरुवार को नगर पंचायत सुरियावा के चेयरमैन विनय चौरसिया व थाना अध्यक्ष सुरियावा मनीष द्विवेदी द्वारा वार्ड नंबर 4 वनवासी बस्ती में जरूरतमंद लोगों को मकर संक्रांति त्योहार के अवसर पर लगभग 200कंबल का वितरण किया कंबल प्रकार जरूरतमंद लोगों के चेहरे पर मुस्कान खिल उठी इस मौके पर चेयरमैन द्वारा बताया कि ठंड के मौसम में गरीब के सेवा से बढ़कर और कोई कार्य नहीं है लोगों को इनकीसेवा करना सबसे बड़ा पुनीतकार्य है लोगों को जरूरतमंदों का हमेशा सहारा करना चाहिए इस मौके पर पंजाबी मोदनवाल गोपाल मदन जयसवाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मकर संक्रांति स्नान पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सहूलियत के दृष्टिगत किए गए हैं व्यापक बंदोबस



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** को मकर संक्रांति स्नान पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सहूलिया के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। जनपद के सभी स्नान घाटों- रामपुर गंगा घाट, सीतामढ़ी व सेमराधनाथ आदि पर पर्याप्त संख्या में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है, साथ ही सादे वस्त्रों में भी पुलिस कर्मियों को मुस्तैद किया गया है। प्रमुख स्नान घाटों जैसे सेमराध नाथ धाम,प्रमुख मंदिरों जैसे सीतामढ़ी कबूतर नाथ मंदिर हरिहर नाथ मंदिर आदि भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर ड्रोन कैमरों की मदद से सतत् निगरानी सुनिश्चित की जा रही है। विभिन्न चौराहों, महत्वपूर्ण मार्गों एवं संभावित भीड़-भाड़ स्थानों पर स्थानों एवं चौराहों पर 450 पुलिसकर्मियों की गई है तैनाती की गई है।

थाना कोइरौना क्षेत्र में गंगा तट पर कल्पवास कर रहे श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुरक्षा, सुविधा एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रबंध एवं आपातकालीन सहायता कैंप स्थापित किए गए हैं। अभियन्यु मांगलिक,पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में एवंशुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक, भदोही द्वारा थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा जनपद के विभिन्न गंगा स्नान घाटों- रामपुर गंगा घाट, सेमराधनाथ व सीतामढ़ी घाट आदि का निरीक्षण/ भ्रमण करते हुए ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

## विवेक जावला ने गंगा घाटों का किया निरीक्षण, मकर संक्रांति पर सुरक्षा व्यवस्था चाक- चौबंद

### ● मंदिर के सभी गलियों और कॉरिडोर का भी गहन निरीक्षण किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर विंध्याचल धाम में अपार श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए नगर क्षेत्राधिकारी विवेक जावला ने आज गंगा घाटों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाट से लेकर मां विंध्यवासिनी मंदिर तक की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही पुरानी व नई वी आई पी मार्ग, सदर बाजार, पक्का घाट तथा मंदिर परिक्रमा पथ का भी विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना विंध्याचल प्रभारी अविनाश प्रकाश राय, इंस्पेक्टर श्रीकांत पांडेय, राजगढ़ इंस्पेक्टर वेद प्रकाश पांडेय, धाम सुरक्षा प्रभारी उदय प्रताप सिंह और चौकी प्रभारी अजय कुमार मिश्र भी मौजूद रहे।

क्षेत्राधिकारी विवेक जावला ने कहा, 'श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। घाट पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।' उन्होंने अतिक्रमणकारी दुकानदारों और नाविकों को सख्त चेतावनी दी कि वे गंगा पार न जाएं तथा कोई अवैध गतिविधि न करें।

सुरक्षा के मद्देनजर घाटों पर मजबूत बैरिकेडिंग लगाई गई है, पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है तथा स्नान के दौरान दुर्घटना रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। वहीं एसडीआरएफ की टीम को भी ड्यूटी प्वाइंट उनको सतर्कता बरतने की निर्देश



दिया गया। प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था की सुविधाएं भी सुनिश्चित की हैं। अधिकारियों का प्रयास है कि लाखों श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के पूर्ण श्रद्धा और सुरक्षा के साथ इस पावन पर्व को मना सकें। वर्तमान में विंध्याचल में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने में प्रशासन पूरी तरह जुटा हुआ है।

## मकर संक्रांति पर विंध्यधाम में सेवा का संकल्प: 101 किग्रा खिचड़ी प्रसाद का वितरण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**विंध्याचल, मीरजापुर।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर श्री माँ गीता स्वस्ति संस्थानम् (पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट) द्वारा विंध्याचल धाम में श्रद्धा और सेवा का अनुपम संगम देखने को मिला। संस्थान की ओर से माँ विंध्यवासिनी के दर्शनार्थ आए हजारों श्रद्धालुओं के बीच 101 किलोग्राम खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया।

**श्रद्धा और सेवा का संगम**

कड़ाके की ठंड और उत्सव के इस माहौल में धाम पहुँचे भक्तों को संस्थान के स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह के साथ गरमागरम प्रसाद वितरित किया। इस पुनीत कार्य का नेतृत्व संस्थान के संस्थापक एवं अध्यक्ष परम पूज्य पं. संकट मोचन त्रिपाठी (ब्यास जी) ने किया। उनके सानिध्य में भक्तों ने न केवल माँ के दर्शन किए, बल्कि संस्थान की इस सेवा भावना की भी सराहना की। संस्था के प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति इस सेवा कार्य को सफल बनाने में संस्थान के निम्नलिखित पदाधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई: रोहित कुमार राय (उपाध्यक्ष), उमाशंकर त्रिपाठी (सचिव/कोषाध्यक्ष), पुष्पराज द्विवेदी (विविध सलाहकार) कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में सेवक और भक्तगण उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरी श्रद्धा के साथ प्रसाद वितरण में सहयोग किया। 'माँ विंध्यवासिनी की कृपा और जनसेवा का संकल्प ही हमारी शक्ति है। संस्थान भविष्य में भी इस प्रकार के धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के माध्यम से मानवता की सेवा करता रहेगा।

### सपा कार्यकर्ताओं ने मनाया मैनपुरी सांसद डिम्पल यादव का 48 वां जन्मदिन

**मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की धर्मपत्नी व मैनपुरी की सांसद डिम्पल यादव का 48 वां जन्मदिन समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर गुरूवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सपाइयों ने केक काटा और मिठाई बांट कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर वरिष्ठ नेता गिरधारी पटेल ने मड़िहान एवं नरायनपुर में कम्बल भी वितरण किया और महिला सभा ने अस्पताल में मिष्ठान बांटा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सांसद डिम्पल यादव के संसदीय जीवन एवं अखिलेश यादव द्वारा किये गये ऐतिहासिक कार्यो की चर्चा की। कहा कि सांसद डिम्पल यादव ने कई बार लोकसभा में महिलाओं, छात्राओं एवं वंचितों के विषय को प्रमुखता से उठाया है। सांसद डिम्पल यादव के बारे में कहा कि डिम्पल जी सभ्य और सक्रिय महिला नेत्री है। कहा कि वह प्रदेश की महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। राजनीति में बिना शोरशराबा किए महिलाओं के मुद्दों को उठा रही हैं। इस मौके पर अशोक यादव, मुन्नी यादव, आशीष यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, राजेश भारतीय, कीर्ति कोल, गिरधारी पटेल, रवि सोनकर, परवीन बानो, विवेक कुशवाहा, सरीम अंसारी, कल्लू यादव, आसिफ, दुर्गा सिंह, सावित्री देवी, ज्योति गुप्ता, सुरेश यादव, बलराम यादव, रमाशंकर कोल, वन्दना गुप्ता, मनोज चौहान, रामजी चौहान, अर्जुन यादव आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धा उल्लास के साथ मनाया गया मकर संक्रांति पर्व

### ● विभिन्न संस्थाओं ने वितरित की खिचड़ी, जरूरतमंदों को बांटे वस्त्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कोंच(जालौन):** मकर संक्रांति पर्व गुरुवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा खिचड़ी प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए और कुछ संस्थाओं ने जरूरतमंदों को कंबल/वस्त्रों का भी वितरण किया।

सिद्धपीठ मां भुवनेश्वर मंदिर परिसर में भव्य खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और प्रसाद ग्रहण किया। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर खिचड़ी के प्रसाद का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए मंदिर परिसर में विधिवत पूजन-अर्चन के पश्चात खिचड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजक पं. शिवाकांत शास्त्री द्वारा जरूरतमंद 41 महिलाओं को साड़ियों का वितरण किया गया, वहीं 101 गमछे भी बांटे गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री उप्र शासन हरिओम उपाध्याय तथा विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, पूर्व बार संघ अध्यक्ष विज्ञान विशारद सीरौठिया, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, महेश तिवारी पिरौना, प्रतिपाल सिंह गुर्जर, अनिल वैद, लल्लूराम मिश्रा, संजय रावत, केशव बबेले, कढोरेलाल यादव, उमाचरण कुशवाहा, रोहन सोहाने, मनोज दूरवार, अखिलेश बबेले आदि रहे। अतिथियों ने मंदिर में दर्शन-पूजन कर नगर व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। उधर, चंदकुआं स्थित भूतेश्वर मंदिर पर अंतरराष्ट्रीय जिझौतिया महासंघ, ब्राह्मण महासभा के संयुक्त तत्वाधान में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सीओ परमेश्वर प्रसाद, ब्रजमोहन तिवारी खैरी वाले, राघवेंद्र तिवारी, नरेंद्र पुरोहित, धर्मेंद्र बबेले, अनुरुद्ध मिश्रा, रंजन गोस्वामी, आनंद दुवे, प्रभुदयाल गौतम, पंकज तिवारी, रवि दीक्षित, गीतेश शर्मा, प्रधव मिश्रा, अनुराग तिवारी, अभिषेक मिश्रा, शुभांश मिश्रा, रामकिशोर पुरोहित, राजेंद्र भारद्वाज, गंगाचरण वाजपेयी, आशुतोष रावत, भास्कर दुवे, संजू गोस्वामी, सिद्धार्थ नगाइच आदि ने श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद वितरित कर पर्व की शुभकामनाएं दीं। रामगंज बाजार में खिचड़ी वितरण का शुभारंभ भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने किया। इस दौरान राजाराम अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, रामलला अग्रवाल, शीलू अग्रवाल, कमलेश गिरवासिया, बल्लू सराफ, अनुज मोदी, भूपेश अग्रवाल, अखिलेश सुईयां, सोमेश बजाज, पप्पू इंदुरखिया, प्रांजल अग्रवाल आदि रहे।

मेन रोड पर नासिर पेट्रोल पंप पर राठौर समाज सेवा समिति के तत्वाधान में खिचड़ी वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान रामनरेश राठौर, सेठ सौरभ राठौर, अनूप राठौर, राजेश राठौर, दिलीप राठौर, मुकेश राठौर, पंकज राठौर, डॉ. विकास राठौर, छोटू राठौर, आकाश राठौर, रोहित राठौर, देवेंद्र सिंह, सुजीत कुमार, मनीष राठौर आदि व्यवस्था में लगे रहे। लवली चौराहे पर भी खिचड़ी वितरण किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान ने भंडारे का आयोजन किया




**नैनी, प्रयागराज।** मकर राशि में सूर्य के प्रवेश उपरांत मकरसंक्रांति पर्व पर सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा सेक्टर नंबर-7 अरैल स्थित संकटमोचन मार्ग पर माघ मेला सरस्वती शिविर में गुरूवार को भव्य खिचड़ी का भंडारा किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों को खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया।कार्यक्रम में सर्वश्री कुंवर जी तिवारी, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, ऋषि दीक्षित, सुनील कुशवाहा, एडवोकेट आत्म प्रकाश यादव, संदीप केसरवानी, विकास मिश्रा, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, शशिकांत पांडेय, इन्दु प्रकाश सिंह, प्रियांशु उपाध्याय, डां. संगम लाल विश्वकर्मा, डां.सुनीता विश्वकर्मा, राजित राम शर्मा, कार्तिकेय तिवारी, तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### भारतीय कृषि के विकास में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण : डा.डी.के.सिंह



**ब्यूरो प्रयागराज।** भारतीय कृषि में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। चाहे फसलों की रोपाई या बुवाई ,चाहे कटाई माडाई हो क्या चाहे पशुपालन हो सभी क्षेत्रों में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उक्त बातें डॉ. डी.के.सिंह, प्रधानाचार्य मोतीलाल नेहरू फार्मरस ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट कॉर्डेट इफको फूलपुर ने बतौर मुख्य अतिथि ग्राम पुरेफौज़शाह , वि.ख. बहरिया, प्रयागराज में आयोजित किसान चौपाल के दौरान कहीं । उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि इफको के नैनो उर्वरक जो कृषि क्षेत्र में सकारात्मक क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहे हैं को जरूर प्रयोग करें। प्रधानाचार्य ने उपस्थित कृषक प्रतिभागियों को कार्डेट एवं इफको के क्रियाकलाप से परिचित कराया तथा धान की फसल में नैनो यूरिया प्लस, नैनो कॉपर, नैनो जिंक, एवं नैनो डीएपी के प्रयोग की विस्तार से जानकारी दी। इसी क्रम प्रभारी प्रशिक्षण मुकेश तिवारी ने खेतों की मिट्टी जांच से होने वाले लाभ एवं मिट्टी नमूना लेने की विधि की जानकारी दी एवं कृषि में जैव उर्वरकों एवं जैव अपघटकों के प्रयोग की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल भी वितरण किया गया। पुरेफौजशाह फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन की श्रीमती कामिनी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में दूधनाथ , विवेक कुमार सिंह, राजेश कुमार, सुरेश , कामिनी सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत, नहर में मिला शव

**कोड़ापुर गांव का रहने वाला था युवक**



**ब्यूरो प्रयागराज।** फूलपुर थाना क्षेत्र के कोड़ापुर गांव निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव बुधवार सुबह सेफखानपुर गांव के सामने नहर में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान सोनू भारतीय (28) पुत्र स्वर्गीय मदन लाल के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सोनू मंगलवार देर रात अपनी ससुराल जाने के लिए मोटरसाइकिल से घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। बुधवार सुबह उसका शव नहर में देखा गया, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी फूलपुर प्रवीण गौतम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नहर से निकलवाकर कब्जे में लिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। मृतक तीन भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था अभी देधवर्ष पुरस्की शादी रेशमा चैमलपुर गांव के साथ हुई थी पत्नी गर्भवती है हाल में उसके बच्चा पैदा होने वाला है। मृतक बांबे में रहकर ट्रक चलाता था अभी चार दिन पहले घर आया था। इनसेट 01 काल खींच ले गया। फूलपुर। मृतक सोनू भारतीय की मां शीला देवी के अनुसार उसे ससुराल जाने से रोक रही थी कि रात में मत जाओ सुबह होने पर जाना लेकिन काल किसी का नहीं सुना जबरजस्ती चला गया यह कहते हुए रिक की मां रोकर बेसुध होजाती है।

## जयपुर कोर्ट ने पीएम मोदी पर कथित जातिगत टिप्पणियों को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ याचिका खारिज कर दी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** जयपुर की एक अतिरिक्त सत्र अदालत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित जाति आधारित टिप्पणियों के संबंध में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर एक पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने निचली अदालत के पहले के आदेश को बरकरार रखा और मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। यह फैसला मंगलवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नीलम करवा ने सुनाया, जिन्होंने मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट नंबर 4 द्वारा पारित आदेश को चुनौती देने वाली वकील विजय कलंदर द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका की जांच की। जज ने कहा कि शिकायतकर्ता के बयान और रिकॉर्ड पर रखे गए सबूत याचिका का समर्थन नहीं करते, जिसके कारण इसे खारिज कर दिया गया। याचिका में, शिकायतकर्ता ने तर्क दिया कि निचली अदालत शिकायत के तथ्यों की ठीक से जांच करने में विफल रही।आरोप लगाया गया था कि राहुल गांधी, एक वरिष्ठ राजनीतिक नेता और विपक्ष के नेता के रूप में, बार-बार जातिगत पहचान को बदलने और जनता को उकसाने वाले बयान दे रहे थे, जिससे देश की एकता और अखंडता को नुकसान पहुंच रहा था। शिकायत के अनुसार, ये टिप्पणियां 2024 में छत्तीसगढ़ में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान की गई थीं, जहां राहुल गांधी ने कथित तौर पर कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन्म से ओबीसी नहीं हैं, बल्कि गुजरात में तेली समुदाय से संबंधित हैं। तेली समुदाय को 2000 में अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में शामिल किया गया था। गांधी ने कथित तौर पर दावा किया कि प्रधानमंत्री का जन्म सामान्य श्रेणी में हुआ था और बाद में उन्हें ओबीसी के रूप में वर्गीकृत किया गया। वकील विजय कलंदर ने इन टिप्पणियों पर आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया कि ये सार्वजनिक शांति और राष्ट्रीय अखंडता के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने आगे दावा किया कि राहुल गांधी ने बयान देते समय अपनी जातिगत पहचान छिपाई थी, जिससे, शिकायत के अनुसार, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची और कानूनी जांच की आवश्यकता है। यह पहला मामला नहीं था जब प्रधानमंत्री मोदी की जाति पर राहुल गांधी की टिप्पणियों से विवाद हुआ हो। इसी साल की शुरुआत में ओडिशा में एक पब्लिक मीटिंग में, उन्होंने दावा किया था कि 'पीएम मोदी को गुजरात की बीजेपी सरकार ने OBC बनाया था,' इस बयान को बीजेपी ने झूठा बताया था। इसके जवाब में, बीजेपी IT सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने 27 अक्टूबर, 1999 की भारत सरकार की एक गजट नोटिफिकेशन की कॉपी जारी की, जिसमें कहा गया था कि 'मोढ़ घांची' समुदाय को, 'घांची (मुस्लिम)', 'तेली', और 'माली' समुदायों के साथ OBC कैटेगरी में शामिल किया गया था। उस समय, केशुभाई पटेल गुजरात के मुख्यमंत्री थे, जबकि नरेंद्र मोदी ने बाद में 7 अक्टूबर, 2001 को पद संभाला था।हालांकि, OBC में शामिल किए जाने के समय को लेकर बीजेपी के अंदर अलग-अलग बातें सामने आई हैं। गुजरात के पूर्व उपमुख्यमंत्री और बीजेपी सांसद नरहरि अमीन ने कहा है कि 'मोढ़' और 'घांची' समुदायों को 25 जुलाई, 1994 को गुजरात में कांग्रेस सरकार के दौरान OBC कैटेगरी में जोड़ा गया था। उन्होंने कहा कि उस समय नरेंद्र मोदी किसी भी कार्यकारी पद पर नहीं थे। राहुल गांधी पहले भी इसी तरह के मामले में दोषी ठहराए जा चुके हैं। 2023 में, सूरत की एक अदालत ने उन्हें मोदी सरनेम से जुड़ी टिप्पणियों के लिए दो साल जेल की सज़ा सुनाई थी, इस फैसले के महत्वपूर्ण राजनीतिक और कानूनी नतीजे हुए थे। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने दोषसिद्धि और सज़ा पर रोक लगा दी थी।

## 'ट्रायल खत्म होने में समय लग सकता है': सुप्रीम कोर्ट ने महंत नरेंद्र गिरि हत्याकांड के आरोपी को जमानत दी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने 12 जनवरी को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की मौत से जुड़े मामले में आरोपी आद्या प्रसाद तिवारी को जमानत दे दी। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के 14 अक्टूबर, 2025 के आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें तिवारी की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। तिवारी को 22 सितंबर, 2021 को प्रयागराज के जॉर्ज टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज क्राइम नंबर 322/2021 के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था, शुरू में उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप था। बाद में, 18 नवंबर, 2021 को दायर चार्जशीट में IPC की धारा 120-B और 302 भी लगाई गई, जिसमें आपराधिक साजिश और हत्या का आरोप लगाया गया। अपील मंजूर करते हुए, कोर्ट ने कहा कि प्रॉसिक्यूशन ने 150 गवाहों से पूछताछ करने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन अब तक सिर्फ़ तीन गवाहों से ही पूछताछ हुई है। बेंच ने कहा कि ट्रायल पूरा होने में काफ़ी समय लगने की संभावना है और तिवारी इस मामले में मुख्य आरोपी नहीं लग रहा है। 'इसलिए, यह साफ़ है कि ट्रायल पूरा होने में समय लगेगा। वैसे भी, अपीलकर्ता मुख्य आरोपी नहीं लगता है। इसे देखते हुए, हमारी राय है कि ट्रायल के दौरान अपीलकर्ता को और हिरासत में रखना ज़रूरी नहीं है,' कोर्ट ने उसे ज़मानत पर रिहा करने का आदेश देते हुए कहा। बेंच ने निर्देश दिया कि तिवारी को ट्रायल कोर्ट की संतुष्टि के अनुसार बेल बॉन्ड जमा करने और उसके द्वारा लगाई गई शर्तों का पालन करने पर जमानत पर रिहा किया जाए। कोर्ट ने यह भी चेतावनी दी कि अपीलकर्ता सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से मामले के तथ्यों से परिचित किसी भी व्यक्ति को ऐसे तथ्यों को कोर्ट के सामने बताने से रोकने के लिए प्रेरित, धमकी या वादा नहीं करेगा। यह भी आदेश दिया गया कि तिवारी को, जब तक छूट न दी जाए, ट्रायल की कार्यवाही में लगन से शामिल होना होगा, ऐसा न करने पर इसे जमानत की शर्तों का उल्लंघन माना जा सकता है और जमानत रद्द हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि आदेश में की गई टिप्पणियां सिर्फ़ बेल की अर्ज़ी पर फ़ैसला करने के लिए थीं और इन्हें केस की मेरिट पर फ़ैसले के तौर पर नहीं माना जाएगा। महंत नरेंद्र गिरि 20 सितंबर, 2021 को प्रयागराज में अपने मठ के अंदर संदिग्ध हालात में मृत पाए गए थे।

## मकर संक्रांति पर लाखों श्रद्धालुओं ने अरैल घाट पर आस्था की डुबकी लगाई



**नैनी, प्रयागराज।** माघ मेला के प्रमुख स्नान पर्व मकर संक्रांति पर लाखों श्रद्धालुओं ने अरैल घाट पर पहुंच कर गंगा जी में आस्था की डुबकी लगाई। तत्पश्चात गंगा मैया की विधि-विधान पूर्वक पूजन-अर्चन कर अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि होने की मंगल कामना की।माघ मेला के दूसरे प्रमुख स्नान पर्व मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर दूरदराज के श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हुआ। लोग रेलवे स्टेशन एवं बस अड्डे से उतरकर अरैल मार्ग पर पैदल ही गए। बृहस्पतिवार की भोर से ही अरैल घाट पर स्नान करने वालों की भीड़ इकट्ठा होने लगी । तकरीबन 4:00 बजे सुबह से ही लोगों ने अरैल घाट पर स्नान करना शुरू किया। जो सारा दिन तक चला। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अरैल घाट पर गंगा जी में डुबकी लगाई। तत्पश्चात गंगा मैया की विधि-विधान पूर्वक पूजन- अर्चन कर अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि होने की मंगल कामना की। घाट के आसपास तमाम तरह की दुकानें लगाई गई थी। जहां पर लोग जरूरत संबंधी सामानों को खरीदते रहे। सामाजिक संगठनों एवं व्यापारियों के द्वारा मेले में कई जगहों पर स्टाल लगाकर खिचड़ी एवं पूड़ी सब्जी का वितरण किया गया।

## धड़ल्ले से चल रहे अवैध क्लीनिक,गर्भवती महिलाओं का इलाज,जच्चा-बच्चा की जान खतरे मे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** कौंधियारा क्षेत्र में अवैध क्लीनिकों का जाल तेजी से फैल रहा है। जारी क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में दर्जनों ऐसे क्लीनिक बिना किसी वैध लाइसेंस और पंजीकरण के संचालित हो रहे हैं, जहां गर्भवती महिलाओं का इलाज और प्रसव कराया जा रहा है। इन क्लीनिकों के संचालक चंद पैसों के लालच में नियमों का उल्लंघन कर महिलाओं के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं।स्थानीय निवासियों के अनुसार, इन अवैध क्लीनिकों में न तो प्रशिक्षित डॉक्टर उपलब्ध हैं और न ही आवश्यक चिकित्सकीय उपकरण। कई क्लीनिकों में बिना डिग्री वाले कंपाउंडर ही डॉक्टर बनकर मरीजों का इलाज करते हैं। गंभीर बात यह है कि कुछ स्थानों पर गर्भवती महिलाओं के ऑपरेशन भी किए जाते हैं, जो पूरी तरह गैरकानूनी और जानलेवा हो सकते हैं। प्रसव के लिए भी अनट्रेंड कर्मियों को रखा जाता है, जिससे जच्चा और बच्चा दोनों की जान को खतरा रहता है।सूत्रों के मुताबिक, 'आशा मेटरनिटी क्लीनिक' सहित कई निजी क्लीनिक ऐसे हैं जिनका मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में कोई पंजीकरण नहीं है।

इसके बावजूद यहां बड़े पैमाने पर प्रसव कराए जा रहे हैं। क्षेत्र में अक्सर जटिल प्रसव, अत्यधिक रक्तस्राव और नवजात शिशुओं की मौत जैसी घटनाएं सामने आती रहती हैं, लेकिन कई मामलों को दबा दिया जाता है या निजी स्तर पर निपटा दिया जाता है।ग्रामीणों का कहना है कि जानकारी के अभाव और सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की दूरी के कारण महिलाएं मजबूरी में इन अवैध क्लीनिकों का रुख करती हैं। वहीं, कुछ क्लीनिक संचालक कम खर्च और तत्काल सुविधा का लालच देकर गर्भवती महिलाओं को अपने यहां भर्ती कर लेते



हैं।इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौंधियारा अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध क्लीनिक संचालित होने की कई शिकायतें मिली हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है और जल्द ही जांच-पड़ताल कर दोषी क्लीनिक संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरीक्षण अभियान चलाकर बिना पंजीकरण चल रहे क्लीनिकों को सील करने की भी तैयारी की जा रही है।

### हण्डिया पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की बैट्री बरामद

**प्रयागराज।** सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना हण्डिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0-25/2026 धारा-303(2) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सलमान उर्फ मतई पुत्र मुस्तफा निवासी वार्ड नं0-09 धनापुर हेलान नगर पंचायत हण्डिया थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा दिनांक-14.01.2026 को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं0-09 धनापुर के पास से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में चोरी की बैट्री बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-317(2) भा0न्या0सं0 की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त द्वारा दिनांक-11/12.01.2026 की रात्रि में थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत गल्लामण्डी के पास से वादी मुकदमा की खड़ी पिकअप से बैट्री चोरी कर ली गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना हण्डिया पर मु0अ0सं0-25/2026 उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

## अपराध निरोधक नैनी की टीम मकर संक्रांति पर मुस्तैद रही



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** गुरूवार को जिला अपराध निरोधक समिति (DCPC) प्रयागराज के नैनी शाखा ने माघ मेला के मकर संक्रांति के पावन स्नान पर्व पर डीसीपीसी के सचिव श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव के दिशा निर्देश में यामुनागर के अरैल क्षेत्र में राम बाबू सिंह वार्ड अधिकारी के नेतृत्व में अरैल घाट, विआईपी घाट, सेल्फी प्वाइंट, सोमेश्वर महादेव घाट, फालाहारी बाबा आश्रम चौराहा, दंडी स्वामी आश्रम प्वाइंट, के पास जन मानस के सहयोग में पुलिस प्रशासन के साथ डीसीपीसी के वॉलिंटियर्स कन्धे से कंधा मिला कर तत्पर रहे, एवं मेले को सुचारू रूप से संपन्न करने में अहम भूमिका निभाई इस मौके पर नैनी सहायक वार्ड ऑफिसर-शिवकुमार सिंह ने 6 टीम बनाई जिसमें हर टीम में 10-10 सदस्य एवं हर टीम में एक टीम कमांडर नियुक्त कर ड्यूटी लगवाई।

इस मौके पर टीम कमांडर रहे अखिलेश सिंह, सुधीर कुमार प्रजापति, शुभम शर्मा,सुनील कुमार सिंह, केशव प्रसाद प्रजापति, संगम प्रजापति, टीम लीडरों के साथ टीम मेंबर बलवंत विश्वकर्मा राकेश पाल सुधीर प्रजापति अमरजीत बिंद राजेश कुमार विश्वकर्मा विक्रम पासवान सचिन वर्मा एवं आदि अनेक सदस्य गण जनमानस के सहयोग में मौजूद रहे।

## माघमेला में संत कालिदास जी महाराज की अद्भुत लीला



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज के माघमेला में मध्य प्रदेश के रीवा से आए संत कालिदास जी महाराज ने अपनी अद्भुत लीलाओं से सबको आकर्षित किया है। महाराज जी ने बताया कि वे महाकुंभ मेले में आए थे और अब दूसरी बार माघ मेले में आए हैं। उन्होंने अब तक 108 महायज्ञ करने का संकल्प लिया है, जिसमें से 40 यज्ञ पूरे हो चुके हैं। महाराज जी ने बताया कि उन्होंने अपने जीवन में कई कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन मां काली की भक्ति नहीं छोड़ी। उन्होंने बताया कि मरने के बाद भी उन्हें पुनः जीवन प्राप्त हुआ, जो मां काली की कृपा थी। महाराज जी अपनी जीभ को 24 घंटे लगातार बाहर निकालकर रथ यात्रा के दौरान रहते हैं और जहर के समान सिंदूर उनके जीभ पर चढ़ाया जाता है। उन्होंने सभी भक्तों से अनुरोध किया कि वे किसी भी देवी-देवता का भक्त बनें, लेकिन भगवान नहीं।

## ईडी बनाम ममता बनर्जी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर पर रोक लगाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने आज पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कुछ राज्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें उन पर कथित तौर पर ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के राजनीतिक सलाहकार I-PAC के कार्यालय की ईडी की तलाशी में बाधा डालने का आरोप है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि यह एक 'बहुत गंभीर मामला' है जिसकी कोर्ट को जांच करने की ज़रूरत है। बेंच ने कहा 'हमारी पहली नज़र में राय है कि इस याचिका में ईडी या अन्य केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जांच और राज्य एजेंसियों द्वारा इसमें दखल से जुड़ा एक गंभीर मुद्दा उठाया गया है। हमारे अनुसार, देश में कानून के शासन को आगे बढ़ाने और हर अंग को स्वतंत्र रूप से काम करने देने के लिए, इस मुद्दे की जांच करना ज़रूरी है ताकि अपराधियों को किसी खास राज्य की कानून प्रवर्तन एजेंसियों की ढाल के नीचे सुरक्षित न रहने दिया जाए। हमारे अनुसार, इस मामले में बड़े सवाल शामिल हैं, जिन्हें अगर बिना फैसला किए छोड़ दिया गया, तो स्थिति और खराब हो जाएगी और एक या दूसरे राज्य में अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी, यह देखते हुए कि अलग-अलग संगठन अलग-अलग जगहों पर शासन कर रहे हैं। यह सच है कि किसी भी केंद्रीय एजेंसी को किसी भी पार्टी के चुनाव कार्य में दखल देने का कोई अधिकार नहीं है। लेकिन अगर केंद्रीय एजेंसी किसी गंभीर अपराध की ईमानदारी से जांच कर रही है, तो सवाल यह उठता है कि क्या पार्टी की गतिविधियों की आड़ में एजेंसियों को अपना काम करने से रोका जा सकता है",। संविधान के आर्टिकल 32 के तहत ईडी द्वारा दायर रिट याचिका पर पश्चिम बंगाल राज्य, ममता बनर्जी, पश्चिम बंगाल डीजीपी राजीव कुमार, कोलकाता पुलिस कमिश्नर मनोज कुमार वर्मा और दक्षिण कोलकाता के डिप्टी कमिश्नर प्रियब्रत रॉय को नोटिस जारी किया गया है। ईडी अपने काम में कथित रुकावट की सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन से जांच करवाना चाहती है। कोर्ट ने प्रतिवादियों को दो हफ़्ते के अंदर जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा है। इस मामले पर अगली सुनवाई 3 फरवरी को होगी। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि प्रतिवादी 8 जनवरी को तलाशी ली गई जगह और आस-पास के इलाकों की फुटेज वाले CCTV कैमरे और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को सुरक्षित रखें। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा पश्चिम बंगाल अधिकारियों के खिलाफ दर्ज की गई तीन एफआईआर में आगे की कार्यवाही पर भी रोक लगा दी। जैसे ही मामला उठाया गया, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह मामला एक 'चौंकाने वाला पैटर्न' दिखाता है। उन्होंने कहा कि पहले भी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने केंद्रीय एजेंसियों के काम में रुकावट डालने के लिए ऐसे काम किए हैं। 'यह कैसे सही है? ', जस्टिस मिश्रा ने पूछा। एसजी ने कहा कि एक याचिका ईडी ने एक ऐसे अधिकारी के साथ मिलकर दायर की है जो व्यक्तिगत रूप से पीड़ित है। उन्होंने कहा कि एक और याचिका ईडी अधिकारियों ने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में दायर की है। 'यहां, एक सबूत था, जिससे यह नतीजा निकला कि एक कंपनी के ऑफिस और एक व्यक्ति के ऑफिस में कुछ आपत्तिजनक सामग्री है। ईडी के अधिकारी सेक्शन 17 PMLA के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए वहां जाते हैं। हमने स्थानीय पुलिस को भी सूचित किया। माननीय मुख्यमंत्री, डीजीपी और पुलिस के बड़े दल के साथ वहां पहुंचते हैं, ऑफिस में घुस जाते हैं और फाइलें और डिवाइस ले जाते हैं। मेरे हिसाब से, यह चोरी के अलावा कुछ नहीं है। अगर ऐसे व्यवहार को माफ किया जाता है, तो यह अधिकारियों को हतोत्साहित और निराश करेगा,' एसजी ने कहा। एसजी ने बताया कि ईडी ने उन पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड करने का निर्देश देने के लिए भी एक आवेदन दिया है जो बनर्जी के साथ थे। PMLA के सेक्शन 54 का जिक्र करते हुएएसजी ने कहा कि पुलिस अधिकारी ईडी की मदद करने के लिए कर्तव्यबद्ध हैं; हालांकि, इस मामले में, पुलिस ने ईडी को रोका।

## मकर संक्रांति पर्व पर प्रयागराज जंक्शन पर विशेष निगरानी एवं 19 विशेष गाड़ियों का संचालन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा एवं सुचारु रेल संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज मण्डल रेल प्रबंधक/प्रयागराज रजनीश अग्रवाल, अपर मण्डल रेल प्रबंधक (सामान्य)/प्रयागराज दीपक कुमार, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग) श्री हरिमोहन एवं वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त श्री विजय प्रकाश पंडित द्वारा प्रयागराज जंक्शन स्थित सीसीटीवी कंट्रोल रूम से स्टेशन एवं रेल परिचालन की सतत निगरानी की गई। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर आज दिनांक 15 जनवरी 2026 को 19.00 बजे तक प्रयागराज मण्डल द्वारा कुल 19 विशेष गाड़ियों का संचालन किया गया। इनमें रिंग रेल सेवा, विस्तारित सेवा, टाइम-टेबल स्पेशल गाड़ियां तथा यात्रियों की अतिरिक्त आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए चलाई गई अन्य विशेष गाड़ियां सम्मिलित रहीं। इसी क्रम में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रयागराज जंक्शन के विभिन्न प्लेटफार्मों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म, प्रवेश एवं निकास मार्ग, कैटरिंग सुविधाएं तथा अन्य संवेदनशील स्थलों पर यात्रियों की आवाजाही एवं भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को निरंतर सतर्कता बनाए रखने, यात्रियों को समुचित मार्गदर्शन प्रदान करने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से त्वरित एवं प्रभावी ढंग



से निपटने के निर्देश दिए। रेल प्रशासन द्वारा मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु विशेष भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा संबंधी व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं तथा आवश्यक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा का अनुभव प्राप्त हो।

## अरैल परमार्थ घाट पर भक्ति का महासंगम, प्रतिदिन हो रही भव्य यमुना आरती

**● वैदिक मंत्रों की गूंज और दीपों की आभा में श्रद्धालु हो रहे भाव-विभोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** नैनी स्थित अरैल परमार्थ घाट इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का जीवंत केंद्र बन चुका है।सायंकाल जैसे ही सूर्य अस्ताचल की ओर बढ़ता है, वैसे ही यमुना तट पर भक्ति की एक अलौकिक धारा प्रवाहित होने लगती है।परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, विश्वविख्यात संत स्वामी चिदानंद सरस्वती मुनि जी महाराज के सान्निध्य में प्रतिदिन भव्य यमुना आरती का आयोजन किया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं के मन को गहरे तक छू रहा है।आरती की शुरुआत बटुकों द्वारा किए जा रहे वैदिक मंत्रोच्चार से होती है। शंखनाद, घंटियों की मधुर ध्वनि और मंत्रों की पवित्र गूंज पूरे घाट को आध्यात्मिक वातावरण से भर देती है। दीपों की कतार जब यमुना मां के चरणों में सजती है, तो ऐसा प्रतीत होता है मानो स्वयं मां यमुना अपने भक्तों को आशीर्वाद दे रही हों। इसके बाद प्रस्तुत होने वाली भजन संध्या श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर देती है।

इस भव्य आयोजन में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होने पहुंच रहे हैं। दूर- दराज से आए श्रद्धालु, साधु- संत, महिलाएं, बच्चे और युवा–सभी एक साथ मां यमुना की आराधना में लीन नजर आते हैं। विशेष रूप से माघ मेले के दौरान परमार्थ घाट पर श्रद्धालुओं की संख्या और भी बढ़ गई है।

संगम नगरी में आए कल्पवासी और स्नानार्थी आरती में सम्मिलित होकर अपने जीवन को धन्य मान रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि यमुना आरती में शामिल होकर मन को अद्भुत शांति और सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति होती है। घाट पर फैली भक्ति की यह धारा न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत कर रही है, बल्कि प्रयागराज की आध्यात्मिक पहचान को भी और अधिक गौरवशाली बना रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## नहाने के दौरान वृद्धा नदी में डूबी, शव बरामद

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के करगइयों गांव स्थित पनघटवा घाट पर बुधवार शाम लगभग 4 बजे नहाने गई 75 वर्षीय सुगिया देवी पति स्व. कल्लू यादव का पैर फिसलने से वह नदी में गिर गई और तेज बहाव के कारण देखते ही देखते पानी में बह गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा तुरंत खोजबीन शुरू की गई। पानी का बहाव अधिक होने के कारण तिलैया डैम का पानी बंद करवाया गया। वहीं गुरुवार को घंटों की मशक्कत के बाद कई किलोमीटर दूर भंडारों स्थित नदी से वृद्ध महिला का शव बरामद हुआ। शव की खोज में स्थानीय मुखिया मंगलदेव यादव, पूर्व मुखिया रघुवीर यादव, मुखिया प्रतिनिधि सह सामाजिक कार्यकर्ता रवि यादव, पंकज यादव, पंचायत समिति सदस्य सहित दर्जनों ग्रामीणों ने सक्रिय सहयोग किया। घटना की सूचना मिलते ही बरही थाना से पुलिस अवर निरीक्षक रूपलाल यादव मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है।

## मकर संक्रांति पर रमईपुर चौराहे पर उमड़ा आस्था और समरसता का सैलाब



**प्रतापगढ़।** शहीद स्मारक रूर से पहले स्थित रमईपुर चौराहा गुरुवार को लोक परंपरा, श्रद्धा और सामाजिक समरसता का जीवंत केंद्र बन गया। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर यहां भव्य खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सुबह करीब 9 बजे से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। आयोजन के दौरान भगवान सूर्य की आराधना के साथ ही खिचड़ी प्रसाद वितरण हुआ। ठंड के मौसम में गरम खिचड़ी आपसी मेल-जोल और अपनत्व की भावना को भी और मजबूत किया। कार्यक्रम में हर वर्ग और हर आयु के लोगों ने सहभागिता कर सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम मुख्य रूप से आयोजक रिंकू सिंह के साथ दिनेश तिवारी, निखिल यादव, चंदन सिंह पटेल, जितेंद्र पटेल, गौरव पटेल, अनुभव सोनी, सुधीर, कृष्ण कुमार, शिवम, मनोज वर्मा, शिवम पटेल, बंटी पटेल, संदीप सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## वॉलीवाल प्रतियोगिता में रेहुआ लालगंज की टीम बनी विजेता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मकर संक्रान्ति पर्व को लेकर विकासखण्ड सांगीपुर क्षेत्र के रेहुआ लालगंज में पारंपरिक मेला व वालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मेले में पहुंचे ग्रामीणों ने खरीददारी के साथ ही फास्टफूड, चाट, जलेबी आदि का आनन्द उठाया। वहीं वालीवाल प्रतियोगिता में रेहुआ लालगंज, बलीपुर, पूरे वल्दी अगई एवं रायपुर की टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबला रेहुआ लालगंज व रायपुर के बीच खेला गया। जिसमें रेहुआ लालगंज की टीम ने रोमांचक मुकाबले मे 2-1 से जीत हासिल की। आयोजन समिति के पूर्व प्रधान महेन्द्र सिंह ने समाजसेवी दीपक सिंह के साथ विजेता टीम को पुरस्कृत किया। इस मौके पर रामजी, धीरज सोनी, रमेश, सचिन, शैलेन्द्र सिंह, सुनील आदि मौजूद रहे।

## जमीन के विवाद में हुई मारपीट, सोलह पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीन के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना पर पुलिस की तहरीर पर दोनों पक्षों के दर्जन भर से अधिक आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली लालगंज में तैनात सिपाही राहुल कुमार यादव ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती13 जनवरी को दोपहर खानापट्टी निवासी रमेश मौर्य व उमेश मौर्य बाउण्ड्री बनवा रहे थे। आरोप है कि विपक्षी रामरतन वर्मा, द्रोपदी पत्नी श्रीराम, इसरावती पत्नी लालजी, कलावती पत्नी सोहन निवासीगण दौलत का पुरवा अमांवा तथा कामता प्रसाद निवासी दीना का पुरवा व सात आठ अज्ञात महिलाओं लोग वहां पहुंचे और विरोध जताने लगे। कहासुनी के बीच दोनों पक्षो में मारपीट हो गई। सूचना पर की गयी जांच में घटना सही पायी गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर रमेश, उमेश, रामरतन वर्मा व सात आठ अज्ञात समेत 16 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# रेनबो स्कूल बरही में भारतीय सेवा दिवस का आयोजन, स्केचिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** शिवपुर गडलाही में संचालित रेनबो स्कूल बरही में भारतीय सेवा दिवस बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों के बीच स्केचिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों में भारतीय सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारना था। प्रतियोगिता के तहत विद्यार्थियों को मात्र 25 मिनट का समय दिया गया, जिसमें पेंसिल की सहायता से भारतीय सेवा से जुड़े विषयों पर चित्र बनाने को कहा गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने देश सेवा, जनकल्याण, अनुशासन और समर्पण जैसे भावों को अपने चित्रों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों की कल्पनाशीलता और कला कौशल ने सभी का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन के बाद प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। प्रतियोगिता में वर्षा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि असवृति कुमारी ने द्वितीय स्थान और सोनम कुमारी एवं आरूषी कुमारी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त लक्ष्मी कुमारी, मंशा परवीन, अंजू कुमारी, प्रिया पासवान, अंशु कुमारी, प्रियांशु कुमारी, स्वाति कुमारी एवं राबिया प्रवीण को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि भारतीय सेवा दिवस हमें उन सभी सेवाओं और सेवाभावी व्यक्तियों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर देता है, जो निस्वार्थ भाव से देश और समाज की सेवा में लगे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में देशभक्ति, जिम्मेदारी और सेवा भावना को मजबूत करती हैं। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों की सराहना की गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# मनीष यादव की ताबड़तोड़ अर्धशतकीय पारी से रांगा मोड़ बुलडोजर फाइनल में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवघर, झारखंडः-** आज गुरुवार को देवघर कॉलेज मैदान में रांगा मोड़ प्रीमियर लीग के तत्वावधान में पहला सेमीफाइनल मुकाबला बड़े ही रोमांचक माहौल में खेला गया। यह मुकाबला रांगा मोड़ बुलडोजर एवं ओल्ड अवेंजर टीम के बीच आयोजित हुआ, जिसमें रांगा मोड़ बुलडोजर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। मैच में टॉस के बाद दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए रांगा मोड़ बुलडोजर टीम की ओर से मनीष यादव ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 32 गेंदों में ताबड़तोड़ 58 रन बनाए और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। मैच के समापन के पश्चात आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में रांगा मोड़ प्रीमियर लीग के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्य अतिथि आदर्श लक्ष्य उर्फ भईया जी द्वारा विजेता टीम रांगा मोड़ बुलडोजर को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है तथा युवाओं में खेल भावना का विकास होता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष संजीव कुमार झा, अंपायर कुणाल रंजन, संरक्षक कुंदन शर्मा, अध्यक्ष नयन राज साहनी, समाजसेवी प्रकाश महथा, नीलेश सिंह, प्रेम कुमार, राहुल कुमार, नन्हे कुमार, नवनीत, राज शर्मा, कुणाल रंजन, चुनचुन यादव, मनीष पांडे, सहित आयोजन समिति के सदस्य, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। सभी ने रोमांचक मुकाबले का भरपूर आनंद लिया और विजेता टीम को बधाई दी।

# ड्रग तस्करी पर पुलिस प्रशासन का करारा प्रहार, एडिशनल एसपी के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई

**● 6 तस्करों को जेल भेजा जाना निर्णायक कदम : हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग जिले में नशे के काले कारोबार के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने निर्णायक और सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। एडिशनल एसपी अमित कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम ने मंगलवार को इचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत सूर्यमंदिर तालाब के पीछे छापेमारी कर 6 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई नशा तस्करों के संगठित नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में एक अहम और सराहनीय कदम मानी जा रही है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान अलग-अलग पुड़ियों में कुल 29 ग्राम ब्राउन शुगर तथा 6 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनका इस्तेमाल नशा तस्करी के अवैध नेटवर्क को संचालित करने में किया जा रहा था। बरामद सामग्री से यह स्पष्ट होता है कि आरोपी लंबे समय से नशे के कारोबार में सक्रिय थे। सभी गिरफ्तार आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। फिलहाल मामले की गहन जांच जारी है और पुलिस नशा तस्करी से जुड़े पूरे नेटवर्क को उजागर करने में जुटी हुई है। आने वाले दिनों में और भी खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। गौरतलब है कि सूर्यमंदिर तालाब एवं आसपास का क्षेत्र पूर्व में भी कई बार नशा तस्करों का गढ़ बन चुका है, जहां पुलिस द्वारा अनेक बार कार्रवाई की जा चुकी है। हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट ने इस पूरी कार्रवाई को पुलिस प्रशासन की मजबूत इच्छाशक्ति का परिचायक बताते हुए कहा कि नशे के खिलाफ इस तरह की सख्त और निरंतर कार्रवाई से ही समाज को इस गंभीर बीमारी से बचाया जा सकता है। ट्रस्ट ने मांग की कि केवल गिरफ्तार आरोपियों तक ही नहीं, बल्कि नशा तस्करी से जुड़े पूरे नेटवर्क और इसके संरक्षणकर्ताओं पर भी कठोरतम कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि इसी क्रम में पेलावल थाना क्षेत्र में भी नशा कारोबारियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई है। दोनों ही स्थानों पर एडिशनल एसपी अमित कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान से यह स्पष्ट संदेश गया है कि हजारीबाग पुलिस प्रशासन नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रहा है और किसी भी सूरत में नशे के कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# विश्व आर्थिक मंच में झारखण्ड की भागीदारी महज संवाद नहीं, देश के लिए टर्निंग प्वाइंट का संकेत

**● झारखण्ड भारत समेत विश्व के विकास की अगली कहानी को आकार देने के लिए तैयार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, झारखंडः-** झारखण्ड जैसे राज्य के लिए विश्व आर्थिक मंच में भागीदारी महज वैश्विक संवाद तक सीमित नहीं है बल्कि भारत के लिए एक टर्निंग प्वाइंट का संकेत है। देश के खनिजों से संपन्न राज्यों में झारखण्ड अग्रणी स्थान रखता है। यहां कोयला, लौह अयस्क, तांबा, यूरेनियम और क्रिटिकल मिनरल्स के व्यापक भंडार हैं, जो भारत के औद्योगिक, ऊर्जा और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही, समृद्ध पारिस्थितिक तंत्र और आदिवासी बहुलता के कारण सतत एवं समावेशी विकास झारखण्ड की विकास यात्रा का मूल आधार है। ऐसे में झारखण्ड के लिए दावोस केवल औपचारिक भागीदारी का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह वह स्थान है जहां निवेश की संभावनाएं आकार लेती हैं, रणनीतिक गठबंधन बनते हैं और विकास, स्थिरता एवं लचीलेपन से जुड़े दीर्घकालिक आर्थिक दृष्टिकोण तय किए जाते हैं। यह ऐसा मंच है जहां विचार साझेदारियों में बदलते हैं और नीति, पूंजी, नवाचार तथा विकास की प्राथमिकताएं एक साथ हाथ बढ़ाती हैं। हर दिन बदलते इस दौर में जब भारत स्वयं को वैश्विक स्तर पर मैन्युफैक्चर, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी के केंद्र के रूप में पेश कर रहा है, तब झारखण्ड के खनिज संसाधन, भूमि, मानव संसाधन और औद्योगिक आधार राष्ट्रीय विकास में इसे एक अग्रणी योगदान देने वाला राज्य बनाते हैं।

**विकास की अगली कहानी को आकार देने के लिए झारखण्ड तैयार**

विश्व आर्थिक मंच में अपने निर्माण के 25 वर्ष पूरे कर चुके युवा झारखण्ड की उपस्थिति केवल प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के भविष्य के साथ सामूहिक शक्ति का संकेत है। यह दर्शाता है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में युवा झारखण्ड अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ जुड़ने, उत्तरदायी निवेश आकर्षित करने और भारत तथा विश्व के विकास की अगली कहानी को आकार देने के लिए पूरी तरह तैयार है। विश्व आर्थिक मंच का सतत विकास, विश्वास और दीर्घकालिक परिवर्तन पर केंद्रित एजेंडा झारखण्ड का प्रकृति के साथ सामंजस्य में विकास की सोच से मेल खाता है। इस वैश्विक मंच पर भागीदारी के माध्यम से राज्य संदेश देगा कि संसाधन-समृद्ध क्षेत्र भी उत्तरदायी औद्योगीकरण, ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु-अनुकूल विकास की दिशा में नेतृत्व कर विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

**झारखण्ड के लिए सीधे संवाद का अवसर**

पिछले पांच दशकों से अधिक समय से विश्व आर्थिक मंच राष्ट्राध्यक्षों, मंत्रियों, विश्व के प्रमुख कंपनियों के सीईओ, विकास में सहयोग करने वाले बैंकों, प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने वाले लोगों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक प्रमुख संवाद का मंच रहा है। विश्व आर्थिक मंच में सहभागिता झारखण्ड को वैश्विक निवेशकों, स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में कार्यरत लोगों, वित्तीय साधन, विनिर्माण कंपनियों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं और विकास संस्थानों से सीधे संवाद का अवसर प्रदान भी करती है। इससे राज्य को केवल कच्चे संसाधनों के स्रोत के रूप में नहीं, बल्कि मूल्यवर्धित उद्योगों, उत्तरदायी खनन, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण अनुकूल विकास और सतत आपूर्ति श्रृंखलाओं के पार्टनर के रूप में खुद को पेश करने का अवसर देगा।

# हजारीबाग यूथ विंग ने ओल्ड एज होम में बुजुर्गों संग मनाई मकर संक्रांति

**● बुजुर्गों संग मकर संक्रांति का उल्लास, ओल्ड एज होम में दिखी अपनत्व की झलक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर गुरुवार को एसपी कोठी स्थित ओल्ड एज होम में बुजुर्गों के बीच पर्व बड़े ही उत्साह एवं आत्मीयता के साथ मनाया गया।कार्यक्रम का आयोजन संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं अध्यक्ष करण जायसवाल के निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के सचिव रितेश खण्डेलवाल ने की। इस अवसर पर ओल्ड एज होम में रह रहे सभी बुजुर्गों के बीच तिलकुट,चूड़ा, गुड़ सहित अन्य पारंपरिक सामग्रियों का वितरण किया गया। बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी और संतोष की झलक साफ दिखाई दी। उन्होंने सभी सदस्यों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया, जो संस्था के सदस्यों के लिए भावुक एवं अविस्मरणीय क्षण रहा।

कार्यक्रम की समाप्ति के बाद बुजुर्गों के संग सभी ने एक सामूहिक तस्वीर लेकर इस पल को यादगार बनाया। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके साथ पर्व मनाकर जो आत्मिक सुख मिलता है, वह शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। संस्था आगे भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर करती रहेगी। संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग केवल पर्व मनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग के साथ खड़े रहकर सेवा करने का संकल्प लिया है। होली, दीपावली, जन्मदिन एवं शादी की वर्षगांठ जैसे अवसरों पर भी संस्था ओल्ड एज होम पहुंचकर बुजुर्गों के साथ खुशियाँ बांटती है। कार्यक्रम के अंत में संस्था के सदस्यों ने बुजुर्गों के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। उक्त अवसर पर सचिव रितेश खण्डेलवाल, सह सचिव अभिषेक पांडे, संस्था मार्दर्शक विकास केशरी, संजय कुमार,कार्यकारिणी सदस्य सेज़ल सिंह,प्रज्ञा कुमारी एवं खुशी कुमारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# विभावि इंटर कॉलेज ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मार्खम कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

**● स्वर्ण व कांस्य पदक पर जमाया कब्जा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन, पदमा की मेजबानी में विनोबा भावे विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य आयोजन 9 एवं 10 जनवरी को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से विशेष पहचान बनाई। प्रतियोगिता के दौरान केमिस्ट्री सेमेस्टर-6 के विद्यार्थी कुमार ऋषिराज ने 80 से 87 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं अंग्रेजी सेमेस्टर-1 के विद्यार्थी आदर्श कुमार गुप्ता ने 54 से 58 किलोग्राम भार वर्ग में दमदार खेल का प्रदर्शन कर कांस्य पदक हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि ने न केवल कॉलेज का गौरव बढ़ाया, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस गौरवपूर्ण सफलता पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ रंजीत कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी मार्खम कॉलेज के विद्यार्थी खेल एवं शिक्षा दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रौशन करते रहेंगे। प्रतियोगिता में टीम मैनेजर की महत्वपूर्ण भूमिका डॉ विनय कुमार बैठा ने निभाई, जिनके कुशल मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन से खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा रहा। टीम मैनेजर डॉ बैठा ने खिलाड़ियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि हमारे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। इस सफलता से मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में हर्ष का माहौल है, तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाइयाँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# उत्सवी माहौल में सम्पन्न हुई बाबा गढ़वे साहेब की वार्षिक पूजा सह मेला, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**करौं, देवघर, झारखंडः-** देवता बाबा गढ़वे साहेब की वार्षिक पूजा सह मेला अनुमण्डल के करों प्रखण्ड स्थित धर्मिक व एतिहासिक गांव करोंग्राम में धूम दुधाम के साथ उत्सवी वातारण में सम्पन्न हो गया । जिसमें दूर-दराज गांव कमलकर, रान्हा, सिरियां, गोविन्दपुर, देपुर, पंचगड़िया, चाँदचोरा, रानीडीह, केन्दवरिय करोपहाड़ी ' सालतर, डूमरतर और आलपुर आदि गांवों आये हजारों लोगों ने बाबा गढ़वे साहेब मंदिर में माथा टेका और परिवारिक सुख-शांति व रक्षा की कामानाएँ की । इस अवसर महिलाएँ दल के दल सुबह से ही पूजा सामग्री फूल , जनेऊ , मिट्टी के निर्मित घोड़ा, पेड़ा, गुड़ चढ़ाया । गौरतलब यह किया यहाँ बाह्मण पूजा नहीं करते यहाँ परम्परागत रजवार समुदाय के वंशज पूजा करते है । पुजारी पटल रजवार व रवि रजवार सभी को बारी -बारी पूजा कराते व मंगल टीका लगाया । कहा जाता है कि रात बाबा गढवे साहेब घोड़ा चढ़कर गांव की पहरेदारी करते है ताकि लोग चैन रह सकें । दिगर बात यह है कि गांव प्रवेश द्वार पर मंदिर है । इलाके लोग जब कहीं बाहर भ्रमण करने जाते तो इनका स्मरण करते है । कोई भी शुभ कार्य के पूर्व जय बाबा गढ़वे साहेब नाम श्रद्धा-भक्ति के साथ लेते है । 1934 ई गढ़वे बाबा का मंदिर का निर्माण किया गया । संरक्षण तत्कालीन राजा [रानी मंदाकिनी ] परिवार देख-रेख है । इस अवसर मेले में गुपचुप , चाट बच्चों लुफ्त उठाया वही महिला ओं ने जमकर प्रसाधन सिंगार आदि खरीददारी की । मौके पर पूजा समिति के संयोजक राकेश सिंह , मिहिर रजवार ' कारू रजवार , चपटु रजवार के अलावे भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में समीक्षा बैठक संपन्न, बुजुर्गों को वितरित किए गए सहायता उपकरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** आयुष्मान आरोग्य मंदिर पंचमाधव बसरिया में गुरुवार को स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय वार्ड सदस्या पूनम देवी ने की। बैठक में क्षेत्र में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं, आयुष्मान सेवाओं तथा जमीनी स्तर पर मिल रही सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में स्वास्थ्य कर्मियों एवं सहियाओं ने भाग लिया और अपने-अपने कार्यक्षेत्र में चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। इस दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, नियमित स्वास्थ्य जांच, दवा उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में मौजूद प्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप एवं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद बुजुर्गों के बीच सहायता उपकरणों का वितरण किया गया, जिससे बुजुर्गों को दैनिक जीवन में सहूलियत मिल सके। मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने अपने संबोधन में कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाओं का मजबूत केंद्र बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बुजुर्गों, दिव्यांगों और जरूरतमंद लोगों को समय पर सहायता उपकरण उपलब्ध कराना प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कर्मी, सहिया, संत एवं अन्य स्थानीय लोग भी मौजूद थे।

# मकर संक्रांति पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का भाजपा नेता टोनी जैन ने किया सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग/कोडरमा, झारखंडः-** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को भाजपा नेता टोनी जैन ने उनके कोडरमा स्थित आवास पर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आत्मीय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिला, जहां पर्व की शुभकामनाओं के साथ जनसेवा और संगठनात्मक कार्यों पर भी चर्चा हुई।बीभाजपा नेता टोनी जैन ने केंद्रीय मंत्री को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व नई ऊर्जा, समर्पण और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में देश एवं राज्य में विकास और जनकल्याण के कई कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मकर संक्रांति जैसे पर्व हमें समाज में सकारात्मकता, आपसी भाईचारे और सेवा भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जनहित में निरंतर कार्य कर रही है और आने वाले समय में विकास योजनाओं को और अधिक गति दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू गोप, जिला महामंत्री सुमन कुमार, सोनू गुप्ता ने भी बधाई दी।

# सचिव गौशाला केन्द्रों का खाता बही 26 जनवरी से पूर्व सही करें अन्यथा होगी विभागीय कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद प्रतापगढ़ के गौपूलिंग की ग्राम पंचायतों में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिवों के साथ बैठक की गयी। बैठक के समय सम्बन्धित ग्राम पंचायत में संचालित गौशाला की कैशबुक खाताबही का परीक्षण भी किया गया। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी ने परीक्षण में पायी गयी कमियों को 26 जनवरी से पूर्व सही करने के निर्देश दिये और कहा कि निर्धारित अवधि तक गौशालाओं का लेखा-जोखा कैशबुक सही न पाये जाने पर दोषी व लापरवाह सचिव के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### जल निगम के ठेकेदार से मारपीट

**नाली निर्माण कराते समय हुआ विवाद**

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला आजादपुरा द्वितीय में रहने वाले अमित कुमार पाल पुत्र शिवप्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका भाई अरूण पाल जल निगम में ठेकेदार है। बीते बुधवार 14 जनवरी को अपराह्न 1.30 बजे उसका भाई लेडियापुरा आजादपुरा द्वितीय में नाली का निर्माण करा रहा था। तभी वहां रहने वाला आनन्द राजपूत पुत्र कृपाल सिंह शराब के नशे में आया और उसके भाई अरूण को निर्माण कराने के लिए मना करने लगा, जिसका उसने विरोध किया तो आनन्द ने उसके भाई को गालियां दीं और लात-घूसों व लाठियों से मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान उसके भाई को सीने व शरीर में गंभीर चोटें आयीं, जिसको मौके पर आसपास के कई लोगों ने बीच-बचाव किया तो उक्त आनन्द उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। लोगों ने उसके भाई को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर उसके भाई को झांसी रेफर किया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आनन्द राजपूत के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दहेज की मांग करते हुये महिला से मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी के ग्राम जरया में रहने वाली पूजा पत्नी पुष्पेन्द्र अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 14 जनवरी को 11 से शाम 5 बजे तक उसके साथ घटना हुयी। घटना को लेकर उसने बताया कि उसका पति पुष्पेन्द्र पुत्र चन्द्रभान शराब पिये हुये था और उसे गालियां देते हुये दहेज में कुछ न देने की बात कहने लगा। जब उसने अपने पिता द्वारा सामर्थ्य अनुसार दान दहेज दिये जाने की बात कही तो पुष्पेन्द्र ने विरोध किया तो सास पुख्खन, ससुर चन्द्रभान, अनूपे अहिरवार ने उसके साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी को 6 साल हो गये हैं। घटना की सूचना उसने अपने भाई अभय को दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति, सास व ससुर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3), 85 व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बाइक की टक्कर से पति-पत्नी व पुत्र घायल

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम रामपुर मजरा लाटुआ में रहने वाले रमेश पुत्र रामदास कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 22 दिसम्बर 2025 की शाम करीब 6 बजे वह अपनी पत्नी शिवकुमारी व छोटा पुत्र अर्जुन का इलाज कराकर अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी. 94 ए.जे. 1876 से अपने घर लौट रहा था। आते समय रास्ते में ग्राम सेरवासकलां के पहले पुलिया के पास उसकी मोटर साइकिल आगे से ड्राईवर की लापरवाही से बाइक नम्बर यू.पी. 94 एफ 9993 ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह अपनी पत्नी व पुत्र के साथ खून से लथपथ हो गया। वहां मौजूद ग्रामीणों ने एम्ब्युलेंस के जरिए उन्हें सीएचसी तालबेहट पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर तीनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जिले में नकली गुटखा का गोरखधंधा जोरों पर

**ललितपुर।** जिले में नकली गुटखा मंगाने वालों का गोरखधंधा जोरों पर है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिबंधित जर्दा युक्त गुटखा खुलेआम बाजारों में प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर बेचा जा रहा है और आम लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि जिले में टैक्स बचाने के चक्कर में चोरी छिपे बिना प्रपत्र या एक ही प्रपत्र पर कई बार गुटखा माल मंगाने का कारोबार भी खूब चल रहा है। जिससे शासन को हर माह करोड़ों रुपयों की टैक्स की चपत लग रही है। जनपद में एक दर्जन से अधिक प्रकार की कम्पनी के जर्दा और गुटखा और पान मसाला बिक रहा है। सूत्रों का यह भी कहना है कि जिले के अधिकांश गुटखा झांसी, मऊरानीपुर व कानपुर से मंगाया जाता है। जबकि कई कंपनियों के गुटखा मध्य प्रदेश के शहरों से भी मंगाए हैं। जिले में वर्तमान में प्रतिष्ठित कंपनियों के पान मसाला बेचा जा रहा है। हालांकि इन सभी पान मसाला पाउच के साथ तम्बाकू के अलग पाउच भी दिया जा रहा है, जो लोग खुलेआम पान मसाला के साथ तम्बाकू मिक्स करके खा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार जनपद में नकली गुटखा का भी खूब गोरखधंधा चल रहा है, जिसे प्रशासन द्वारा अनदेखा किया जा रहा है।

## जनपद को दो दिनों में मिलेगी बड़ी सौगात

**● एनएच 44 पर कैलगुवां ओवरब्रिज की एक लेन का कार्य हुआ पूर्ण : कमिश्नर**

**कमिश्नर ने कैलगुवां ओवरब्रिज को पैदल चलकर देखा**

**निरीक्षण के समय राज्यमंत्री, सदर विधायक, डीएम व एसपी रहे मौजूद**

**आगामी दिनों में आमजन के लिए ओवरब्रिज का होगा संचालन, जाम की समस्या से मिलेगी निजात**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** आमजन की सुविधा, यातायात सुरक्षा तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विगत दिनों मंडलायुक्त झांसी मंडल विमल कुमार दुबे ने प्रदेश के राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के साथ एनएचएआई झांसी द्वारा एन.एच. 44 पर कैलगुवा रोड पर निर्मित ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने अपने विगत निरीक्षण के दौरान ललितपुर की जनता से वादा किया था कि वह 15 जनवरी को पुनः ललितपुर आएंगे और ओवरब्रिज के निर्माण कार्य व संचालन को देखेंगे, इसके लिए उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को भी सख्त निर्देश दिए थे कि 15 जनवरी तक पुल के संचालन हेतु 24×7 कार्य करें, जिसके फलस्वरुप आज 15 जनवरी को उन्होंने अपना वादा पूरा किया और ओवरब्रिज का कार्य अपने अंतिम चरण में है। मण्डलायुक्त ने कहा कि आगामी कुछ ही दिनों में ओवरब्रिज पूरी तरह से तैयार हो जाएगा और जनता की सेवा के लिए समर्पित हो जाएगा। इसके लिए उन्होंने जनपद के जनप्रतिनिधियों के प्रयासों वी एनएचएआई के अधिकारियों की दिन-रात की गई मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्यमंत्री और सदर विधायक के प्रयासों से जल्द ही यह सौगात जनता को समर्पित होने जा रही है। राज्यमंत्री ने कहा कि यह ओवरब्रिज काफी समय से अधूरा था, जिससे जिले में यातायात की समस्या उत्पन्न हो गई थी, जनता की समस्याओं का संज्ञान लेकर एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया गया गया कि वे निर्धारित समय में इस काम को पूरा करें, जिससे यातायात की समस्या दूर हो सके। अधिकारियों की मेहनत का नतीजा है कि आज यह ओवरब्रिज पूरा होने जा रहा है। सदर विधायक ने कहा कि पूर्व में ओवरब्रिज की धीमी प्रगति के कारण मंडलायुक्त ने और फिर हमने जिलाधिकारी के साथ यहां का निरीक्षण किया था, अधिकारियों को चेतावनी भी दी थी, जिसकी परिणिति यह रही कि आगामी दिनों में इस पर वाहन चलना शुरू हो जाएंगे। यह ललितपुर के लिए बहुत बड़ी उपलब्धी होगी। इसके और शहजाद नदी के पुल के बन जाने से ललितपुर में जाम की समस्या पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि आज ओवरब्रिज के एक लेन का कार्य पूरा हो चुका है, आगामी दो से तीन दिनों में इसे ट्रैफिक के लिए खोल दिया जाएगा और जल्द ही दूसरी लेन का भी कार्य पूर्ण हो जायेगा। मा जनप्रतिनिधिगणों और मंडलायुक्त महोदय के विशेष प्रयास से यह संभव हो सका है। इस दौरान एसपी मो.मुश्ताक, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, एनएचएआई के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, मामला दर्ज




**ललितपुर।** तहसील तालबेहट के ग्राम तेरई निवासी कमला पत्नी कोमल कुशवाहा ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि उसका 18 वर्षीय पुत्र धीरज कुशवाहा 21 दिसम्बर की रात में ललितपुर से अपनी मोटर साइकिल नम्बर यू.पी.94 ए.ई. 5441 से आ रहा था। तभी तेरई फाटक के पहले मालवा ढ़ाबा के पास पहुंचा ही था कि रात करीब 9.57 बजे किसी अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पुत्र धीरज की मौके पर ही मौत हो गयी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 106 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## एक ही वक्त दो जगह सड़क हादसे, महरौनी में मचा हड़कंप

**● बाइक सवार दो युवक व ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड गंभीर घायल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी।** महरौनी कस्बे में एक ही समय पर दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। इन दुर्घटनाओं में कुल तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पहली घटना महरौनी कस्बे के तालाब के पास की है। जानकारी के अनुसार दो युवक बाइक से नाराहट से कुंडेश्वर की ओर जा रहे थे। तालाब के समीप अचानक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महरौनी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी घटना महरौनी तहसील अंतर्गत बानपुर मार्ग पर पुतलीघाट में लगे मेले के पास हुई। यहां ड्यूटी पर तैनात एक होमगार्ड को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही लोगों ने पुलिस को अवगत कराया और घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे भी जिला अस्पताल रेफर किया गया। दोनों घटनाओं की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस द्वारा मामलों की जांच की जा रही है, वहीं होमगार्ड को टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश भी जारी है। लगातार हो रहे सड़क हादसों से क्षेत्रवासियों में चिंता का माहौल बना हुआ है।

## नदी और मानसरोवर में आस्था की डुबकी और भक्ति का संगम

**● मकर संक्रांति पर बेतवा व जलाशयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

**हजारिया महादेव में लगा भक्तों का सैलाब**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**तालबेहट।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर क्षेत्र में आस्था और श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। शुभ मुहूर्त में भोर से ही लोगों ने मानसरोवर, बेतवा नदी सहित अन्य जलाशयों में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान-ध्यान के बाद श्रद्धालुओं ने भजन-पूजन, दान-पुण्य कर मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। क्षेत्र के प्रसिद्ध हजारिया महादेव मंदिर में सुबह से देर शाम तक भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। वहीं मालनी देवी मंदिर माताटीला, मेहरावन माता मन्दिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। मंदिर परिसरों में जयकारों और भजनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। मकर संक्रांति के अवसर पर हजारिया महादेव मंदिर प्रांगण में विशाल खिचड़ी भंडारों का आयोजन किया गया। भक्तों ने मकर संक्रांति की कथा सुनी और जरूरतमंदों को दान-पुण्य किया। गुरुवार तड़के से ही श्रद्धालु स्नान कर पूजा-अर्चना में जुट गए थे।

**11वें खिचड़ी भोज में उमड़ी हजारों की भीड़**

हजारिया महादेव मंदिर के बाहर हजारिया महादेव भक्त समिति द्वारा आयोजित 11वें विशाल खिचड़ी भोज में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति द्वारा लगातार 11 वर्षों से इस भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। भंडारे में स्वादिष्ट खिचड़ी के साथ गुड़, विभिन्न फल, सब्जियों का अचार और पापड़ श्रद्धालुओं को प्रसादी के रूप में वितरित किए गए। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति सदस्य भानू प्रताप गोस्वामी, सुरेन्द्र लिटौरिया, रामबिहारी पुरोहित, आलोक पाठक, शिक्षक राकेश द्विवेदी, अमरीश राय, कपिल मिश्रा, महेन्द्र सोनी, यशपाल जैन, नरेन्द्र दीक्षित, संजू गुप्ता, कक्का अग्रिहोत्री, शिक्षक नेता विजय मिश्रा, मनोज गुप्ता सहित अन्य का सराहनीय सहयोग रहा। वहीं मेहरावन माता मंदिर पर आयोजित खिचड़ी भोज में भी देर शाम तक श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। यहां आकाश त्रिपाठी, मोनल गोस्वामी, विकास त्रिपाठी, बंटी नामदेव, राहुल गुप्ता, मोंटू चौबे सहित अन्य लोगों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

**घाटों पर रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था**

मकर संक्रांति के मद्देनजर शासन के निर्देश पर स्नान घाटों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई। पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी पूरे समय तैनात रहे। नदियों और तालाबों पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए कई स्थानों पर तैराकों की भी ड्यूटी लगाई गई थी। अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए पुलिस ने घाटों पर कड़ी चौकसी बरती।

## 11वें भव्य अंतरराज्यीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का रोमांचक फाइनल के साथ हुआ समापन

**● महरौनी में क्रिकेट का महाकुंभ संपन्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** नगर महरौनी के नाराहट रोड स्थित सी.बी. गुप्ता प्ले ग्राउंड पर आयोजित 11वें भव्य अंतराज्यीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का बुधवार, 14 जनवरी को फाइनल मुकाबले के साथ भव्य समापन हुआ। यह टूर्नामेंट 8 जनवरी से प्रारंभ होकर पूरे क्षेत्र में क्रिकेट प्रेमियों के लिए उत्सव का रूप बना रहा। टूर्नामेंट की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि सभी मुकाबलों का सीधा प्रसारण यूट्यूब एवं फेसबुक के माध्यम से किया गया, जिससे दूर-दराज के दर्शक भी लाइव मैचों का रोमांच देख सके। इससे स्थानीय खेल प्रतिभाओं को डिजिटल मंच पर नई पहचान मिली। रोमांचक फाइनल मैच का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीलम दुष्यंत बड़ोनिया द्वारा फीता काटकर किया गया। खिताबी मुकाबला परवई टीम एवं नौगांव टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नौगांव टीम ने 20 ओवर में 191 रन बनाए और परवई को 192 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए परवई टीम ने सधी हुई शुरुआत की, लेकिन लगातार विकेट गिरने के कारण पूरी टीम 182 रनों पर सिमट गई। इस तरह नौगांव टीम ने 9 रनों से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मुकाबला अंतिम ओवरों तक रोमांच और संघर्ष से भरपूर रहा। समापन अवसर पर विजेताओं का सम्मान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीलम दुष्यंत बड़ोनिया ने विजेता टीम को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मैच के दौरान सूर्यकांत त्रिपाठी (पत्रकार) एवं हृदेश गोस्वामी (शिक्षक) ने संयुक्त रूप से शानदार कमेंट्री कर दर्शकों का उत्साह बनाए रखा।

फाइनल मुकाबले में दर्शकों का अपार उत्साह देखने को मिला, खेल मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा। क्रिकेट प्रेमी न केवल मैदान में बल्कि आसपास की छतों पर भी डटे रहे और अंतिम गेंद तक मैच का आनंद लिया। यह दृश्य महरौनी में क्रिकेट के प्रति बढ़ते जुनून को दर्शाता है। आयोजन समिति का सराहनीय योगदान इस सफल आयोजन आयोजन समिति का विशेष योगदान रहा, जिसमें विनय दुबे भोले, अशोक साहू, आनंद पंडा, प्रदीप पटैरिया, पंकज रावत, लालू राजा, रानू हाशमी, जुवैद खान, आकाश साहू सहित आयोजन समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। आयोजनकर्ता के रूप में नगर पंचायत महरौनी, शिव सेवा समिति, शिव क्रिकेट महरौनी, एमसीसी महरौनी एवं महरौनी चैंपियन सहित विभिन्न समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। खेल भावना का संदेश यह टूर्नामेंट न केवल प्रतिस्पर्धा का मंच रहा, इस आयोजन ने क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ महरौनी को क्रिकेट मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाई।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण द्वितीय चरण की बैठक सम्पन्न, एसडीएम ने बीएलओ को दिए कड़े निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** तहसील महरौनी के सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के द्वितीय चरण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी (एसडीएम) रजनीश बाजपेई ने की, जिसमें तहसील क्षेत्र के समस्त बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) एवं कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे। बैठक के अंतर्गत बुधवार को विधानसभा क्षेत्र 227 महरौनी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मतदेय स्थलों के बीएलओ एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों के लिए निर्वाचक नामावली द्वितीय चरण की कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान एसडीएम ने निर्वाचन कार्य को गंभीरता से लेते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची की गहन जांच कर नामों में किसी भी प्रकार की त्रुटि का समय रहते सुधार किया जाए तथा पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से शामिल कराए जाएं। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें और नई उम्र पूर्ण कर चुके मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया को प्राथमिकता दें। एसडीएम ने यह भी बताया कि नागरिकों को मतदाता सूची में दर्ज अपने विवरणों की स्वयं पुष्टि करने तथा आवश्यक संशोधन हेतु आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी देना बीएलओ की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, ताकि त्रुटिरहित और अद्यतन मतदाता सूची तैयार की जा सके। बैठक में तहसील स्तर के समस्त बीएलओ, कंप्यूटर ऑपरेटरों के साथ-साथ राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## श्री अतिशय क्षेत्र गिरारगिरीजी में होगा आयोजन

**● 16 से 23 जनवरी तक 25 मंडलीय 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** श्रीदिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र गिरारगिरीजी में 16 जनवरी से 23 जनवरी 2026 तक 25 मंडलीय 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान, श्रीआदिनाथ स्वामी निर्वाणोत्सव, वार्षिक मेला, विश्व शांति महायज्ञ एवं भव्य रथोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागरजी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 समत्वसागरजी महाराज एवं मुनिश्री शीलसागरजी महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। धार्मिक विधि-विधानों का संचालन पंडित मनोज शास्त्री (बगरोही), पंडित देवेंद्र शास्त्री (मड़ावरा) तथा पंडित विकर्ष शास्त्री (सलेहा) द्वारा किया जाएगा। 17 जनवरी को सुबह भगवान श्री आदिनाथ स्वामी का निर्वाणोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया जाएगा। वहीं रात्रि में दिल्ली के मैजिशियन राजकुमार द्वारा प्रस्तुत मैजिक शो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। आयोजन समिति द्वारा महोत्सव के प्रमुख पात्रों का चयन कर लिया गया है। साथ ही 25 मंडलों के लिए 25 परिवारों का भी चयन किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में धर्मवीर एंड पार्टी (भोपाल) द्वारा संगीत सेवा तथा चक्रेश जैन (सोजना) द्वारा मंच संचालन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी ने बताया कि आयोजन में सान्निध्य प्रदान करने हेतु मुनि श्री 108 समत्वसागरजी महाराज ससंघ का मंगल पद विहार जारी है। 14 जनवरी को सैदपुर से साढूमल के लिए विहार हुआ तथा 15 जनवरी को प्रातः मड़ावरा में भव्य मंगल अगवानी की जाएगी। इस दौरान प्रदीप जैन, राजेश रज्जू, अभिषेक जैन, राजू सौरया, अजित जैन आदि मौजूद रहे।

## सूर्य नमस्कार के साथ सीता पाठ पर लगा परंपरागत मेला

**● हजारों का सैलाब उमड़ा मेले में, पुलिस ने किये सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गुरुवार को नगर के हृदय स्थल गोविंद सागर बांध पर परंपरागत तरीके से अगाध श्रद्धा के साथ मनाया गया। लोगों द्वारा सुबह से ही शुभ मुहूर्त में नदी, तालाबों, पोखरों में जाकर स्नान किया गया और भगवान की आराधना की गयी। वहीं तिल का दान किया गया, जगह-जगह खिचड़ी का वितरण भी किया गया। मकर संक्रांति के पर्व गोविंद सागर बांध की तलहटी में स्थित सीतापुर के धार्मिक स्थल पर मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान सीता पाठ मंदिर पर स्थित माता सीता मंदिर, बालाजी सरकार समेत हजारिया महादेव का अभिनव श्रृंगार किया गया तो वहीं यहां पर हजारों लोगों ने पहुंच कर गोविंद सागर बांध व सीतापाठ जलाशय में स्नान कर सूर्य नमस्कार किया। तो वहीं लोगों ने मंदिर पर प्रसाद चढ़ाया व खिचड़ी का वितरण किया गया। इधर रणछोर में भी महायज्ञ प्रारम्भ हो गया। इस दौरान मेला भी लगा। मेले में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सभी धार्मिक क्रियायें मन्दिर के महन्त की देखरेख में सम्पन्न हुई। कस्बा राजघाट में मकर संक्रान्ति पर्व पर मेला लगा। जिसमें हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। ब्रह्मलीन हुये सीतापाठ धाम के महन्त अमावशगिरी महाराज की समाधि स्थल पर भी लोगों ने पूजन-अर्चन किया। इस दौरान सीतापाठ के महन्त कृष्णागिरी महाराज ने कहा कि भूखों को भोजन अन्नदान रोगी को औषधि दान करने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि नगरवासी अपने कारण से जनपद सदैव ही प्राकृतिक आपदाओं एवं धार्मिक उन्माद, दंगा आदि से बुराईयों से बचा रहता है तथा यज्ञ अनवरत रहते हैं। इस अवसर अनेकों श्रृद्धालुगण मौजूद रहे।

## श्री नीलकंठेश्वर धाम मंदिर में श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ

**● मेले में खूब की खरीददारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाली।** विंध्याचल की वादियों में स्थापित भगवान भोलेनाथ के श्री नीलकंठेश्वर धाम मंदिर में एक दिवसीय मेले का आयोजन हुआ। मेले की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के नगर पंचायत पेयजल, खोया- पाया, सफाई आदि की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटी रही तो वहीं मेले को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए थाना पाली एसएचओ दीपक कुमार अपने पुलिस दलबल के साथ मौजूद रहे। कस्बे में शिवभक्तों की बड़ी आस्था का केंद्र भगवान भोलेनाथ के नीलकंठ धाम पर सुबह से ही शिवभक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। जहां श्रदालुओं में सीतामढ़ी आश्रम जलकुण्ड, नीलकंठ जलकुण्ड में आस्था की डुबकी लगाकर तिल स्नान कर पुण्य लाभ लिया और भगवान के दर्शन कर धर्मलाभ लिया। मेले में लोग हर हर महादेव के जयकारे बोल बम के जयकारों के साथ मेले का आंनन्द उठा रहे थे। मेले में सजी दुकानों पर जहां बच्चों को खेल खिलौने खूब भाए तो महिलाओं ने घर ग्रहस्थी, सौंदर्य सामग्री की खूब खरीददारी की। इन दिनों पाली क्षेत्र के जंगलों में तेंदुए विचरण की चर्चा बनी है, जिसके चलते वन विभाग ने एक सूचना जारी की। साथ ही वहां मौजूद कर्मचारियों ने लोगों को मेले क्षेत्र से आगे जंगली क्षेत्र में जाने से रोका। मेले का लुत्फ उठाने के बाद बच्चों और महिलाओं ने वहां पास बने पार्क में झूला पट्टी का खूब लुत्फ उठाया।

## सब्जी विक्रेता से बाइक सवारों ने की मारपीट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** पाली थाना के कस्बा में रहने वाले बृजेश कुमार पुत्र पप्पू ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि बीती 14 जनवरी की रात करीब 8 बजे वह मुख्य बस स्टेण्ड पर अपनी सब्जी की दुकान को बंद कर रहा था, तभी मोटर साइकिल अपाचे संख्या एम.पी.07 एन.एच. 5545 पर सवार होकर कस्बा निवासी ऋषिपाल पुत्र भज्जू पाल व सचिन एकराय होकर आये और उसे गाड़ी मार दी, जिस पर उसने देखकर चलने की बात कही। इसी बात को लेकर उक्त लोगों ने उसे गालियां दीं और चले गये। कुछ समय बाद उक्त लोग लौटकर आये और हाथों में लाठी-डण्डे व सरिया से उसके साथ मारपीट कर दी और सब्जी फेंकते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## जबरन मछली फ्राई कराने पहुंचे युवक से विवाद

**● दुकान में तोड़फ़ोड़ कर मारपीट कर धमकाने का आरोप**

**पुलिस ने दुकानदार की तहरीर पर दर्ज की एफआईआर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** मोहल्ला रावतयाना में रहने वाले आजाद पुत्र इब्राहीम ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि 14 जनवरी को शाम करीब 4 बजे जब वह मवेशी बाजार स्थित अपनी दुकान पर था कि तभी नदीपार निवासी अरबाज उर्फ पुत्तन पुत्र मुस्सन कच्ची मछली लेकर आया और उससे कहने लगा कि मछली फ्राई कर दो। जब उसने मना करते हुये कहा कि वह मछली फ्राइ नहीं करता है तो अरबाज ने जबरन कढ़ाई में मछली डाल दी और तेल गर्म होने के कारण उछल गया, जिससे वह जल गया। जब उसने मछली निकालकर वापस रख दी तो अरबाज ने उसकी दुकान पर बल्ला से तोडफोड़ कर दी और दुकान का सामान उठाकर फेंक दिया। इतना ही नहीं दुकान में रखी गुल्लक को भी फेंक दिया, जिससे पैसे गिर गये। उसके बाद पैर में बल्ला मार दिया, जिसमें उसे चोट आ गयी और फ्रेक्चर हो गयी। उसके बाद गालियां देने लगा। आरोप है कि उक्त अरबाज उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया, जिससे मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अरबाज के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) व 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर में खिचड़ी समारोह का आयोजन



**कानपुर।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर में दि. 15.1.2026 को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर संस्थान की विभागीय कैंटीन में एक खिचड़ी समारोह का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम को आकर्षक बनाते हुए संस्थान की विभागीय कैंटीन को पतंग और झालरों से सजाया गया। इस अवसर पर कैंटीन में खिचड़ी, दही-बड़ा, पापड़, गजक और तिल के लड्डुओं की विशेष व्यवस्था की गई। खिचड़ी भोज के अवसर पर निदेशक ने उत्तरायण होते सूर्य की आभा के समान सभी कर्मचारियों के सुखों में अभिवृद्धि की कामना की और शुभकामना दी। इस अवसर पर कैंटीन के निर्भय कुमार ने एक मधुर गीत एवं श्री अभिषेक ने समसामयिक व्यंग्यपरक रचना सुनाकर कार्यक्रम को और आनंदमय बना दिया। तत्पश्चात निदेशक महोदया ने कैंटीन कर्मियों को गजक के डिब्बे प्रदान कर संक्रांति की शुभकामनायें दीं। कार्यक्रम के अंत में मल्लिका द्विवेदी, कैंटीन सचिव ने इस विशिष्ट आयोजन को सफल बनाने हेतु निदेशक सहित सभी का आभार व्यक्त किया। इस विशेष आयोजन में निदेशक के साथ प्रो.अशोक कुमार, विनय कुमार, मिहिर मंडल, डॉ.अनंत लक्ष्मी रंगनाथन, विवेक प्रताप सिंह, कमलेश कुमार, अखिलेश कुमार पांडे, बृजेश सिंह, डॉ.लोकेश बाबर, अंबरीष कुमार अस्थाना एवं योगेश चंद्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में मल्लिका द्विवेदी, दया शंकर मिश्र, उमेश चंद्र पांडे, निर्भय कुमार एवं जानकी प्रसाद का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई पुनीत कार्य नहीं है : ग्राम प्रधान अमजद अली



**सिद्धार्थनगर।** जिले के नौगढ़ विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मधुवनी के ग्राम प्रधान अमजद अली ने गरीब असहाय लोगों में अपने तरफ़ से सैकड़ो कम्बल का वितरण किया कम्बल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मानव कल्याण से बड़ा कोई धर्म नहीं है, जरूरत मंदों की मदद करना ही मानवता की परिभाषा है। ठंड के मौसम में गर्म कपड़ों से वंचित समाज के हर तपके की मदद करना समाज के सभी सामर्थ्यवान लोगों का कर्तव्य है। उन्होंने ने कहा कि हर साल की भांति ठंड के मौसम में कंबल वितरण करता हु, गरीबों की सेवा से बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं होता, जब हमारे हाथ किसी की मदद के लिए उठता है तो उसका सुखद अनुभव होता है। गरीबों का कोई धर्म नहीं होता है। इस दौरान गयासुद्दीन, अकबर अली,मोहम्मद अयूब, मोहम्मद स्माइल, राम केवल, शमीम अहमद, मुरलीधर, वजीहुद्दिन, अकबर अली, ओबैदुर्रहमान, गनेश, मोहम्मद खुर्शीद, गयासुद्दीन, मोहम्मद अयूब सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जमुना देवी जन कल्याण समिति ने आयोजित किया विशाल खिचड़ी भोज



**कानपुर।** आज दिनांक 15 जनवरी 2026 को जमुना देवी जन कल्याण समिति द्वारा एक विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन बर्रा जरौली में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और एक साथ बैठकर खिचड़ी भोज का आनंद लिया।इस आयोजन का उद्देश्य समाज में समरसता, सौहार्द और आपसी सहयोग को मजबूत करना था। जमुना देवी जन कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील सोनी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देते हैं।इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने सैकड़ों लोगों को खिचड़ी वितरित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी दीपक एडवोकेट, राष्ट्रीय महासचिव उमेश सोनी, राष्ट्रीय सचिव डॉ आरके सिंह, राजेश शर्मा, डॉ.ए. एल.निषाद, दिनेश पांडे, महेंद्र सिंह यादव, नीलम मिश्रा, समाज सेविका रश्मि सोनी जी उपस्थित रहे।

# छत बने पावर हाउस, कानपुर में 64 मेगावाट सौर बिजली का उत्पादन

- 20,756 से अधिक घर बने पावर यूनिट, शहर की छतों से हो रहा विकेंद्रीकृत बिजली उत्पादन

**80 हजार टन कार्बन उत्सर्जन में कमी, 35 लाख पेड़ों के बराबर पर्यावरणीय लाभ**

**पीएम सूर्य घर योजना से बदल रही है कानपुर की बिजली तस्वीर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर नगर में बिजली उत्पादन का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत शहर की छतों पर स्थापित सोलर रूफटॉप सिस्टम से करीब 64 मेगावाट क्षमता की सौर बिजली तैयार हो रही है। अब तक जिले में 20,756 सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाए जा चुके हैं, जिससे उत्तर प्रदेश नेडा के आंकड़ों के अनुसार सोलर रूफटॉप स्थापना के मामले में कानपुर नगर प्रदेश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। शहर की छतें अब छोटे-छोटे पावर हाउस के रूप में उभर रही हैं। इस उपलब्धि पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने जनपदवासियों को बधाई दी है। ऊर्जा विशेषज्ञों के अनुसार 64 मेगावाट सौर उत्पादन सालाना लगभग 9.6 करोड़ यूनिट स्वच्छ ऊर्जा के बराबर है। मौजूदा बाजार दरों के आधार पर इस बिजली का वार्षिक आर्थिक मूल्य करीब 34 से 38 करोड़ रुपये आंका जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इतनी मात्रा में बिजली पारंपरिक स्रोतों से खरीदी जाए, तो सरकार, संस्थानों और उपभोक्ताओं को हर वर्ष इतनी बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती। छतों पर सोलर संयत्र स्थापित करवाने वाले लोगों के बिजली के बिल भी कम आ रहे हैं। फरवरी 2024 से शुरू हुई प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत जिले में सोलर रूफटॉप स्थापना की रफ्तार लगातार बनी हुई है। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 80 से 90 नए सोलर सिस्टम लगाए जा रहे हैं। व्यक्तिगत आवासों के साथ-साथ बहुमंजिला भवनों और हाउसिंग सोसाइटियों के कॉमन एरिया में भी सोलर सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे शहरी स्तर पर विकेंद्रीकृत बिजली उत्पादन का आधार मजबूत हो रहा है। ऊर्जा क्षेत्र के जानकारों के मुताबिक 64 मेगावाट सौर उत्पादन से सालाना करीब 80 हजार टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आती है, जिसे पर्यावरणीय दृष्टि से लगभग 35 लाख पेड़ों के बराबर लाभ माना जा रहा है। इसके अलावा इतनी क्षमता से प्रतिदिन औसतन 30 से 35 हजार शहरी घरों की बिजली जरूरत पूरी की जा सकती है। कोयला आधारित बिजली की तुलना में सौर ऊर्जा को सस्ती, प्रदूषण-मुक्त और दीर्घकालिक समाधान माना जा रहा है।

## सांसद डिंपल यादव के 48 वे जन्म दिवस पर पीडीए विचार गोष्ठी

- समता सदभाव समरसता से मिशन मजबूत होगा- हाजी फजल महमूद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** लोकसभा में सांसद समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय नेता एवं महिला सशक्तिकरण की ब्रांड एम्बेसडर डिंपल यादव के 47वे जन्म दिवस पर सपा कार्यालय 7 नवीन मार्केट में शाम 4:00 बजे सपा महानगर पदाधिकारियों महिला संगठनों फ्रंटल संगठनो वार्ड अध्यक्षों प्रबुद्ध अधिवक्ताओं शिक्षकों का पीडीए विचार गोष्टी सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में आरंभ हुआ। विचार गोष्टी का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने विचार गोष्टी को संबोधित करते हुए कहा कि सांसद डिंपल यादव के जन्मदिन पर उनके संघर्ष पर चर्चा करते हुए कहा कि समता सदभाव समरसता को बढ़ावा देकर पीडीए मिशन को आगे बढ़ाकर लोकतंत्र को मजबूत तथा संविधान के प्रति प्रत्येक अनुच्छेदों का अध्ययन व शिक्षण अभियान चलाकर शिक्षित होने का युवा पीढ़ी को संदेश दिया। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने संबोधन में कहा कि माननीय डिंपल यादव जी ने मैनपुरी लोकसभा मे एतिहासिक जीत दर्ज कर देश की आधी आबादी को गौरवान्वित किया है और लोकसभा सदन मे हमेशा महिला सशक्तिकरण की चर्चा की और उनकी भयावह बदहाल स्थिति पर मजबूती से आवाज उठाकर सदन का ध्यान आकर्षित किया। विचार गोष्टी में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद प्रदेश सचिव के के शुक्ला,पूर्व विधायक कल्लू यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी, कुतुबुद्दीन मंसूरी, परमवीर सिंह, एहसान खान, आनंद शुक्ला सत्यनारायण गहरवार महेंद्र सिंह, रजत मिश्रा, विनय गुप्ता,शादाब आलम, दीपक खोटे, अरमान खान, कीर्ती अग्निहोत्री, उदय द्विवेदी, राजेश गोंड कश्यप, शिवकुमार बाल्मिक, मुमताज मंसूरी, अजय श्रीवास्तव, मुकेश दीक्षित, निहाल यादव, नीरज गुप्ता, तुषार श्रीवास्तव, आदर्श यादव, कृपाशंकर यादव, आसिफ सिद्दीकी, गुड्डू यादव, प्रवीण मिश्रा, चंदन बादशाह, तारिक गुड्डू, राजू पहलवान, जस्वेन्द्र निषाद आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण- रुक्मिणी विवाह कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर ।** भनवापुर क्षेत्र के डिवलीडीहा मिश्र ग्राम में चल रहे श्रीमद्भागवत महापुराण में बुधवार रात कथा व्यास पंडित राकेश शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह उत्सव का वर्णन किया। रुक्मिणी विवाह का कथा सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गये।भगवान श्रीकृष्ण रुक्मिणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। भागवत कथा के सांतवे दिन कथा स्थल पर रुक्मिणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपारशक्ति रहती है यदि कोई कमी रहती है वह मात्र संकल्प की होती है संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। उन्होंने रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर विस्तृत विवरण दिया।रुक्मिणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुक्मिणी के भाई रुकमि ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था। लेकिन रुक्मिणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल श्रीकृष्ण को पति के रूप में वरण करेंगी। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है और द्वारिकाधीश भगवान कृष्ण सत्य मार्गी है इसलिए वह असत्य को नहीं सत्य को, भगवान द्वारकाधीश ने रुक्मिणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया और उन्हें पत्नि के रूप में अपना कर प्रधान पटरानी का स्थान दिया। रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर आगे कथावाचक ने कहा इस प्रसंग को श्रद्धा के साथ श्रवण करने से कन्याओं को अच्छे घर और वर की प्राप्ति होती है और दांपत्य जीवन सुखद रहता है। इस दौरान पर गायत्री प्रसाद मिश्र, इंद्रावती देवी, पं.केशवानंद त्रिपाठी, आचार्य अमित पांडेय, पं.शिवपूजन दूबे, पं.राजन शास्त्री, महांथ मिश्र, डॉ.रमेश मिश्र, आदि मौजूद रहे।स्र

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर-** जिले के बांसी कोतवाली क्षेत्र के बांसी रोडवेज चौराहे पर गुरुवार को एक सड़क हादसे में 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला अपने बेटे के साथ मोटरसाइकिल पर सवार थी, तभी एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे महिला सड़क पर गिर कर चोटिल हो गई, पथरा थाना क्षेत्र के सिसई कला गांव से महिला अपने बेटे के साथ बांसी आ रही सोनमती देवी 65 वर्ष पत्नी स्व रामदास जैसे ही बांसी रोडवेज चौराहे पर पहुंचीं, पीछे से आ रहे ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद सोनमती देवी मोटरसाइकिल से गिर गईं और ट्रक का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौजूद लोगों और पुलिस की मदद से गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल 50 शैय्या युक्त संयुक्त चिकित्सालय बांसी ले जाया गया। जहाँ अस्पताल में डॉक्टर आर. के. सिंह ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला नगर पालिका बांसी के रानीगंज की निवासी थीं। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक की टीम मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में ले लिया। हालांकि, ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे के कार्रवाई की जा रही है।

## प्रोजेक्ट प्रवीण योजना के तहत छात्रों को दिया जा रहा नि:शुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला समन्वयक/नोडल प्रधानाचार्य उ0प्र0 कौशल विकास मिशन आलोक कुमार ने बताया है कि व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जीआईटीआई में कुल13 व्यवसाय में प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा प्रत्येक 15 दिवसों में कैम्पस सेलेक्शन के अब तक लगभग 200 लोगों को सेवायोजित कराया गया है। साथ ही वर्तमान में राजकीय निजी प्रशिक्षण संस्थानों में 6-6 माह का नवीन शार्ट टर्म ट्रेनिंग डोम पायलट, ड्रोन टेक्नीशियन एवं डाटा इन्ट्री आपरेटर का कोर्स संचालित कराया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी अभी भी एडमिशन ले सकते हैं। उन्होने बताया है कि वर्तमान में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन में एसएसडीएफ योजनान्तर्गत फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में मल्टीस्किल टेक्नीशियन-फ्रूट्स एण्ड वेजीटेबल्स कोर्स, ग्रीन जॉब्स सेक्टर के सोलर पीवी इन्सटालर (सूर्यमित्र) कोर्स, इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर के फील्ड टेक्नीशियन कम्प्यूटिंग एण्ड पेरिफेरल्स कोर्स में प्रशिक्षणार्थियों को कौशल प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को उ0प्र0 कौशल विकास मिशन से सर्टिफिकेट उपलब्ध कराते हुये उन्हें रोजगार स्वरोजगार में नियोजित कराया जायेगा। योजना का लाभ लेने हेतु https://www.upsdm.gov.in पर अधिकाधिक संख्या में छात्र/छात्राओं को पंजीकरण कराने की अपील की गई है। उन्होने यह भी बताया है कि प्रोजेक्ट प्रवीण योजना के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अध्यनरत कक्षा 9 एवं 11 के छात्र/छात्राएं कौशल वर्द्धन हेतु नि:शुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये राजकीय गर्ल्स इण्टर कालेज प्रतापगढ़, राजकीय गर्ल्स इण्टर कालेज बरदहा, राजकीय हायर सेकन्ड्री स्कूल लोहंगपट्टी, राजकीय इण्टर कालेज चन्दीगोविन्दपुर, राजकीय गर्ल्स इण्टर कालेज खरवई, राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़, राजकीय हायर सेकेन्ड्री स्कूल सुल्तानपुर एवं श्री चन्द्रभूषण सिंह महाराज राजकीय गर्ल्स इण्टर कालेज गौरा में छात्र/छात्राओं को आईटी-आईटीइएस सेक्टर के डिजिटल मित्र कोर्स में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## ट्रांसफार्मर में लगी आग, ठप हुई विद्युत आपूर्ति



**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के हाइवे पर लगा ट्रांसफार्मर गुरूवार की सुबह अचानक धू-धू कर जलने लगा। कस्बावासियों ने इसकी सूचना विद्युत विभाग के साथ ही फायर बिग्रेड को दी। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने आग पर काबू पाया।नगर में वन विभाग कार्यालय के सामने हाइवे किनारे लगा ढ़ाई सौ केवीए का ट्रांसफार्मर सुबह करीब ग्यारह बजे अचानक जलने लगा। इससे तहसील, नेताजीपुरम, वन विभाग कार्यालय समेत ढ़ाई सौ से अधिक घरों में विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी। सूचना मिलने पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जेई बसन्तलाल का कहना है कि वन विभाग के आसपास बंदरों की संख्या अधिक होने और इनके तार पर झूलने के चलते शार्टसर्किट से ट्रांसफार्मर जल गया। ट्रांसफार्मर का मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति बहाल करायी जाएगी।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत 18 जनवरी को बूथ डे, 3770 बूथों पर मौजूद रहेंगे बीएलओ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची से जुड़े कार्यों के लिए 18 जनवरी को बूथ डे आयोजित किया जाएगा। इस दिन जनपद के सभी 3770 मतदेय स्थलों पर संबंधित बीएलओ सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक अपने-अपने बूथों पर मौजूद रहेंगे। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आमजन बूथ पर पहुंचकर मतदाता सूची से संबंधित कार्य करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की आलेख्य (ड्राफ्ट) मतदाता सूची का प्रकाशन 6 जनवरी 2026 को किया जा चुका है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नए मतदाताओं का पंजीकरण, नाम हटाने, प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार, पता परिवर्तन और डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र से जुड़े आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि नए मतदाताओं के लिए प्रारूप-6, नाम अपमार्जन के लिए प्रारूप-7 तथा प्रविष्टि सुधार, पता परिवर्तन अथवा डुप्लीकेट पहचान पत्र के लिए प्रारूप-8 भरकर 6 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय अथवा बीएलओ के पास जमा किया जा सकता है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत वे सभी व्यक्ति पात्र हैं, जो 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं या कर लेंगे। इसके अतिरिक्त 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर की अर्हता तिथियों के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र युवाओं से भी प्रारूप-6 प्राप्त कर नियमानुसार उनके नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे।

## शिवली में चौकीदार किसान हत्याकांड के महिला समेत सभी आरोपी भेजे गए जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**कानपुर।** मामूली विवाद में हुए मलिकपुर गांव निवासी 55 वर्षीय किसान देवकीनंदन पासवान हत्याकांड का पुलिस की परिश्रम पूर्ण सक्रियता ने सटीक खुलासा कर दिया है। इस मामले में शिवली कोतवाल प्रवीन कुमार सिंह की अगुवाई में एसआई योगेंद्र कुमार द्वारा पुलिस टीम के साथ छापा मारकर गिरफ्तार किये गये इन आधा दर्जन आरोपियों के पास से 4 मोबाइल, एक हजार रुपये व हत्या में प्रयुक्त दो डंडा भी बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिवली कल्याणपुर मार्ग पर स्थित सुरभि एजूकेशन सेंटर में चौकीदार देवकीनंदन की पत्नी ममता तथा गोविंद सिंह की पत्नी संगम के बीच कहासुनी होने के साथ ही मारपीट हो गई थी। जिस पर गोविंद सिंह की पत्नी संगम के बुलाने पर आए नई बस्ती मिर्जापुर थाना कल्याणपुर कानपुर नगर में रह रहे उसके भाई आकाश छोटू, विजय सिंह उर्फ गोरे उसके साथी ग्राम गंगरौली थाना गजनेर हाल पता बारा सिरोही थाना कल्याणपुर निवासी अमन, ग्राम अठावल थाना ललौली जिला फतेहपुर हाल पता सनिगवां थाना चकेरी कानपुर नगर निवासी अनूप सिंह आदि ने देवकीनंदन पासवान की झोपड़ी पर धावा बोल, देवकीनंदन उसकी पत्नी ममता, पुत्री गोमती, खुशबू बेटू तथा पुत्र सूरज को मारपीट कर घायल कर दिया था। बाद में उपचार के दौरान देवकीनंदन की मौत हो गई थी ,जिसके बाद पुलिस ने पहले से दर्ज मारपीट के मुकदमे में हत्या की धारा तरमीम कर उनकी तलाश कर रही थी।

अवगत कराते चलें कि सभी हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने के रूप में कानपुर देहात की जिस थाना शिवली पुलिस को यह महत्व पूर्ण सफलता मिली आजकल उस शिवली थाने की कमान हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार, व्यवहार कुशल प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर प्रवीन कुमार के हाथ में है। सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अपनी जुझारू नौकरी के अबतक कार्यकाल में अनेक अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके जुझारू इंस्पेक्टर प्रवीन कुमार सिंह यादव के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया। इसी के साथ उनकी कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही वह जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं। वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते। यही वजह है कि इंस्पेक्टर प्रवीन कुमार की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है।

## मनरेगा की बहाली के लिए मनरेगा बचाओ संग्राम हेतु चौपाल आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने व कमजोर करने के विरोध में गुरुवार को सड़वा चंडिका ब्लॉक अध्यक्ष मो. कासिम के आह्वान पर माँ चंडिका देवी धाम मण्डल अध्यक्ष शुभम शुक्ला के काशीपुर व संडवा चंडिका न्याय पंचायत अध्यक्ष सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में तिवारीपुर ग्रामसभा में दर्जनों जाबकार्ड धारक 'मनरेगा बचाओ संग्राम' चौपाल में उपस्थित हुए।कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से गरीब मजदूर पूरी तरह से परेशान है,हम सरकार से मांग करते हैं कि मनरेगा को अधिकार आधारित कानून के रूप में पूरी तरह बहाल किया जाए। काम के अधिकार और पंचायतों के संवैधानिक अधिकारों को पुनः स्थापित किया जाय।डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि मनरेगा कोई चैरिटी नहीं, बल्कि कानून द्वारा प्रदत्त गारंटी है। इस योजना से करोड़ों गरीबों को अपने गांवों में रोजगार मिला, पलायन रुका, ग्रामीण मजदूरी बढ़ी और महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता मजबूत हुई।

मनरेगा बचाओ संग्राम के कोऑर्डिनेटर व जिला महासचिव चंद्रनाथ शुक्ल ने कहा कि 'मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने का प्रयास, केंद्र की घटती वित्तीय जिम्मेदारी और ग्राम सभा के अधिकारों की कटौती सभी कदम गरीबों, मजदूरों और गांधी जी की विचारधारा पर सीधा हमला है। कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी और चौपाल के माध्यम से इसका विरोध जारी रखेगी। 'चौपाल में मुख्य रूप से जिला सचिव राम चंदर वर्मा , भारत शुक्ल, कृष्णा कुमार शुक्ल, सड़वा चंडिका ब्लॉक अध्यक्ष मो.कासिम, मण्डल अध्यक्ष शुभम शुक्ल, न्यायपंचायत अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, सुरेन्द्र गुप्ता, लल्लन मिश्र, रज्जब अली, सुनीता हेला, श्यामा प्रसाद, श्याम लाल, नीरज शुक्ल, कृष्णा कुमार बौद्ध, सरवर अली, मो. रसीद खान, मो.शकील, मो. हामिद खान, दया शंकर गुप्ता,अजय प्रजापति, किरण गुप्ता, गुड्डा देवी, करमेयता देवी, जोहरा बेगम, हमीदुल बेगम, मुकेश हेला सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार एसआईआर के नाम पर लोकतंत्र पर पहुंचा रही चोट-प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि एसआईआर के जरिए भाजपा आयोग से मिलीभगत कर लोकतंत्र पर चोट पहुंचा रही है। उन्होने कहा कि गरीब और कमजोर तबके के लिए मनरेगा योजना वरदान साबित हुई थी। उन्होने कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा आजीविका सुरक्षा गारण्टी में अधिनियम को हटाकर इसे सामान्य अन्य योजनाओं की तरह अब ले आयी है। उन्होने कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार को छीनना और मजदूरों के हाथ से काम के सुरक्षित अधिकार वापस लेना भाजपा का सबसे बड़ा छल व कपट है। गुरूवार को सांगीपुर में सामुदायिक भवन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित एसआईआर तथा मनरेगा परिचर्चा मे बोलते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एसआईआर की समय सीमा इसलिए साल दो साल करने का सुझाव दिया था कि देश का एक भी सही मतदाता मताधिकार से वंचित न रह सके। उन्होने बतौर उदाहरण कहा कि अकेले उत्तर प्रदेश में ही पौने तीन करोड़ मतदाताओं का नाम एसआईआर के जरिए मतदाता सूची से हटाया गया है। उन्होने कहा कि लोकतंत्र में राजा और रंक का वोट संविधान में बराबरी का दर्जा रखता है। उन्होने कहा कि भाजपा संविधान और संवैधानिक संस्थानों को कमजोर बनाने का खतरनाक इरादा लिए हुए है।कहा कि स्वायत्तशाषी संवैधानिक संस्थाएं आज मोदी सरकार के इशारे पर अपनी स्वतंत्रता तथा निष्पक्षता व विश्वसनीयता खोती जा रही है। वही उन्होने मनरेगा योजना को बंद करने के मोदी सरकार के फैसले को गरीब मजदूर के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात करार दिया। उन्होने कहा कि डॉ0 मनमोहन सिंह की सरकार के सबसे बडे और महत्वपूर्ण फैसले को पलटने के लिए भाजपा को गरीब मजदूर कभी माफ नही करेगा।सांसद प्रमोद तिवारी ने सवालिया अंदाज में कहा कि आखिर भाजपा को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम से आखिर इतनी चिढ़ क्यों है। उन्होने कार्यकर्ताओं से मनरेगा योजना को बंद करने और एसआईआर के नाम पर भाजपा के अलोकतांत्रिक हथकण्डे को जनता के बीच पहुंचाने का आहवान किया। इसके पहले ब्लाक कांग्रेस कमेटी की ओर से सांसद प्रमोद तिवारी को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दृगपाल यादव व संचालन प्रधानाचार्य डॉ0 अमिताभ शुक्ल ने किया। परिचर्चा में ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू, रामकृपाल पासी, लल्लन सिंह, रिंकू सिंह परिहार ने भी अपने विचार रखे। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने लखहरा में दुर्गा मंदिर में हो रही सामूहिक श्रीमदभागवत कथा में भी शामिल हुए। वहीं उन्होने बाबा घुइसरनाथ धाम में मत्था टेका। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, रामबोध शुक्ला, गुडडू सिंह, लालगंज प्रमुख अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, आशीष उपाध्याय, छोटे लाल सरोज, त्रिभु तिवारी, रोहित सिंह, श्यामा देवी, अरविंद मिश्र, अशोकधर द्विवेदी, आशुतोष मिश्र, राजू मिश्र आदि रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## प्रगति मैदान दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेला में 'सर्वोदय साझा संग्रह' पुस्तक का हुआ विमोचन

### हमीरपुर की संस्था सर्वोदय साहित्य सेवा संस्थान ने जाहिर की खुशी




**हमीरपुरः-** मकरसंक्रांति के अवसर पर राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित विश्व पुस्तक मेला में लेखक मंच के भव्य कार्यक्रम में हमीरपुर की संस्था सर्वोदय साहित्य सेवा संस्थान हमीरपुर की पुस्तक सर्वोदय साझा संग्रह का लोकार्पण किया गया यह कार्यक्रम सर्वोदय साहित्य संस्थान हमीरपुर के प्रबंधक कमल किशोर 'कमल 'की मौजूदगी में भारत और विश्व के जाने माने साहित्यकार गरिमामयी उपस्थिति ने चार चांद लगा दिए।उक्त पुस्तक का प्रकाशन दिल्ली के स्वतंत्र प्रकाशन ने किया।प्रकाशक सुशील स्वतंत्र ने पुस्तक के सफल संपादन के लिए प्रबंधक कमल किशोर सहित साझा संग्रह में शामिल सभी रचनाकारों को हार्दिक बधाई प्रेषित की। सर्वोदय साझा संग्रह के सफल लोकार्पण की सूचना पाकर संस्था के अध्यक्ष जगदीश चंद्र जोशी, कोषाध्यक्ष पंकज अनुराग, उपाध्यक्ष कंचन गुप्ता एवं रणविजय चक्रवर्ती, संरक्षक देवीदीन अविनाशी, सदस्य देवनारायण सोनी, संदीप कुमार, रामराज एवं उप प्रबंधक देशराज रचनाकार सहित जनपद वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। यह पुस्तक शिक्षक एवं कवि कमल किशोर के संपादकत्व में संस्था द्वारा प्रकाशित पहली पुस्तक है।

## अरतरा गांव में खुली पुलिस चौकी, पांच गांव हो सकते हैं शामिल



**हमीरपुरः-** मौदहा क्षेत्र की बडी आबादी वाले गांव अरतरा और पढोरी चौकी तथा मौदहा कोतवाली से काफी दूर बसे तिलसरस गांव के लिए अरतरा चौकी खुल जाने से पुलिस की पहुंच आसान हो जाएगी और लोगों को त्वरित पुलिस सहायता मिल सकेगी जिसके चलते अरतरा गांव में पुलिस चौकी का उद्घाटन किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अरतरा में खुली नयी पुलिस चौकी का ग्राम प्रधान महेश्वरीदीन प्रजापति ने फीता काटकर उद्घाटन किया जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के बडी आबादी वाला गांव अरतरा और सुदूरवर्ती बसे तिलसरस, परछछ, चिल्ला डेरा में पुलिस को पहुंचने में काफी समय लगता था खासकर बारिश के दिनों में अरतरा अण्डर पास में पानी भर जाने के कारण जहां कोतवाली पुलिस को पहुंचने में मुश्किल होती थी तो वहीं नदी में पानी होने के कारण पढोरी चौकी से पुलिस को पहुंचना भी आसान नहीं था। जिससे लोगों को त्वरित पुलिस सहायता नहीं मिल पा रही थी उसी समस्या के समाधान के लिए पुलिस विभाग ने अरतरा में पुलिस चौकी खोलने का निर्णय किया जिसका मकर संक्रांति के दिन ग्राम प्रधान महेश्वरीदीन प्रजापति ने फीता काटकर उद्घाटन किया। और धार्मिक अनुष्ठान के बाद चौकी में उपस्थित सभी को प्रसाद और खिचड़ी वितरण की गई जबकि मनोज मिश्र को नयी पुलिस चौकी का पहला चौकी प्रभारी बनाया गया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह,जीशान अली, सहित पुलिस स्टाफ और ग्रामीण मौजूद रहे।

## 32 वर्षीय युवक की संदिग्ध मौत, घर में लटका मिला शव

उरई( जालौन )- आटा थाना क्षेत्र के करमेर गांव में बुधवार को 32 वर्षीय युवक का शव उसके ही घर में फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान मंजीत अहिरवार पुत्र स्व. हरिश्चंद्र अहिरवार के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। जानकारी के मुताबिक, मंजीत अहिरवार गांव स्थित अपने पैतृक मकान में अकेला रहता था जबकि उनकी पत्नी प्रियंका उरई में निवास करती हैं। बुधवार दोपहर खेत से लौटे चाचा प्रेमचंद्र ने जब कमरे का दरवाजा खोला तो पंखे के कुंदे से रस्सी के सहारे मंजीत का शव लटका मिला। घटना की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची आटा थाना पुलिस ने प्रारंभिक जांच की। मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया जिसने कमरे की बारीकी से जांच कर आवश्यक साक्ष्य संकलित किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह आत्महत्या का मामला है या किसी अन्य कारण से मौत हुई है। आटा थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। साथ ही, मृतक की पारिवारिक और सामाजिक परिस्थितियों की भी जांच की जा रही है ताकि मामले से जुड़े सभी पहलुओं पर सच्चाई सामने आ सके।

# ग्राम पंचायत करकटी में भ्रष्टाचार जम कर

### ● नाली निर्माण कार्य में लोकल सरिया और घटिया क्वालिटी का सृमेंट हो रहा इस्तेमाल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**






**शहडोल।** जिले के करकटी पंचायत में नाली निर्माण कार्य हो रहा हैं जिसकी कीमत 3 लाख 79 हजार रुपये हैं जिसकी कुल लंबाई 120 मीटर के आसपास बताई गई हैं। जहाँ एक ओर ग्राम पंचायतों में हो रहे भ्रष्टाचार का प्रतिदिन कोई न कोई ग्रामीण के द्वारा बार बार विरोध करने के बाद भी कार्यवाही नहीं हैं जिससे भ्रष्टाचार करने वाले कि मनोबल बढ़ाने लगता हैं और वही मनोबल एक दिन किसी बड़े भ्रष्टाचार का एक हिस्सा बन जाता हैं।

नाली निर्माण कार्य मे भारी भ्रष्टाचार का हिस्सा बना हुआ हैं। आपको बता दें कि इस निर्माण कार्य में जो नाली निर्माण कार्य एस्टीमेट में दिखाया गया है उस प्रकार से नाली का निर्माण न करवाकर अपने मनमाने तरीके से करवाया जा रहा है, जिससे कि कम लागत में नाली का निर्माण किया जा सके और मैच कुछ ही महीना में नाली ढह जाने की स्थिति भी बनी रहेगी। जिससे यह साफ वक्त कहता है कि जिले में बैठे अधिकारी और निर्माण कार्य करवा रहे ग्राम पंचायत की संयुक्त मिली भगत से इस भ्रष्टाचार को एक अंजाम तक पहुँचाने की प्रयन्त किया जा रहा हैं।

**अधिकारियों की साठ गाठ से पंचायत सचिव की बल्ले बल्ले**

ग्राम पंचायत में हो रहे इस निर्माण कार्य की बात करें तो इस निर्माण कार्य मे सचिव को कुछ जानकारी ही नहीं आपको बता दे कि नाली की निर्माण कार्य मे भारी भ्रष्टाचार हो रहा हैं लेकिन लाख विरोध के बाद भी पंचायत अपने रवैये से बाज नहीं आ रहा।

**ग्राम पंचायत को पता ही नहीं कि एस्टीमेट में क्या मटेरियल दिखाया गया**

प्राप्त सूचना के आधार में नाली में लग रहे मटेरियल और इस्टीमेट की जानकारी ग्राम पंचायत को पता ही नहीं की कहां पर क्या मटेरियल लगाना है और कितना लगाना है , ये ग्राम पंचायत को पता ही नहीं , आपको बता दे कि महज 120 मीटर की नाली एक सांप सीढ़ी की डिजाइन दिया गया और बात करें मटेरियल की तो लोकल सरिया लगाया जा रहा जिसकी कितने फिट में लगाना हैं और कितना लगाना हैं भगवान भरोसे चल रहा हैं। इनका कहना हैं- जब इस संबंध में बात किया गया तो इनका कहना था कि ये जो काम हो रहा हैं इसके बारे में उपयंत्री को ही ज्यादा पता हैं मेरे को कुछ खास नहीं पता फिर भी मैं दिखवाता हुँ। एसडीओ शुभम शर्मा

## पुरानी रंजिश में युवक को शराब पिलाकर की हत्या



**हमीरपुरः-** बीते बुधवार रात सुमेरपुर कस्बा के बांकी मार्ग में शराब पीने के बाद युवकों के मध्य हुए विवाद के बाद युवक की हत्या किए जाने पर युवक के पिता ने पुरानी रंजिश में चार लोगों के खिलाफ हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया है। बुधवार की बीती रात करीब 9:30 बजे बांकी मार्ग में पानी टंकी के सामने वार्ड संख्या 18 के निवासी सुमित यादव 24 पुत्र राजबहादुर यादव की शराब पिलाने के बाद लोहे की राड से प्रहार करके हत्या कर दी गई थी। मृतक के पिता राजबहादुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसके पुत्र से पड़ोसी संतोष साहू रंजिश रखता था। इसी ने महेंद्र गुप्ता, विष्णु प्रसाद, भोला निषाद के साथ मिलकर पुत्र की हत्या की है। पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है बाकी की तलाश कराई जा रही है। उधर गुरुवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया। शाम को उसका कस्बे के मोक्ष धाम में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक अपने पीछे माता-पिता भाई बहन को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक दो भाइयों में छोटा था और ट्रक चलाकर परिवार के भरण पोषण में सहयोग करता था।

# बकहो वार्ड क्र.5 के आवास योजना की गड़बड़ी को कमिष्नर कलेक्टर ने संज्ञान में लिया

### ● जिला पंचायत सी.ई.ओ.एस.डी.एम. राजस्व ने शीघ्र आवास हटाने की पहल की

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिनेश चौधरी की रिपोर्ट**




**शहडोल- बुढ़ार-** म.प्र. में इन दिनों अजय गजब का मौहाल जहां सुनने को मिलता था, वहीं प्रदेष के मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के द्वारा आवास योजना में पारीदर्षिता के साथ कार्य करने के लिए प्रषासन के देखरेख में आवास योजना के मकान बनते हैं, लेकिन बकहो नगर परिषद अंतर्गत वार्ड क्र.5 टिकुरी टोला, में कई ऐसे आवास निर्मित हो चुके है या निर्माणाधीन है जिसकी देख रेख नगर परिषद व राजस्व दोनों न कर गलत ढंग से नियम विरूद्ध आवास योजना में सहयोग करने जैसी बातो को लेकर संभागीय कमिष्नर व जिला कलेक्टर से पट्टेधारक ने लिखित षिकायत कर शीध्र गलत पट्टे में निर्मित आवास योजना को शीघ्र बेदखल कर कार्यवाही की मांग की गई है, गलत ढ़ंग से दूसरे की जमीन पर बने आवास को शीघ्र हटाने एवं आवास योजना में लिप्त गढ़बड़ी करने वालों के ऊपर कार्यवाही करने के लिए जिला पंचायत सी.ई.ओ. एवं एस.डी.एम. सोहागपुर ने सख्ती दिखायी है। जिससे नगर परिषद व राजस्व की नींद हराम हो चुकी हैं दूसरे के पट्टे में आवास बनाने वाले लोगां ने नगर परिषद व आवास की मंजूरी देने वाले अधिकारियों को गलत खसरा व जानकारी देकर धोखाधड़ी करने का साहस किया है, जिस पर शीघ्र पुलिस प्रकरण कायम कर कार्यवाही होगी।

इस संबंध में नगर परिषद बकहो एवं राजस्व से जानकारी लेने पर यह स्पष्ट हुआ कि जिन लोगों ने वार्ड क्र.5 में आवास योजना के तहत मकान निर्मित कर रहे उनमें रोहणी कोल, रानी कोल, सकुन कोल, संध्या कोल, प्रेमलाल कोल, सुबेलाल कोल, संतोष कोल, का नाम प्रमुखता से आने पर शीघ्र आवास के मकानों को रद्द कर पट्टेधारक की जमीन को सुरक्षित देकर आवास योजना की गड़बड़ी करने वालों के ऊपर प्रषासन द्वारा शीघ्र कार्यवाही की बात सामने आ चुकी है।

## पटेल नगर विधायक प्रवेश रत्न ने प्रेम नगर में बढाया विकास कार्य की रफ़्तार बर्षो से टूटीं सड़क सीवर से लोग थे परेशान



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बादल हुसैन**

**पटेल नगर** विधानसभा के प्रेम नगर गली नंबर 21 में विकास कार्यो की रफ्तार तेज हो गई है। पटेल नगर विधानसभा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के विधायक प्रवेश रत्न व निगम पार्षद कविता चौहान, और स्थानीय निवासी के साथ मिलकर ड्रेनेज और सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन नारियल तोड़ कर किया। इस अवसर पर काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे और विधायक प्रवेश रतन को पार्षद कविता चौहान को फूल मालाओं से स्वागत किया।और इस विकास कार्यो के लिए जनप्रतिनिधि को धन्यवाद देते हुए हर्ष व्यक्त किया।इस मौके पर विधायक ने लोगों की समस्याएं भी सुनी और समाधान करने का भरोसा दिया। कहा कि अब प्रेम नगर वार्ड में काम पहले होगा, ब्यान बाद में। वहीं निगम पार्षद कविता चौहान ने कहा की जनता की बुनियादी समस्याओं का स्थाई समाधान सुनिश्चित करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है, क्षेत्र के विकास से जुड़े ऐसे कार्य निरंतर आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर काफी संख्या में स्थानीय निवासी व संबंधित विभागीय अधिकारी शामिल थे।

## बाल्मीकि कल्याण महासभा ने मनाया स्थापना दिवस

**कोंच(जालौन):** भारतीय बाल्मीकि कल्याण महासभा का 9वां स्थापना दिवस गुरुवार को स्थानीय सरोजनी नायडू पार्क में मनाया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष दीपू पेंटर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर व महर्षि बाल्मीकि के चित्र पर उपस्थित लोगों ने पुष्प अर्पित किये, तदुपरांत केक काटकर महासभा का स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान वक्ताओं ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने व बच्चों को हर परिस्थिति में अच्छी शिक्षा दिलाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष नरेंद्र आगवान, राजू बग्गन, अमर सिंह, नगर अध्यक्ष रामबाबू नाहर, भीमू मिहोलिया, नीरज बाल्मीकि, शिवा नाहर, विशाल करौसिया, नरेश नरया, कपिल, आशीष बाल्मीकि, अवध किशोर, बुद्धसिंह, अजय आगवान, नैतिक आदि मौजूद रहे।

# एकतरफा मुकाबले में हुई नागपुर की जीत, कोरिया हुई प्रतियोगिता से बाहर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**शहडोल बुढार।** नगर के स्व. कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में खेली जा रही अखिल भारतीय विधायक गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला क्वार्टर फाइनल नागपुर और डीसीए कोरिया के बीच खेला गया, मैच में नागपुर की टीम ने कोरिया की टीम को हर मामले में पछाड़ते हुए शानदार जीत हासिल की।

**टॉस जीतकर नागपुर ने चुनी बल्लेबाजी**

मैच का टॉस नागपुर ने जीता, पिच का मिजाज भांपते हुए नागपुर के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, पगले बल्लेबाजी करते हुए नागपुर की टीम ने निर्धारित बीस ओवरों में छह विकटों के नुकसान पर 195 रन बनाए, नागपुर की तरफ से सलामी बल्लेबाज आकिब खान ने 51 रन,हिमांशु ने 48 एवं राठी ने 37 रनों का योगदान दिया , कोरिया की ओर से गेंदबाज राज ने 2 विकेट लिए।

**नागपुर की गेंदबाजी के सामने ढेर हुई कोरिया**

184 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोरिया की टीम को नागपुर के गेंदबाजों ने जमकर परेशान किया और कोरिया के दोनों सलामी बल्लेबाजों को 15 रनों के भीतर ही पवेलियन की राह दिखा दी , शुरुआती झटकों से कोरिया की टीम पूरे मैच के दौरान नहीं उबर पाई और 16 वें ओवर में ही 100 रनों पर आल आउट हो गई , कोरिया की ओर से बल्लेबाज राज ने ही कुछ देर तक संघर्ष किया और अपनी टीम के लिए 30 रन बनाए , नागपुर की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए कुणाल ने 3 और आर्य तथा अथर्व ने 2-2 विकेट लिए इस तरह इस मुकाबले को नागपुर की टीम ने 95 रनों ने जीत लिया नागपुर टीम की ओर से शानदार आलराउंड प्रदर्शन करने वाले कुणाल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया, जिन्हें चाट दी हट्टी कैफे के प्रोपराइटर संदीप आहूजा ने पुरस्कृत किया।

**ये रहे टीमों के प्रायोजक** टूर्नामेंट में आज कोरिया टीम के प्रायोजक जिला पंचायत शहडोल के सभापति जगन्नाथ शर्मा रहे जबकि नागपुर टीम के प्रायोजक दीपक मांझी (लालू) एवं पवन चीनी रहे।

मैच में अंपायरिंग आनंद त्रिपाठी और नृपेंद्र सिंह ने की, जबकि मैच का आंखों देखा हाल कलाम मोहम्मद, अजय द्विवेदी और सुधीर शर्मा ने सुनाया। मैच के स्कोरिंग का दायित्व मो. याहया एवं राहुल दुबे ने संभाला। पिच क्यूरेटिंग का जिम्मा अमृतांशु मिश्रा और साहिल ताम्रकार ने संभाला।

# पत्नी की प्रताड़ना से परेशान पति ने लगाई न्याय की गुहार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**उरई(जालौन)-** एक पति ने अपनी पत्नी पर अवैध धन की मांग, झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी, मानसिक प्रताड़ना और अवैध संबंधों का आरोप लगाया है। पति ने पुलिस से शिकायत कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने के साथ ही अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है।

राहुल पटेल निवासी ग्राम पचीपुरा कलां थाना कोंच ने एसपी ऑफिस में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका विवाह वर्ष 2023 में मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से संपन्न हुआ था। विवाह का उसी वर्ष उप-निबंधक कार्यालय में पंजीकरण भी कराया था। राहुल के अनुसार, विवाह के एक-दो माह बाद ही पत्नी का व्यवहार उसके प्रति बदल गया। वह लगातार झगड़ा करने लगी और उससे अवैध रूप से धन की मांग करने लगी। राहुल का आरोप है कि धन न देने पर पत्नी ने उसे झूठे एससीएसटी एक्ट और दहेज उत्पीड़न के मामलों में फंसाने की धमकी देना शुरू कर दिया। राहुल ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी का एक युवक के साथ अवैध संबंध है। राहुल का कहना है कि उसकी पत्नी कई-कई सप्ताह तक घर से गायब रहकर उसी के साथ रहा करती थी। राहुल के अनुसार, अक्टूबर 2023 में पत्नी ने उससे दस लाख रुपये की मांग की और घर का कीमती सामान व जेवरात लेकर अपने उस प्रेमी युवक के साथ घर छोड़ कर चली गई थी। ऐसे हालातों में विवश होकर उसने न्यायालय में तलाक का वाद दायर कर दिया था। जिसको लेकर पत्नी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई और फिर मामला परिवार परामर्श केंद्र के पास पहुंच गया था। राहुल का कहना है कि परामर्श केंद्र में समझौते के प्रयासों के बावजूद उसकी पत्नी का व्यवहार नहीं बदला और जनवरी 2024 में एक बार फिर धन की मांग को



लेकर विवाद पत्नी ने विवाद किया। पति राहुल ने अपनी शिकायत में पत्नी पर ब्लैकमेलिंग, जान से मारने की धमकी देने और अराजक तत्वों से उसकी पिटाई करवाने की साजिश रचने के आरोप लगाए हैं। राहुल ने पुलिस अधीक्षक से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने, झूठी कानूनी कार्यवाही से बचाने और उसके तथा उसके परिवार की जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## कन्नौज के विकास ने कलाजंग मार बाराबंकी के सुरेश को किया चारों खाने चित्त





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुरः-** मुस्करा विकासखण्ड क्षेत्र के महेरा गांव में बृहस्पतिवार के दिन पुरानी बस्ती की पानी टंकी के पास एकदिवसीय दंगल का आयोजन हुआ।दंगल में क्षेत्र-आसपास के नामी गिरामी पहलवान हुए शामिल हुए।दंगल का शुभारंभ पीएनवी कॉलेज के प्रबंधक अजयपाल राजपूत ने पहलवानों के हांथ मिलवाकर किया। पहली कुश्ती बांदा के अंकित पहलवान और लोधामऊ के संगम के बीच हुई ,जिसमें संगम पहलवान ने बाजी मारी।धौहल के अमर सिंह और बरेली के बादल के बीच हुई कुश्ती बराबरी पर छूटी। वहीं बाराबंकी से आए पहलवान सुरेश और कन्नौज से आए पहलवान विकास के बीच कांटे का मुकाबला हुआ, जिसमें सुरेश ने आखिरी क्षणों में बाराबंकी के सुरेश को कलाजंग मारकर चारों खाने चित्त कर दिया।उसके बाद धौहल के नीरज और गोरखपुर के संजय के बीच हुआ मुकाबला बराबरी पर छूटा। गोरखपुर से आए पहलवान संजय व नीरज पहलवान धौहल के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा। इनके अलावा भी हुई लगभग एक दर्जन कुश्तियों ने दर्शकों का खोइब मनोरंजन कराया।दंगल का समापन राठ विधायक मनीषा अनुरागी ने पहलवानों की पुरुष्कार देकर किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी, मुस्करा जिला पंचायत सदस्य करन दद्दू, मंडल अध्यक्ष शक्ति चौरसिया मौजूद रहे हैं ,पुष्पेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## नगर कांग्रेस कमेटी ने किया खिचड़ी भंडारे का आयोजन

**टूण्डला-** नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा मैन बाजार टूण्डला बलदेव रोड पर मकरसंक्रांति के उपलक्ष में खिचड़ी के भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष जमील अब्बास व महासचिव कन्हैया शर्मा ने नगर वासियों को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने इस दौरान कहा कि मकर संक्रांति त्याग सेवा और एकता का पर्व है। इसी भावना के तहत जरूरतमंदों और राहगीरों को खिचड़ी वितरित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। स्थानीय नागरिकों ने कांग्रेस नगर इकाई की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और जरूरतमंदों को सहयोग मिलता है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष जमील अब्बास नगर, महासचिव कन्हैया शर्मा, कोषाध्यक्ष फिरोज खान, नगर उपाध्यक्ष नवीन भारद्वाज, नगर मंत्री शानू भाई आदि लोग मौजूद रहे।

## हमारी संस्कृति, हमारी पहचान थीम में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिलाधिकारी ने विजेताओं को किया सम्मानित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**हमीरपुरः-** संस्कृति विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश द्वारा हमारी संस्कृति हमारी पहचान थीम पर राजकीय महिला महाविद्यालय सभागार में गुरुवार के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रुचि रखने वाले कलाकारों की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में तहसील हमीरपुर, राठ, मौदहा, सरीला के कलाकारों द्वारा प्रतिभाग किया गया,एकल गायन, समूह गायन,एकल लोकगायन, नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने सभी विजेताओं को पुरूस्कृत किया। विजेताओं में तहसील हमीरपुर में सुगम संगीत एकल में , पूर्वी तिवारी प्रथम स्थान पर , श्रेया सोनकर द्वितीय स्थान पर, निर्मल बौद्ध तृतीय स्थान पर रहे। तहसील राठ में लोकगायन एकल में, खूबचन्द्र प्रथम पर, सरस्वती द्वितीय स्थान पर , प्राची तृतीय स्थान पर रही। तहसील राठ में शास्त्रीय वादन एकल में, अंश सोनी प्रथम स्थान पर , हर्ष पांचाल द्वितीय स्थान पर , ऋषिराज राजपूत तृतीय स्थान पर रहे।

तहसील मौदहा में लोकगायन एकल में, हर्षिता प्रथम स्थान पर, शानू निषाद द्वितीय स्थान पर, रामा देवी तृतीय स्थान पर रही। तहसील मौदहा में सुगम संगीत एकल में, स्तुति प्रथम स्थान पर, लक्ष्मी द्वितीय स्थान पर, ऋषभ शुक्ला तृतीय स्थान पर रहे। तहसील मौदहा में लोकनृत्य समूह में, अनामिका, आर्या ग्रुप प्रथम स्थान पर, अवनी गुप्ता ग्रुप द्वितीय स्थान पर, श्रेया तृतीय स्थान पर रही। जनपद हमीरपुर में लोकगायन एकल में, हर्षिता प्रथम स्थान पर, खूबचन्द्र द्वितीय स्थान पर, सरस्वती तृतीय स्थान पर रही। जनपद हमीरपुर में, सुगम संगीत एकल में, स्तुति प्रथम स्थान पर, पूर्वी तिवारी द्वितीय स्थान पर, श्रेया सोनकर तृतीय स्थान पर रही।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बुंदेलखंड की लोकसंस्कृति का झलक संस्कृति उत्सव में देखने को मिली है, ऐसे आयोजन से नवीन पीढ़ी को अवसर मिलता है। पर्यटन सूचना अधिकारी डा चित्रगुप्त ने किया सभी का आभार व्यक्त किया।उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को दिनांक 17-19 जनवरी को मण्डल पर आयोजित मण्डलीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

## पुलिस ने पीएसी बल के साथ नगर की सड़कों पर किया पैदल मार्च



**कोंच(जालौन):** गोकशी की घटना के बाद नगर में बने तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए बुधवार देर शाम कोतवाली पुलिस ने पीएसी बल के साथ नगर की सड़कों पर पैदल मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने आमजन से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुदरा बुजुर्ग में गोकशी की घटना सामने आई थी, जिसके बाद एक समुदाय में रोष और भीतर ही भीतर तनाव की स्थिति बनी हुई है। इसी को ध्यान में रखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बुधवार शाम क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस एवं पीएसी बल ने नगर के मिश्रित आवादी वाले क्षेत्र व प्रमुख मार्गों तथा बाजार क्षेत्रों में पैदल मार्च किया। पैदल मार्च के दौरान सीओ ने आम नागरिकों, व्यापारियों और दुकानदारों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं और आश्वस्त किया कि नगर व क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह या अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह सहित कोतवाली पुलिस के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति पर जगह-जगह हुआ खिचड़ी भण्डारा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुरः-** आज मकर संक्रांति के मौके पर जनपद में सामाजिक संस्थाओं द्वारा जगह-जगह स्टॉल लगाकर लोगों को खिचड़ी वितरित की गई। खिचड़ी खाकर लोगों ने आयोजकों की जमकर सराहना की। मकर संक्रांति का पर्व राठ नगर की तहसील परिसर में एसडीएम अभिमन्यु कुमार व सीओ राजीव प्रताप सिंह ने,उ0प्र0 उद्योग व्यापार मंडल राठ द्वारा उत्सव पैलेस में चोपड़ा मंदिर में जिलाध्यक्ष के0जी0 अग्रवाल के नेत्रत्व में नगर अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता, महामन्त्री रहमत वेग, प्रमोद बजाज, रामगोपाल गुप्ता, सुरेश खेवारिया, भोले चाचा, अयूब भाई, सप्पू भाई, सईद अंसारी, नौसे खा, राजेंद्र गुप्ता, शिवशरण सोनी, उमाशंकर गुप्ता, राजेश अग्रवाल, मनोज सोनी, धनंजय सोनी, अशोक गुप्ता, मनोज आनंद, अमरजीत अरोरा, सेठ कैलाश चंद अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, साहित सैकड़ों व्यापारियों ने, नगर के पड़ाव चौराहा में गोविंद स्वीट के संचालक संतोष कुमार के साथ क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत,विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर व परमानंद अनुरागी ने, नगर के रामलीला मैदान में विश्व हिंदू परिषद के जिला सहसंयोजक सचिन शर्मा के नेतृत्व में तथा समाज वादी पार्टी के मुलायम सिंह यूथ विग्रेड के नि0जिलाध्यक्ष दानिस खान के नेत्रत्व में सपाइयों ने राहगीरों को खिचड़ी वितरित की। वहीं मौदहा कस्बा और आसपास के गांवों में गुरुवार को मकरसंक्रांति के मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने नदियों, तालाबों में स्नान के बाद खिचड़ी सहित अन्य वस्तुओं का दान किया वहीं इस मौके पर जगह-जगह पर खिचड़ी भोज आयोजित किया गया है।

बताते चलें कि मौदहा कस्बा सहित आसपास के गांवों में मकरसंक्रांति का



त्यौहार 14 और 15 जनवरी को मनाया गया है। हालांकि अधिकांश लोगों ने यह त्यौहार 15 जनवरी गुरुवार को मनाया है। जिसमें लोगों ने अपने आसपास की नदियों, पोखरों और तालाबों में डुबकी लगाई गई। इसके साथ ही सुबह से ही मंदिरों में पूजा अर्चना और खिचड़ी सहित अन्य वस्तुओं के दान का सिलसिला दिन भर जारी रहा है। मकरसंक्रांति पर कस्बा के बड़ा चौराहा स्थित अनुरागी मार्केट,चर्च कंपाउंड शांति नगर स्थित पीपलेश्वर मंदिर, बड़ी देवी मंदिर,छोटी देवी मंदिर,सिजनौडा बजरंग आश्रम सहित अन्य दर्जनों स्थानों पर आयोजित किए गए खिचड़ी भोज में लोगों का उत्साह देखने को मिला है।